ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 07 ● विक्रम संवत 2080 ● सोमवार, 04 दिसम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-48 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

'एनिमल' में खलनायक का किरदार निभाने के पेज 10 पर ...



## गागर में सागर

### शूटर अमन सिंह के हत्यारे की हुई पहचान, पुलिस जांच में जुटी

**धनबाद।** एक सप्ताह पूर्व जिस जेल में छापेमारी के दौरान चुनौटी और सिर्फ चम्मच मिला था आखिर उसी जेल में एक सप्ताह के भीतर नामीग्रामी अपराधी की एक दो नहीं, बल्कि छह गोलियां मार कर हत्या कर दी जाती है, वो भी दिनदहाड़े। रविवार की दोपहर करीब तीन बजे पूर्व मेयर नीरज सिंह हत्याकांड के मुख्य आरोपित और शूटर अमन सिंह जिसके खिलाफ धनबाद के विभिन्न थानों में हत्या और रंगदारी के दर्जनों मामले दर्ज है, उसकी अज्ञात अपराधियों द्वारा जेल की चहारदीवारी के भीतर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस संबंध में घंटों धनबाद जेल में तफ्तीश कर बाहर निकले उपायुक्त वरुण रंजन और वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजीव कुमार ने कहा कि गोली चलाने वाले कि पहचान कर ली गई है। इससे लगातार पूछताछ जारी है। घटना में शामिल अन्य आरोपियों और कारण को लेकर तफ्तीश जारी हैं।

### तेलंगाना में भाजपा के 3 सांसदों और एटाला राजेंदर को करना पड़ा हार का सामना

**हैदराबाद।** भाजपा के सभी तीन सांसदों और उसके प्रमुख नेता एटाला राजेंदर को तेलंगाना विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और करीमनगर के सांसद बंदी संजय करीमनगर निर्वाचन क्षेत्र में बीआरएस उम्मीदवार और नागरिक आपूर्ति मंत्री गंगुला कमलाकर से 4,000 से अधिक वोटों से हार गए। बंदी संजय को कुछ महीने पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद से हटा दिया गया था और उनकी जगह केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी को नियुक्त किया गया था। किशन रेड्डी को छोड़कर भाजपा ने अपने सभी सांसदों को विधानसभा चुनाव में उतारा था। निजामाबाद के सांसद अरविंद धरमपुरी, जिन्होंने 2019 में निजामाबाद लोकसभा क्षेत्र में केसीआर की बेटी के. कविता को हराया था, कोराटला निर्वाचन क्षेत्र में बीआरएस के कल्वकुंतल संजय से 10,000 से अधिक मतों से हार गए। आदिलाबाद के सांसद सोयम बापू राव बोथ निर्वाचन क्षेत्र में बीआरएस के अनिल जाधव से 22,800 वोटों से हार गए। हालांकि, भाजपा ने 2018 में अपनी संख्या एक से बढ़ाकर आठ कर ली, लेकिन उसे बड़े झटके भी लगे। इसने अपने दो मौजूदा विधायकों को खो दिया, जो उपचुनाव में चुने गए थे। पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक एटाला राजेंदर हुजूराबाद की सीट बरकरार रखने में असफल रहे, वह बीआरएस के पी. कौशिक रेड्डी से 16,873 वोटों से हार गए। भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य और पार्टी की चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र को भी गजवेल में हार का सामना करना पड़ा। वे मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव से 42,352 मतों के भारी अंतर से हार गए। 2021 में मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर किए जाने के बाद राजेंद्र ने बीआरएस छोड़ दिया और भाजपा में शामिल हो गए। उसी वर्ष हुए उपचुनाव में उन्होंने भाजपा उम्मीदवार के रूप में हुजूराबाद सीट बरकरार रखी थी। इस जीत से भाजपा को बड़ा प्रोत्साहन मिला था और भगवा पार्टी ने खुद को बीआरएस के एकमात्र व्यवहार्य विकल्प के रूप में पेश करना शुरू कर दिया था।

### देश की सबसे बड़ी बुद्ध प्रतिमा का बोधगया में हुआ अनावरण

**गया।** देश की सबसे बड़ी बुद्ध प्रतिमा का रविवार को बिहार के बोधगया स्थित बुद्धा वेलफेयर मिशन के प्रांगण में भव्य तरीके से अनावरण किया गया। विभिन्न देशों के बौद्ध शीर्ष धर्म गुरुओं ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का अनावरण किया. इस मौके पर देश-विदेश के सैकड़ों की संख्या में बौद्ध भिक्षु उपस्थित थे, जिन्होंने धार्मिक मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह प्रतिमा 100 फीट की है, जो भगवान बुद्ध के शयन मुद्रा में स्थापित की गई है।

**100 फीट लंबी है बुद्ध की प्रतिमा :** इस मौके पर बुद्धा वेलफेयर मिशन के फाउंडर सेक्रेटरी भंते आर्यपाल ने बताया कि बोधगया अवस्थित बुद्धा वेलफेयर मिशन के परिसर में स्थापित इस प्रतिमा के निर्माण में 2 साल लगे हैं। कोलकाता से आए हुए 22 कारीगरों ने इस मूर्ति का निर्माण किया है। यह मूर्ति 100 फीट लंबी और 30 फीट ऊंची है।

# मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भाजपा को बहुमत

- तेलंगनाना में कांग्रेस को मिला स्पष्ट बहुमत
- मिजोरम विधानसभा चुनाव के वोटों की गिनती आज



**नई दिल्ली।** 2024 के लोकसभा चुनाव के पूर्व सेमी फाइनल कहे जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में रविवार को चार राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगना का परिणाम आ गया। इसमें भाजपा को पहले तीन राज्यों में शानदार जीत मिली जबकि तेलंगाना में कांग्रेस को बहुमत मिला है। मिजोरम विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती सोमवार सुबह शुरू होगी जिसके लिए सभी 11 जिलों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एच. लियानजेला ने कहा कि महिलाओं सहित चार हजार से अधिक अधिकारियों को लगाया गया है जो रविवार सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती के लिए राज्य भर के 13 केंद्रों पर तैनात रहेंगे। चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार, रात 8 बजे तक मध्य प्रदेश में भाजपा 128 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत का आंकड़ा पार कर चुकी है। वहीं कांग्रेस 38 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है। राज्य की 168 सीटों पर मतगणना पूरी हो चुकी है और 62 सीटों पर अभी भी मतगणना चल रही है। जीत और निर्णायक बढ़त के अनुसार यहां भाजपा को 163 सीट मिल रही है जबकि कांग्रेस को 66 सीट। राजस्थान में भाजपा 115 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत का आंकड़ा पार कर चुकी है। वहीं कांग्रेस 68 सीटों पर जीत चुकी है। वहीं बसपा को 2 सीटों पर जीत मिली है। राजस्थान में 198 सीटों पर मतगणना पूरी हो चुकी है और सिर्फ एक सीट पर मतगणना बाकी है। छत्तीसगढ़ में भाजपा 34 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है। 20 पर निर्णायक बढ़त बनाए हुए है। इस तरह यहां आंकड़ा 54 पहुंच रहा है वहीं कांग्रेस के पाले में 36 सीटें आ रही हैं। तेलंगाना में कांग्रेस 64 सीटों पर जीत दर्ज कर बहुमत हासिल कर चुकी है। वहीं बीआरएस को 39 सीटों पर जीत मिली है। भाजपा को 8 सीटों पर जीत मिली है और एआईएमआईएम को 5 सीटों पर जीत मिली है। राज्य की 119 सीटों में से 108 सीटों पर मतगणना पूरी हो चुकी है।

## आज की हैट्रिक ने 24 की हैट्रिक की गारंटी दे दी है : मोदी



**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में मिली जीत का जश्न मनाने के लिए रविवार की शाम भाजपा केंद्रीय कार्यालय-विस्तार पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव का एजेंडा सेट हो गया है। जातीय जनगणना एवं ओबीसी आरक्षण की मांग कर रहे राहुल गांधी एवं अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इन चुनावों में देश को जातियों में बांटने की भरपूर कोशिश हुई। लेकिन वह लगातार कहते रहे कि उनके लिए सबसे बड़ी जाति गरीब, युवा, महिलाएं और किसान हैं और इन चारों जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित भारत बनाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव की यह हैट्रिक ने 2024 लोकसभा चुनाव के हैट्रिक की गारंटी दे दी है। ये चुनाव नतीजे भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का जनसमर्थन है। उन्होंने कहा, ये नतीजे कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन के लिए भी एक सबक है। जनता ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को बता दिया है कि सुधर जाइए, नहीं तो ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## तीन राज्यों में भगवा लहर, तेलंगाना में कांग्रेस

| | भाजपा | कांग्रेस | अन्य | बहुमत/सीटें |
|---|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 163 | 66 | 01 | 116/230 |
| राजस्थान | 115 | 69 | 05 | 100/199 |
| छतीसगढ़ | 54 | 36 | 00 | 46/90 |

| तेलंगाना (सीटें : 119, बहुमत : 60) | कांग्रेस | बीआरएस | भाजपा | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| | 64 | 39 | 08 | 08 |

### जारी रहेगी विचारधारा की लड़ाई : राहुल



मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हार पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वह इन राज्यों में हार को स्वीकर करते है। एक ट्वीट के जरिए राहुल गांधी ने कहा, 'मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं - विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी। तेलंगाना के लोगों को मेरा बहुत धन्यवाद - प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम जरूर पूरा करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया।

### कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना करता हूं



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा, 'मैं तेलंगाना के लोगों को उनसे मिले जनादेश के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं उन सभी को भी धन्यवाद देता हूं जिन्होंने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में हमें वोट दिया। इन तीन राज्यों में हमारा प्रदर्शन निस्संदेह निराशाजनक रहा है, लेकिन दृढ़ संकल्प के साथ, हम इन तीन राज्यों में खुद को पुनर्निमाण और पुनर्जीवित करने के अपने मजबूत संकल्प की पुष्टि करते हैं। मैं हमारे लाखों कार्यकर्ताओं के प्रयासों को स्वीकार करता हूं और उनकी सराहना करता हूं।

### इंडिया गठबंधन की बैठक में होगा हार का विश्लेषण

चुनावी नतीजों के बीच एनसीपी नेता शरद पवार ने कहा, 'ये नतीजे अपेक्षित थे, 6 तारीख को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक होगी। वहां हम इन परिणामों का विश्लेषण करेंगे।

## धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद मंडल कारा में गैंगवार की घटना में गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या की दी गई। अमन सिंह को 6 गोली लगी है। चार गोली उसके पेट में लगी और दो गोली सिर में लगी है। जिससे अमन सिंह की मौत हो गई है। घटना के बाद धनबाद मंडल कारा में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पूरे मंडल कारा में इमर्जेंसी बेल बजने लगी, सूचना मिलते ही डीसी वरुण रंजन और एसएसपी संजीव कुमार मंडल कारा पहुंचे हैं। उनके साथ एसडीएम उदय रजक, सीटी एसपी, डीएसपी समेत दर्जनों अधिकारी पहुंचे हुए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है, पूरे जेल को पुलिस छावनी बना दिया गया है। सैकड़ों पुलिस जवानों को जेल में तैनात किया गया है। वहीं जेल में दिन दहाड़े गोलीमार कर की गई हत्या के बाद शहर के लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। जेल प्रबंधन पर कई तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। हर कोई सवाल कर रहा है कि जेल के अंदर पिस्टल और गोली कैसे पहुंची। क्या जेल प्रशासन की इसमें मिलीभगत है। वहीं अमन को गोली मारकर हत्या करने वाले को लेकर भी लोग सवाल पूछ रहे हैं। लेकिन खबर लिखे जाने तक हत्यारे के विषय में कोई जानकारी नहीं मिली है। मालूम हो कि कुछ दिनों पहले जेल के अंदर ही सिंह मेंशन समर्थकों व वाशेपुर गैंग के सदस्यों के बीच मारपीट हुई थी। इसमें सिंह मेंशन समर्थकों ने वाशेपुर गैंग के लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था। बताया जा रहा है कि धनबाद जेल में गोली लगने के बाद आनन-फानन में अमन सिंह को एसएनएमएमएच में लाया गया। अस्पताल को भी पूरी तरीके से छावनी में बदला गया है, वहां किसी को जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। वहीं जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी धनबाद मंडल कारा में कैंप किए हुए हैं। वे पूरे जेल की छानबीन कर रहे हैं और पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर जेल में पिस्टल कैसे आया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जेल के अधिकारियों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही साथ बाकी कैदियों से भी पूछताछ की जा रही है। कुछ दिन पहले ही डीसी के नेतृत्व में एसडीएम और पुलिस बल के द्वारा जेल के अंदर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**पुलिस छावनी में तब्दील हुई जेल**




### उठते सवाल

- जेल के अंदर आखिर पिस्टल कहां से आया?
- जेल प्रशासन में ऐसा कौन था जिसने पिस्टल अंदर पहुंचाया।
- नीरज सिंह के हत्यारोपी अमन सिंह को गोली किसने मारी?

## शीतकालीन सत्र की रणनीति पर इंडिया गठबंधन का मंथन आज

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों के नेता सोमवार सुबह बैठक करेंगे, जिसमें संसद के शीतकालीन सत्र के लिए रणनीति बनाने पर चर्चा करेंगे।

कांग्रेस के एक नेता ने बताया कि इंडिया गठबंधन संसदीय नेताओं की बैठक सोमवार सुबह 10 बजे राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में होगी।

शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है और 22 दिसंबर तक चलेगा। इंडिया गठबंधन के नेता सत्र के दौरान संसद में उठाए जाने वाले कई मुद्दों पर निर्णय लेंगे, पैसे लेकर सवाल पूछने के कथित मामले में संसद की आचार समिति भी तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। सत्र के दौरान औपनिवेशिक काल के आपराधिक कानूनों को बदलने वाले तीन विधेयकों पर भी चर्चा होगी। इस सत्र के दौरान अस्थायी रूप से 19 विधायी और दो वित्तीय विधेयक पेश किए जाने की संभावना है।

## राष्ट्रीय एकात्मता प्रत्येक भारतीय का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भारत में 18 भाषाएं बोली जाती हैं। पर सभी भारतवासियों की सोच और सांस्कृतिक निष्ठा एक ही है। हम सब आजन्म भारतीय हैं। भाषा, पहनावा, भोजन और कला की विविधता के बावजूद राष्ट्रीय एकात्मता सभी भारतीयों के लिए जीवन की प्रथम प्राथमिकता होनी चाहिए। राज्यपाल रविवार को भारत भारती और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित झारखंड दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि यदि सरदार वल्लभभाई पटेल नहीं होते तो भारत का भौगोलिक स्वरूप आज जैसा नहीं होता। इसी तरह डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी नहीं होते तो कश्मीर आज भारत का अंग नहीं होता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी राज्यों को एक तरह का महत्व और सम्मान मिल रहा है। तमिलनाडु से भाजपा का एक भी सांसद नहीं है किंतु वे तीसरे व्यक्ति हैं जिसे इस राज्य से राज्यपाल बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि विश्व की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरा भारत न केवल शक्तिशाली है बल्कि दयालु भी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बहुत से गरीब देश को मुफ्त कोरोना वैक्सीन उपलब्ध कराया गया।वाजपेईजी ने ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी गैस पहुंचने का काम किया तो मोदी ने प्रत्येक गांव और ग्रामीण को कुकिंग गैस उपलब्ध कराने का प्रयास किया। अभी देश में 27 प्रतिशत लोगों को भोजन, स्नान आदि के लिए नल का पानी उपलब्ध है जबकि 73 प्रतिशत और लोगों तक पहुंचना है।

कार्यक्रम में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर तपन कुमार शांडिल्य, केंद्रीय विधि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अशोक आर पाटिल, भारत भारती के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विनय पत्राले तथा भारत भारती की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य साधना बेन राव ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, झारखंड, केरल, मिथिला, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तराखंड सहित 13 राज्यों के निवासियों ने वैविध्यपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

## मप्र बन गया सर्वोच्च मॉडल

- संघ की योजना अब उप्र को सुपर मॉडल बनाने की

**– कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** भाजपा की जननी, संघ ने अपनी क्षमता दिखा दी। मप्र में पूरी शक्ति से अपने को झोंक दिया। शिवराज से कह दिया -अपने किये कार्यों पर, आगे करने के वादों पर पूरा दम लगाते हुए चुनाव मैदान में आगे बढ़ो, संघ पूरी तरह साथ है। जब भाजपा की जननी से ही यह संबल व साथ चट्टान की तरह मिल गया, तब शिवराज ने अपने को पूरी तरह से प्रचार में झोंक दिया।और उसमें केवल अपने किये कार्यों और अगली बार आएंगे तो क्या करेंगे ,बताने लगे। यह भी कहना शुरू कर दिया कि यदि वह सत्ता में नहीं आएंगे, तो ये सारी योजनाएं बंद हो जाएंगी। इसी क्रम में बहनों के लिए लाडली योजना को और प्रभावी व ज्यादा लाभ वाली बनाने की बात कही। इस दौरान यह भी हुआ कि केन्द्रीय कार्यालय से सोशल मीडिया पर जो प्रचार मप्र के चुनाव के मद्देनजर किया जा रहा था, वह बंद हो गया। शिवराज ने जब आग्रह किया कि सोशल मीडिया पर केंद्रीय टीम जो प्रचार मप्र के लिए कर, करा रही है, उसे बंद नहीं किया जाए, जारी रखा जाए। लेकिन संदेश मिला कि राज्य में सोशल मीडिया से प्रचार राज्य की यूनिट करेगी। संघ से जुड़े कार्यकर्ता जो मप्र में लगे हुए थे ,उनने देखा कि केन्द्रीय कार्यालय टीम से राजस्थान, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना का तो सोशल मीडिया पर प्रचार कराया जा रहा है, मप्र का नहीं। उसके बाद योजना के तहत संघ व शिवराज की टीम ने मप्र में सोशल मीडिया पर प्रचार की कमान संभाली। और उसे बहुत ही आक्रामक तरीके से परवान चढ़ाया। संघ व भाजपा के कार्यकर्ता एकजुट हो हर तरह से लग गये। परिणाम सामने है। ऐसी जीत जिसके बारे में सोचा भी नहीं जा रहा था। संघ ने शिवराज के साथ खड़ा होकर साबित कर दिया कि आज की तारीख में भाजपा में सबसे विनम्र, मिलनसार व ज्यादा अनुभवी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हैं।वह पिछड़ी जाति के भी हैं। वह पक्ष - विपक्ष को विनम्रता पूर्वक साधते हुए और भी बड़ी ज़िम्मेदारी संभाल सकते हैं। शिवराज ने पहली बार 2 दिसंबर 2008 को भोपाल के जंबूरी मैदान में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, और उस पद पर 12 दिसम्बर 2018 तक रहे। कांग्रेस की कमलनाथ सरकार गिरने के बाद जुलाई 2020 से फिर मुख्य मंत्री बन गये। 64 साल के शिवराज सिंह चौहान का इस तरह लगभग 13 वर्ष 17 दिन मुख्यमंत्री पद पर हो गये हैं। संघ अब इसी तर्ज पर उप्र को इससे भी बड़ा मॉडल राज्य बनाने की योजना पर आगे बढ़ रहा है। इसकी दो वजहें हैं, 1- उप्र में अयोध्या, मथुरा, काशी तीनों ही है। अयोध्या से शुरू हुए रामलला जन्मभूमि आंदोलन ने ही संघ की जननी भाजपा को सत्ता पर पहुंचाया और परवान चढ़ाया। 2- सबसे ज्यादा 85 लोक सभा सीटें इसी राज्य में हैं।मप्र में तो 29 ही हैं, और गुजरात में तो 26 ही हैं। इन दोनों के योग 55 से भी 30 ज्यादा उप्र में हैं। इसीलिए उप्र बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है।

### मध्य प्रदेश-राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कौन बनेगा मुख्यमंत्री?

# बीजेपी की असली लड़ाई शुरू हुई अब



**सुनील बादल**

**मध्य** प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विजयश्री के बाद बीजेपी के लिए इन राज्यों में मुख्यमंत्री चुनना किसी चुनौती से कम नहीं है। शिवराज सिंह, वसुंधरा राजे, रमन सिंह का अपने अपने प्रदेश में वर्चस्व है, आगामी लोकसभा चुनाव में अंदरूनी ध्रुवीकरण रोकने के लिए पार्टी फिर से इन्हें सीएम घोषित करेगी या फिर नए चेहरों को मौका देगी देखना दिलचस्प होगा।

मध्य प्रदेश में बीजेपी ने सीएम शिवराज सिंह चौहान के चेहरे की बजाय सामूहिक नेतृत्व में लड़ने का फैसला किया और नया प्रयोग करते हुए कई सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों को चुनाव में उतारा था। बीजेपी के ज्यादातर दिग्गज चुनाव जीत चुके हैं। बीजेपी की जीत में मोदी फैक्टर के साथ-साथ शिवराज सरकार की लाडली बहना योजना का भी श्रेय माना जा रहा है। शिवराज की लोकप्रियता ने भी बीजेपी की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है जो कमलनाथ के नव हिन्दू चेहरे पर भारी पड़े हैं। शिवराज सिंह चौहान कांग्रेस की गारंटी कार्ड के काउंटर में लोकलुभावन वादे करके चुनावी बयार को बीजेपी के पक्ष में मोड़ने में काफी हद तक सफल रहे हैं। इसलिए शिवराज सिंह चौहान को अब सीएम पद की रेस से बाहर करना बीजेपी के लिए आसान नहीं होगा। भाजपा के अन्य नेताओं को समझाना थोड़ा आसान भी होगा क्योंकि क्योंकि उनका प्रभाव सीमित है इसलिए 'मामा' शिवराज सिंह चौहान को पार्टी वर्तमान का नेता मान रही है, लेकिन भविष्य के नेता के तौर पर सर्वमान्य नया चेहरा भी तलाशना होगा। महिलाओं के बीच शिवराज का अपना प्रभाव है और उसे ध्यान में रखना होगा। विकल्प के रूप में कैलाश विजयवर्गीय, प्रह्लाद सिंह पटेल, राकेश सिंह का भाग्य चमक सकता है। युवा ज्योतिरादित्य सिंधिया भी सीएम पद के दावेदारों में एक माने जा रहे हैं। एमपी सिंधिया के सीएम बनने की राजनीतिक महत्वाकांक्षा जगजाहिर है। असम में कांग्रेस से आए हेमंत बिस्वा सरमा को बीजेपी ने सीएम बनाया है, उसी तरह से सिंधिया के समर्थक भी आस लगाए बैठे हैं।

**राजस्थान में कौन पड़ेगा भारी? :** ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



## गागर में सागर

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**हुसैनाबाद।** जपला-दंगवार मुख्य पथ के बराही गांव मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में बराही गांव निवासी अंबिका सिंह 45 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने उन्हें तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार वह बराही गांव से अपनी बाइक लेकर जपला शिवपुरी स्थित घर जा रहे थे। इसी क्रम में एक साइकिल सवार को बचाने के दौरान उनकी बाइक असंतुलित होकर गिर गयी।

### वादा पूरा करो हेमंत सरकार, सहायक अध्यापक आपके द्वार कार्यक्रम शुरु

**मेदिनीनगर।** आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश महासचिव जसीम अंसारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिवनाथ महतो, प्रदेश मीडिया प्रभारी धीरज कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा (समन्वय समिति) द्वारा झारखंड सरकार के वादा खिलाफी के खिलाफ आगामी तीन दिसंबर से प्रस्तावित कार्यक्रम वादा पूरा करो हेमंत सरकार, सहायक अध्यापक आपके द्वार कार्यक्रम का नैतिक समर्थन देने की घोषणा की है। संघ के प्रदेश मीडिया प्रभारी धीरज कुमार मिश्रा ने बताया कि झारखंड के बासठ हजार सहायक अध्यापकों की भावना का आदर करते हुए यह कदम उठाया गया है। मोर्चा के कार्यक्रम में शामिल होकर तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करने का कार्य किया जायेगा। श्री मिश्रा ने झारखंड के समस्त आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापकों से आंदोलन को सफल बनाने हेतु अपना भरपूर सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया है। विदित हो कि झारखंड राज्य के सहायक अध्यापकों के चार संगठनों ने लंबित मांगों को लेकर एक मंच पर आकर सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा का समन्वय समिति गठित कर आगामी तीन दिसंबर से आंदोलन की शुरूआत करने का कार्यक्रम तय किया है। जिसमे तीन दिसंबर को राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों के सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के विधायकों व मंत्रियों को मांग पत्र सौंपा जाएगा। साथ ही 19 दिसंबर को विधानसभा घेराव कार्यक्रम एवं 28 दिसंबर से राजधानी रांची में एकजुट होकर मुख्यमंत्री आवास पर अनिश्चितकालीन घेराव कार्यक्रम किया जाएगा। समन्वय समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि वेतनमान की घोषणा किए जाने तक आंदोलन जारी रहेगा।

### नावाजयपुर थाना के सेवानिवृत्त चौकीदार को दी गई विदाई

**पाटन।** नावाजयपुर थाने में रविवार को विदाई समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त चौकीदार को विदाई गई। थाना प्रभारी संजय कुमार रजक, एसआई मुकेश कुमार साव, एसआई शिव दर्शन राम, एएसआई रविंद्र कुमार आदि ने सेवानिवृत्त ग्रामीण पुलिस (चौकीदार) अमारिक माझी को फूलमाला, अंग वस्त्र ,बैग, छाता, कपड़ा प्रदान कर विदाई दी। विदित हो कि पुलिस विभाग में 30 वर्ष की सेवा देने के बाद श्री माझी 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने कहा कि विभाग से मिला सम्मान उन्हें ताउम्र याद रहेगा। मौके पर विवेक कुमार दास, अरुण चौहान, आरक्षी संतोष राम, चंद्रभूषण दुबे, राजेश उरांव, शंकर उरांव, रामदास राम,चौकीदार उमेश पासवान, बूअली कलिंदर, शमीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

### 100 वर्षीय महावीर साव का निधन लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के वार्ड 8 जवाहिर साव गली निवासी 100 वर्षीय महाबीर साव कश्यप का रविवार सुबह 5 बजे निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनका अंतिम संस्कार सोन नदी तट स्थित श्मशान घाट पर किया गया। उनके निधन पर हुसैनाबाद के राजनीतिक एवं सामाजिक लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त किया है। जिनमें स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, भाजपा के रविन्द्र कुमार सिंह, सूरज कुमार आदि का नाम शामिल है।

## तेंदुई ने मधुबाना को हराकर मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप पर जमाया कब्जा



नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** पिपरा के विभिन्न पंचायतों में आयोजित मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को प्रखंड कार्यालय स्थित खेल मैदान पर तेंदुई पंचायत व मधुबाना पंचायत की टीम के बीच खेला गया। जिसमें तेंदुई पंचायत की टीम विजेता बनी। मौके पर बीडीओ अनिता केरकेट्टा ने विजेता व उपविजेता टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार एक नई सोच व प्रयोग के साथ प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है। युवाओं को खेल के क्षेत्र में अधिक से अधिक मौका मिले इसका मुख्य उद्देश्य है। मौके पर भाजपा नेता लालबहादुर सिंह, समाजसेवी कपिल देव राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण व खेल प्रेमी मौजूद थे।

## जर्जर कच्चा मकान गिरा, बाल-बाल बचे लोग

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के ढकचा पंचायत अंतर्गत पड़रिया गांव निवासी लखन यादव का जर्जर कच्चा खपरैल मकान शनिवार की देर रात अचानक भर-भराकर गिर गया। हादसे में जिससे घर में सो रहे परिवार के सभी सदस्य जहां बाल-बाल बच गये। वहीं घर में रखे अनाज, बर्तन, घरेलू उपयोग के कई सामान सहित चांपा कल मिट्टी से दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। इस संबंध मे पीड़ित लखन यादव ने बताया कि मकान गिरने की आवाज पर हड़बड़ाकर नींद खुल गई। घटना से घबराकर सबसे पहले एक-एक कर परिजनों को बाहर निकाला। उन्होंने कहा कि भगवान के आशीर्वाद से परिजन तो बच गये। किंतु सभी सामान नष्ट हो गये। उन्होंने बताया कि मेहनत-मजदूरी कर पांच परिवार



का किसी प्रकार भरन-पोषण करते हैं। पिछले दो वर्षों से पत्नी लीला देवी का नाम पीएम आवास योजना ग्रामीण के सेक डाटा सूची में नाम दर्ज है। इसके बावजूद अब तक पक्का आवास नसीब नहीं हुआ। मकान गिरने के बाद इस ठंड के मौसम में पूरे परिवार के समक्ष विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। घटना की सूचना पर मुखिया उषा देवी, वार्ड सदस्य ललिता देवी, समाजसेवी विरेन्द्र सिंह सहित कई लोगों ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। मुखिया ने बताया कि पीड़ित परिवार को शीघ्र ही अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाया जाएगा। इस दिशा में प्रशासनिक अधिकारियों से बात की जा रही है।

### 2024 में लोकसभा चुनाव में भी विजय पताका फहराने की भरी हुंकार

# शहर से लेकर गांव तक भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर







### कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर जीत की बधाई दी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जपला शहर में भव्य विजय जुलूस निकाल कर उत्साह का प्रदर्शन किया। भाजपा हुसैनाबाद के नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता की अध्यक्षता में निकाले गए विजय जुलूस में प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक सिंह, कर्नल संजय, रामप्रवेश सिंह, संतोष सिंह, सोमेश सिंह, रामेश्वर राम, रामराज मेहता, रंजीत पासवान, अखिलेश मेहता, उदय विश्वकर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता भाजपा झंडा लिए शहर के जेपी चौक से जुलूस का आगाज किया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर जहां एक-दुसरे को जीत की बधाई दी। वहीं नारेबाजी के साथ आतिशबाजी भी की। भाजपा किसान मोर्चा के त्रिपुरा राज्य प्रभारी सह झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह व रविंद्र कुमार सिंह के नेतृव में जेपी चौक पर एकत्रित होकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर जमकर आतिशबाजी की। श्री सिंह ने कहा कि आमजन के भरोसे की जीत है। मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, संतोष गुप्ता, सुबोध कश्यप, विपिन बिहारी सिंह, रणविजय सिंह, लल्लू साव, दुर्गेश सिंह, उपेंद्र सिंह शामिल थे।

### पांकी में भाजपाईयों ने बाजे -गाजे के साथ निकाला विजय जुलूस

**पांकी।** तीन राज्यों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत की खुशी में पांकी में विधायक डा. शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में विशाल जुलूस निकाला गया। इमली चौक से बाजे -गाजे के साथ निकला विजय जुलूस शहीद भगत सिंह चौक, रामजानकी मंदिर होते अम्बेडकर चौक पहुंचा। यहां विधायक डा. मेहता ने डा. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने भाजपा की जीत पर बधाई देते हुए कहा कि देश की जनता जान चुकी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व भाजपा की सरकार से ही देश विश्वगुरु बनेगा। इस दौरान भाजपाइयों ने जमकर गुलाल उड़ाये व मिठाईयां बांटी। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, शंकर प्रसाद गुप्ता,अजय प्रसाद गुप्ता, सुनील प्रसाद गुप्ता,जयकिशोर प्रसाद गुप्ता, श्याम नंदन ओझा,मंटू शर्मा, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, प्रमुख सुनील कुमार पासवान, अजय कुमार पासवान, प्रो. बचन ठाकुर,रिमा शर्मा, चंदन कुमार गुप्ता, साधूं मांझी, विजय ठाकुर, जसवंत कुमार, पांकी भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह आदि उपस्थित थे।

### बीजेपी की जीत नरेंद्र मोदी व अमित शाह के कुशल नेतृत्व का नतीजाः कमलेश

**हुसैनाबाद।** एनसीपी (अजीत गुट) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधान सभा चुनावों में भाजपा की जीत को पीएम नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व का नतीजा बताया है। उन्होंने कहा कि इससे साबित हो गया है कि जनता जागरूक हो गई है। जनता ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताने के साथ-साथ उनके वायदे पर भरोसा जताया है। सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास पाने में बीजेपी कामयाब रही है। आने वाले लोक सभा चुनाव में भी बीजेपी गठबंधन प्रचंड बहुमत लेकर आयेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की सभी लोकसभा सीटें बीजेपी गठबंधन के खाते में डालने के लिए गठबंधन पूरी ताकत के साथ जुटा है।

### हरिहरगंज में भाजपा कार्यालय पर मना जश्न

**हरिहरगंज।** विधान सभा चुनावों में भाजपा की जीत पर स्थानीय पार्टी कार्यालय में जमकर जश्न मनाया गया। मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम के नेतृत्व में आतिशबाजी मिष्ठान वितरित करके जीत की खुशी मनायी गई। इससे पूर्व प्रारंभिक रूझानों के बाद से ही कार्यालय पर कार्यकर्ताओं का जुटान शुरु हो गया। मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने कहा कि जनता ने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताने के साथ-साथ उनके वादे पर भी भरोसा जताया है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, मुन्ना विश्वकर्मा, सनी गुप्ता, भीमसेन शर्मा, अशोक सिंह, रघुनंदन साव, लखन साव, करण राजवीर, मनोज मेहता मौजूद थे।

### बंपर जीत पर पूर्व मंत्री ने कार्यकर्ताओं का किया उत्साहवर्द्धन

**विश्रामपुर।** तीन राज्यों में मिले बंपर जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकताओं ने रविवार को विश्रामपुर में विजय जुलूस निकाला। जुलूस की शुरूआत थाना चौक से हुई। इस दौरान कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर मिठाई खिलाई। नगर भ्रमण के बाद सोरडिहा में जुलूस का समापन किया गया। पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी की जीत है। जुलूस में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष बबन राम, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रखंड प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, शिवबंश मिश्रा ,किरण शर्मा, संजय ठाकुर, संजय शाह, देवनारायण सिंह खरवार, मनीष कुमार, संतोष राम, अर्चना देवी,धर्मेंद्र कुमार, उखमेजी यादव, इदरीश हवारी, सत्यनारायण सोनी शामिल थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मिष्ठान का वितरित

**नावा बजार।** प्रखंड भाजपा अध्यक्ष महादेव प्रसाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मिष्ठान भी वितरित किया गया। इटको पंचायत में भी रैली निकाल कर क्षेत्र भ्रमण किया गया।

### कहा ग्रामीणों को आवागमन में होगी सहुलियत

## विधायक ने छतरपुर व नौडीहा में पांच सड़कों का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

**पाटन।** विधायक पुष्पा देवी ने छतरपुर व नौडीहा बाजार में 12 करोड़ 29 लाख की लागत से बनने वाली पांच सड़को का शिलान्यास किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार मौजूद थे। सभी सड़कें झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बनाई जा रही हैं। जिसमें छतरपुर में एनएच 98 से गुलाबचंद कॉलेज होते हुए सड़मा डैम तक, दूसरा बटाने मोड़ एनएच 98 से गोसाईडीह होते हुए बटाने डैम तक, सहरसवा से चीरू तक वहीं नौडीहा बाजार में ललगढ़ा से सहियार तक एवं एक सड़क शाहपुर से करकट्टा होते हुए हरनी तक बनाई जाएगी । जिसकी लागत 12 करोड़ 29 लाख रुपया की प्राक्कलन से मरम्मती का कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक पुष्पा देवी ने कहा की विगत चार वर्षों में विधान सभा में सड़को का जाल बिछाया गया है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में काफी सहुलियत हो रही है। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार व्यग्तिगत स्वार्थ देख कर कार्य कर रही है। जिस विधान सभा में उनकी पार्टी की विधायक नहीं है। उस क्षेत्र में विकास की योजनाओं में कटौती की जा रही है। जिसका जवाब आने वाले समय में जनता जरूर देगी। वहीं विधायक ने कम्बल वितरण किया। इस अवसर पर संतोष गुप्ता,मनोज गुप्ता,अनिल सिंह, कमलेश गुप्ता मौजूद थे।

### महान विभूति की मनाई गई 13वीं पुण्यतिथि

## व्यक्ति नहीं, विचारधारा का नाम था महावीर प्रसाद पांडेय : संजय

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** क्षेत्र के महान विभूति महावीर प्रसाद पांडेय की 13 वीं पुण्यतिथि रविवार को मनाई गई। इस अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनता उच्च विद्यालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय परिसर में स्थापित महावीर प्रसाद पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। उनके सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। स्व.पांडेय के छोटे पुत्र सह सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि उनके पिता का सपना था कि विश्रामपुर शिक्षित व विकसित हो। इसके



लिए उन्होंने जनता उच्च विद्यालय,जमुना देवी परियोजना कन्या उच्च विद्यालय सहित कई विद्यालयों की स्थापना कराई। विद्यालयों की स्थापना हेतु दर्जनों एकड़ जमीन दान किया। स्व. महावीर प्रसाद पांडेय कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। प्राचार्य भोला राय ने स्व. पांडेय के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला। मौके पर अवध बिहारी पांडेय,विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल,मॉडर्न संत पॉल स्कूल के निदेशक राहुल जैकब,शमशेर आलम,सरिता देवी, लालो चंद्रवंशी,प्रभव मिश्रा मौजूद थे।

### जरूरतमंदों के बीच किया कंबल का वितरण

**विश्रामपुर।** महावीर प्रसाद पांडेय की 13 वीं पुण्यतिथि पर उनके द्वितीय पुत्र सह वरीय समाजसेवी विजय पांडेय ने दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कंबल व शॉल का वितरण किया। इसके अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच कलम-कॉपी का भी वितरण किया गया। इससे पहले विजय पांडेय ने अपने आवास पर पिता महावीर प्रसाद पांडेय के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का प्रयास जारी रहेगा।

**आयोजन**

### गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में आलेख लेखन प्रतियोगिता

# आधुनिक विमर्शों में दिव्यांग विमर्श महत्वपूर्णः राज मोहन

नवीन मेल संवाददाता

**छत्तरपुर।** सड़मा स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर आलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संयोजक सहायक प्राध्यापक राज मोहन (समाजशास्त्र विभाग) ने कहा कि आधुनिक विमर्शों में 'दिव्यांग विमर्श अहम रूप में सामने आया है। दिव्यांग जनों की दशा- दिशा, अधिकारों, अस्मिता, समस्याएं, चुनौतियां, नीति-निर्धारण, समाज में योगदान एवं इनके उज्ज्वल भविष्य के लिए विश्विद्यालयों में अनुसंधान किया जा रहा है। इनके उत्तरोत्तर आर्थिक विकास, सशक्तिकरण एवं समाज में सम्मान एवं कुंठा रहित आनंदमय जीवन यापन सहित इनके दशा एवं दिशा समझने के लिए विभिन्न तरह के विचार गोष्ठी / सेमिनार का आयोजन आवश्यक है। सकारात्मक



पहल करते हुए समाजशास्त्र विभाग द्वारा आलेख लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ (आइक्यूएसी सेल) के समन्वयक अखिलेश कुमार सिंह ने कहा कि छात्रों के आंतरिक गुणवत्ता के लिए प्रतियोगिता समय- समय पर बहुत ही महत्वपूर्ण है। दिव्यांगजनों के सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति, दिव्यांगों के इतिहास एवं वर्तमान, दिव्यांगों के सशक्तिकरण में चुनौतियां, दिव्यांगों की समस्याएं एवं समाधान, दिव्यांगों के स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां, हिंदी साहित्य में दिव्यांग, आजादी के अमृत महोत्सव एवं दिव्यांगों की दशा, समाज के विकास में दिव्यांगों का अवदान तथा दिव्यांग एवं महामारी विषय पर छात्रों ने आलेख लिखा। प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्रों को प्रशस्ति पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। प्रभारी प्राचार्य प्रो.जितेंद्र कुमार व परीक्षा नियंत्रक अमित कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। आयोजन में इंदु कुमारी (सहायक प्राध्यापक) व मुन्नी देवी (सहायक प्राध्यापक) ने वीक्षक के रूप में एवं शंकर राम, बबलू कुमार, आनंद कुमार, पनपती देवी, शारदा देवी ने आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया।

## पुलिस कर्मी व पदाधिकारियों के मताधिकार प्रयोग को विशेष शिविर



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में तैनात पुलिस कर्मी व पदाधिकारी अपने मताधिकार का प्रयोग अनिवार्य रूप से कर सकें। इसके लिए 4 से 7 दिसंबर तक समाहरणालय परिसर के जनसुविधा केंद्र के पास, छतरपुर व हुसैनाबाद के अनुमंडल कार्यालय, लेस्लीगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का कार्यालय व विश्रामपुर थाना परिसर में शिविर आयोजित किया जायेगा। इस बाबत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि निर्वाचन आयोग से किसी भी मतदाता को उसके मताधिकार से वंचित नहीं रखने का निर्देश पूर्व से प्राप्त है। ऐसे में चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को अपने मताधिकार के प्रयोग करने का सहज अवसर देने के उद्देश्य से ही इस विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सामान्य रूप से यह देखा गया है कि पुलिसकर्मियों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित तो रहता है, किंतु मूल निवास स्थल पर निबंधित होता है। जिसके कारण मतदान दिवस को वे पोस्टल बैलट के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर मतदान नहीं कर पाते हैं। जिसके लिए विभाग स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार सभी पुलिस पदाधिकारी व कर्मी का नाम उनके प्रतिस्थापन वाले स्थल पर किया जाना है।

## गागर में सागर

### भाजपाई नहीं चाहते पलामू का विकासः राजेंद्र सिन्हा



**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने भाजपा विधायक के बयान पर पलटवार करते हुए कड़ा प्रतिकार किया है। उन्होंने कहा कि यदि आपकी सरकार कार्यक्रम में विधायकों के आने से पार्टी की तरफ से कोई रोक नहीं तो किसी भी कार्यक्रम में पलामू के विधायक क्यों नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा जेएमएम की सरकार में पक्ष-विपक्ष सभी का समभाव से सम्मान किया जा रहा है। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है जनता को सीधे तौर पर आन स्पाट योजनाओं का लाभ दिलाना। किंतु भाजपा जनता का भला चाहती ही नहीं है। उनके सिद्धांत के मूल में ही बिचौलियावाद है। सीधे जनता का काम होता देख इनमे बौखलाहट है। उनके कमीशन एजेंट सरकार का रूख देख सन्न हैं। उन्हें सीएम से राजनीतिक सुचिता सीखनी चाहिए। किस प्रकार उन्होंने झारखंड आगमन पर पीएम मोदी का स्वागत किया। जबकि सीएम को देखते ही भाजपा के विधायकों में घबराहट होने लगती है। पलामू की बेटी के पिता को कैसे रघुबर दास ने अपमानित किया था। आज भी ये पूरे पलामू को याद है। मौके पर जिला सचिव सन्नू सिद्दिकी, उपाध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, संयुक्त सचिव उमा सिंह उपस्थित थे।

### एमकेडीएवी में डीएवी नेशनल वॉलीबॉल महाकुंभ शुरू



**मेदिनीनगर।** स्थानीय एमकेडीएवी में नेशनल वॉलीबॉल महाकुंभ 2023 का भव्य आगाज किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज डालटनगंज के प्राचार्य सह सदस्य स्थानीय प्रबंधन समिति एमकेडीएवी डा. संजीव श्रीवास्तव ने किया। विशिष्ट अतिथि नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक व सदस्य प्रबंधन समिति डा. जय कुमार एवं नायक सूबेदार केएन सिंह ने बतौर विशिष्ट अतिथि खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। डीएवी गान के बाद खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया। विद्यालय के दशम फ के छात्र प्रतीक कुमार ने सभी खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाई। विद्यालय के प्राचार्य डा. जीएन खान ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों एवं आगंतुक खिलाड़ियों तथा शिक्षकों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस बार डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं को भी डीएवी प्रबंध समिति ने सम्मिलित किया है। प्रतियोगिता में कुल 30 खेलों का आयोजन हो रहा है। रविवार को खेले गये मुकाबलों में 19 वर्ष आयु वर्ग बालक वर्ग में डीएवी बारियातू ने डीएवी भंडारीदह को हराया। दूसरे मैच में डीएवी कथारा ने डीएवी ढोरी को मात दी। 14 वर्ष आयु वर्ग में एमकेडीएवी डालटनगंज ने जीत के साथ आगाज किया। प्रतियोगिता में संजय ठाकुर राष्ट्रीय निर्णायक व स्थानीय निर्णायक के रूप में अभिलाष चंचल एवं रविंद्र उरांव सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर वॉलीबॉल संघ पलामू के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी एवं सचिव बीएम पांडे भी मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम छिपादोहर निवासी शंभू पासवान के पुत्र संटू उम्र 35 वर्ष सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। पिता शंभू ने बताया कि संटू शनिवार की शाम किसी काम से विश्रामपुर गये थे। घर लौटने के क्रम में रास्ते में एक मवेशी को बचाने के दौरान वह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनकी गंभीर स्थिति देख चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

### अग्रसेन समाज की आराध्या का सनातन धर्म में देवी स्वरूपा होती है पूजा

# वीर अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा की अवतार हैं राणी सती दादी मां

**अखिलेश चौबे**

**मेदिनीनगर।** अग्रसेन समाज के आराध्य खाटू श्याम की तरह राणी सती दादी मां का संबंध भी महाभारत काल से जुड़ा हुआ है। बाबा खाटू श्याम जहां महाशक्तिशाली भीम के पोते बर्बरीक के अवतार हैं। वहीं राणी सती दादी मां अर्जुन पुत्र वीर अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा की अवतरण हैं। जन कथा के अनुसार महाभारत के युद्ध में कौरव सेना के सेनापति गुरू द्रोण द्वारा रचे चक्रव्यूह में जब 16 वर्षीय अभिमन्यु का छल से वध कर दिया गया तो व्यथित होकर उनकी पत्नी उत्तरा ने पति की चिता पर सती होने का निर्णय लिया। अभिमन्यु अर्जुन की पत्नी व भगवान श्रीकृष्ण की बहन सुभद्रा के पुत्र थे। अभिमन्यु वध के समय उत्तरा गर्भवती थीं। जब भगवान श्रीकृष्ण को उत्तरा के सती होने के निर्णय का पता चला तो भागे-भागे वे उत्तरा के पास गये तथा उन्हें शिशु धर्म का मर्म समझाते हुए सती होने से रोक लिया। उस समय तो वे मान गयीं, किंतु तभी उन्होंने कृष्ण भगवान से अगले जन्म में अभिमन्यु की पत्नी बनकर ही सती होने का आशीष मांगा। अगले जन्म में उत्तरा का जन्म राजस्थान के डोकवा गांव में नारायणी व



अभिमन्यु का जन्म हरियाणा के हिसार जिले में तनधन दास के रूप में हुआ। दोनों पति-पत्नी के रूप से हंसी-खुशी निर्वाह कर रहे थे। किंतु नियति को तो कुछ और ही मंजूर था। बताते हैं कि तनधन दास के श्याम वर्ण बेमिसाल घोड़े पर हिसार के नबाब के लड़के की नजर पड़ गई। वह हार हाल में उस घोड़े को हासिल करना चाहता था। पौराणिक कथा के अनुसार नारायणी के द्विरागमन के समय उस घोड़े को हासिल करने के लिए नबाब व उसके लड़के ने विशाल सेना के साथ तनधन दास व नारायणी के काफिले पर हमला बोल दिया। बहादुरी से मुकाबला करते हुए तनधन दास ने नबाब के लड़के को तो मौत के घाट उतार दिया। किंतु पीछे से घात लगाकर नबाब ने तनधन दास पर प्राणघातक हमला कर दिया। कायरतापूर्ण हमले में तनधन दास शहीद हो गये। इसे देख नारायणी ने चंडी का रूप धारण कर लिया तथा अपने प्रचंड प्रहार से सेना सहित नबाब का अंत कर दिया। उसके बाद उन्होंने पति की चिता के साथ सती होने का निर्णय लिया। इससे पूर्व उन्हें घोड़े की देखभाल करने वाले राणा को हिदायत दी कि उनके सती होने के बाद उक्त स्थल पर त्रिशुल की आकृति प्रकट होगी। उसे लेकर वह उनके घोड़े के साथ वहां से चला जाएगा। जिस जगह पर घोड़ा स्वतः रूक जाएगा। उसी जगह पर वह उसे स्थापित कर देगा। अब उनके नाम सती के आगे राणा के नाम को आगे रखकर लोग पूजा करेंगे।

**राजस्थान के झुंझनु में है राणी सती का विशाल मंदिर :** मेदिनीनगर रेड़मा चौक के पास स्थित राणी सती दादी मां मंदिर के पूजारी श्रवण पांडेय बताते हैं कि नारायणी के सती होने के बाद राणा उक्त स्थल से प्रगट हुई त्रिशुल की प्रतिमूर्ति को लेकर घोड़े के साथ चले। आगे जाकर घोड़ा राजस्थान के झुंझनु जिले के जिस स्थान पर रूका वहां विशाल राजमहल नुमा मंदिर का निर्माण किया गया है। सप्ताह के प्रत्येक शनिवार व रविवार के अलावे वहां प्रत्येक वर्ष भाद्र माह के अमावस्या को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। अब तो राणी सती दादी मां का मंदिर देश के कोने-कोने में स्थापित किया जा चुका है।

### प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य कलश यात्रा के साथ आगाज कल



**मेदिनीनगर।** स्थानीय रेड़मा चौक के समीप नवनिर्मित राणी सती दादी मां मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया जाएगा। कलश यात्रा का आगाज कोयल नदी तट स्थित अग्रसेन भवन से सुबह आठ बजे किया जाएगा। वहां कलश में जल भरकर यात्रा में शामिल श्रद्धालु बम पटाखा चौक, जय भवानी चौक, पंचमुहान चौक, डाबर मोड़, छहमुहान चौक, कचहरी रोड होते हुए मंदिर परिसर पहुंचेंगे। वहां विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश को यज्ञ मंडप में स्थापित किया जाएगा। पांच दिवसीय आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में राणी सती दादी जी, श्री बालाजी व गणेश भगवान के साथ 12 सतियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। सुबह 10.30 बजे से देव पूजन जलाधिवास एवं अनादिवस की पूजा संपन्न होगी। कलश यात्रा के लिए 108 कलशों को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। सचिव आलोक सांवरिया ने बताया कि कलश यात्रा में समाज की 108 महिलाएं सम पारंपरिक परिधान में कलश उठाएंगी। आयोजन में राणी सती सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश भिवानिया के निर्देशन में कोषाध्यक्ष गोपाल छापड़िया, उपाध्यक्ष संजय केजरीवाल, श्याम पोद्दार, भरत सांवरिया, मनोज तुलस्यान, मनीष भिवानिया, संदीप केजरीवाल, दीपक नेमाला, अंशुल उदयपुरी सहित अन्य पदाधिकारी तन्मयता पूर्वक जुटे हैं। महायज्ञ के मीडिया प्रभारी विकास उदयपुरी ने बताया कि महायज्ञ रांची से आये आचार्य के नेतृत्व में संपन्न होगा।

### भाजपाजनों ने निकाले जुलूस, उड़ाये गुलाल, बांटी मिठाई

# तीन राज्यों में जीत से पलामू के भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत से पलामू भाजपा में जश्न का माहौल है। एमपी, छतीसगढ़ व राजस्थान में मिली करारी जीत से उत्साहित पलामू भाजपा के कार्यकर्ता एवं नेताओं ने जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक की अगुवाई में जुलूस निकाला। इस दौरान भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाइयाँ खिलाकर व गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। भाजपाइयों ने राहगीरों को भी मिठाई बांटी व जीत की बधाई दी। इस दौरान शहर के गीता भवन से निकल कर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए छहमुहान चौक तक विजय जुलूस निकाला गया। जिसमें प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, विपिन बिहारी सिंह,परशुराम ओझा,नरेंद्र पांडे, मंगल सिंह, सुरेंद्र विश्वकर्मा, विजय ओझा, शिव कुमार मिश्रा, अविनाश वर्मा,अविनाश सिन्हा, छोटू,दीपक सिंह, ज्योति पांडे, मनोज दुबे, श्वेतांग गर्ग, नंदलाल गुप्ता,मनोहर कुमार लाली, सुनील तिवारी, राजकुमार बर्मन,छोटू सिंह,जितेंद्र तिवारी,अमर मिश्रा,ट्विंकल गुप्ता,धीरज गुप्ता, अशोक गुप्ता,निवेदन अग्रवाल,रंजीत चंद्रवंशी, रोहित पाठक, आनंद प्रताप सिंह,मुन्ना मिश्रा, पंकज शर्मा, विजय कुशवाहा, गुड्डू बर्मन,ओम प्रकाश, सीटू गुप्ता, मंजू गुप्ता, रेणुका पांडे व सरिता सिन्हा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं आम लोग मौजूद थे। भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानन्द ने कहा कि सनातनियों की उपेक्षा कर तुष्टिकरण की जो राजनीतिक करेंगे उसको करारा जवाब देश की जनता जरूर देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। देश में हो रहे विकास एवं जन कल्याण के लिए किये जा रहे कार्य के बल पर भाजपा 2024 में भी राष्ट्रीय स्तर पर विजयी होगी व नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश का नेतृत्व करेंगे।

### चैनपुर में भाजपाईयों ने निकाला विजय जुलूस


भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय एवं मनोज दास के नेतृत्व में भाजपा की तीन राज्यों में जीत की खुशी में विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल भाजपाइयों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए जीत की बधाई दी।



जुलूस में जिला सांसद प्रतिनिधि आनंद कुमार सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री मनीष कुमार पांडेय, रूपेश कुमार, भाजपा उपाध्यक्ष धीरज कुमार गुप्ता, नन्हक चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुद्रेश्वर चौधरी, लालमणि पासी, केदार राम पासी, रामलाल प्रसाद, अशोक प्रसाद,अमित प्रसाद, बंदुवा मुखिया दीनानाथ मांझी, दीपक कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार कश्यप, नंदकिशोर प्रसाद गुप्ता, ईश्वरी प्रसाद, अमन मालाकार, दिनेश प्रजापति व प्रीतम कुमार समेत कई शामिल थे।

### दूसरे जानवरों को बाड़े में प्रवेश से रोकने में सहायक

# पीटीआर में सौर ऊर्जा से की जायेगी चीतलों के बाड़े की सुरक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व में बनकर तैयार चीतलों की रखने की जगह की घेराबंदी सौर ऊर्जा से की जाएगी। यह सौर ऊर्जा दूसरे जानवरों को इन चार केंद्रो में घुसने, तोड़ने व उत्पाद मचाने से रोकने में सहायक सिद्ध होगा। इन चार केंद्रो में बेतला नेशनल पार्क से चीतल बोमा पद्धति से ले जाए जाएंगे। जिसके लिए तैयारियां जोरशोर से चल रही है। आशा है कि इस दिसंबर महीने के तीसरे सप्ताह तक बेतला नेशनल पार्क से 200 से भी ज्यादा संख्या में चीतलों को इन चार केंद्रो में बोमा तकनीक से पहुंचा दिया जाए। चीतलों के लिए बनाये गये टेनो वजोगिया डेरा केंद्र पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी प्रमंडल में है। जबकि उत्तरी प्रमंडल में लोकइया व हिरण डेगुआ केंद्र बनाए गए हैं। पीटीआर के एक अधिकारी ने बताया कि सौर ऊर्जा की घेराबंदी में बहुत ही हल्का व बगैर हानि पहुंचाने वाला बिजली का करंट प्रवाहित होता है। जो मानव जीवन या मनुष्य के लिए बिल्कुल ही हानिकारक नहीं है। उन्हें किसी भी तरह की शारीरिक तकलीफ नहीं देता है। लेकिन कुछ ऐसी झनझनाहट पैदा करता है। जिससे जानवर इन केंद्रों में घुसने का प्रयास करेंगे तो वह इस झनझनाहट से दूर हो जाएंगे। देश के 50 टाइगर रिजर्व में इसी प्रकार की सौर ऊर्जा घेराबंदी की गई है। ताकि टाइगर रिजर्व के ही दूसरे जानवर या फिर कोई बाहर का जानवर घेरे के अंदर रखे गए जानवर को क्षति न पहुंचा सके।

# दिव्यांगजन हमारे समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं : प्रीति किस्कू




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर रविवार को समाहरणालय परिसर में समाज कल्याण विभाग व इलेक्शन डिपार्टमेंट की ओर से विशेष दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दिव्यांगजनों के बीच वाकिंग स्टिक,हियरिंग ऐड,फल व मिठाई का वितरण किया गया। शिविर में मतदाता सूची से वंचित दिव्यांगों का तत्काल औपचारिकताओं का निर्वहन कर नाम जोड़ा गया। आवश्यकतानुसार उनसे प्रपत्र छः भी लिया गया। मौके पर उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह पांकी की निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने कहा कि दिव्यांगजन हमारे समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं। जिन्हें उचित सम्मान दिए जाने की जरूरत है। रविवार को पूरे जिले के बूथों पर विशेष कैंप के जरिए सभी दिव्यांग मतदाताओं के निर्वाचन से जुड़े विभिन्न तरह के कार्य संपादित किये गये। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान व सदर सीओ समेत कई लोग उपस्थित थे।

### जिला विकालांग संघ ने मनाया विश्व दिव्यांग दिवस

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विकलांग संघ ने कचहरी परिसर में विश्व दिव्यांग दिवस का आयोजन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, सदर सीओ अमरदीप सिंह बल्होत्र, अविनाश तिवारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने उपस्थित दिव्यांगों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग समाज के अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि संघ द्वारा उन्हें कई समस्याओं को बताया गया है। जल्द ही उन समस्याओं को उच्चाधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा। ताकि दिव्यांगों की जो समस्या है,उसका निराकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि दिव्यांग किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।। उन्होंने कहा कि समय को देखते हुए दिव्यांग हुनरमंद बन स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को प्रशिक्षण दिलाने के लिए विभाग से बात करेंगी। उन्होंने कहा कि तीन सालों से दिव्यांग आवासीय विद्यालय बंद है। उसे खोलवाने के लिए वे उपायुक्त से बातचीत करेंगी। सीओ ने स्वीप कार्यक्रम के तहत वैसे दिव्यांग जिनका वोटर आईडी कार्ड नहीं है अथवा वोटर आईडी कार्ड में किसी तरह की त्रुटि है। सुधार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सदर प्रखंड कार्यालय में दिव्यांग इस संबंध में संपर्क कर सकते हैं। अविनाश तिवारी ने कहा कि जिला स्तर पर दिव्यांग स्क्रीनिंग कमेटी बनी हुई है। परंतु पलामू जिला विकलांग संघ के एक भी प्रतिनिधि को उसमें शामिल नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। संघ के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि सरकारी कार्यालय तक जाने के लिए रैंप की व्यवस्था नहीं होने के कारण पदाधिकारी से दिव्यांग मुलाकात नहीं कर पाते हैं।

## होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया शुरू, युवाओं में दिखा उत्साह



**मेदिनीनगर।** शहर के पुलिस स्टेडियम में शनिवार से होमगार्ड जवानों की बहाली प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसे लेकर जिले के युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। पहले व दूसरे दिन पाटन प्रखंड के 1600 से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए। प्रक्रिया में मैराथन दौड़ का सटीक विश्लेषण के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का प्रयोग किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी हो तो तत्काल उसे पकड़ा जा सके। बहाली के लिए अभ्यर्थियों को निर्धारित सभी प्रकार की प्रक्रियाओं से होकर गुजरना पड़ रहा है। सभी प्रखंड के अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग दिन निर्धारित किया गया है। यह प्रक्रिया डीसी शशि रंजन व एसपी रिष्मा रमेशन की निगरानी में की जा रही है। वहीं निगरानी के लिए सार्जेंट मेजर अनीश मोहित कुजूर सहित अन्य अधिकारी व मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया गया है। सार्जेंट मेजर ने बताया कि होमगार्ड बहाली प्रक्रिया में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जा रही है। दौड़ में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का इस्तेमाल किया जा रहा है व एक-एक अभ्यर्थियों की वीडियोग्राफी से निगरानी की जा रही है। पूरे स्टेडियम में सीसीटीवी कैमरा लगाकर वीडियोग्राफी करायी जा रही है। ताकि बहाली प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि युवाओं को निष्पक्ष भाव से रोजगार प्रदान किया जाये।

**कार्यक्रम** | आपकी सरकार शिविर में 3909 आवेदनों का आन द स्पाट निवारण

# अबुआ आवास के लिए मिले सर्वाधिक 50890 आवेदन

**अब तक 6055 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल व 1449 लाभूकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया गया है**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के पंचायतों में पिछले 9 दिनों से आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। शनिवार तक आयोजित शिविरों में विभिन्न योजनाओं के कुल 84768 आवेदन प्राप्त किये गये हैं। इनमें सर्वाधिक 50890 आवेदन अबुआ आवास के लिए मिले हैं। बताया गया है कि शिविरों में आए कुल आवेदनों में से 3909 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया है। वहीं 66 आवेदन निरस्त करते हुए शेष को प्रक्रियाधीन किया गया है। शिविरों में अबुआ आवास के अलावे सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के 1562,सर्वजन पेंशन के 1899, मुख्यमंत्री पशुधन के 2250, बिरसा सिंचाई कूप संर्वधन योजना के 672, गुरूजी क्रेडिट योजना के 5095, केसीसी 299, भूमि म्यूटेशन के 123 सहित कई अन्य योजनाओं के आवेदन ग्रामीणों द्वारा विभागीय स्टॉलों पर समर्पित किये गये। वहीं 338 लोगों के आधार निबंधन व 248 लोगों का आधार में सुधार ऑन द स्पॉट किया गया है। इन शिविरों के दौरान अबतक 6055 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल व 1449 लाभूकों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया गया है। वहीं शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाकर ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच सहित मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया जा रहा है।

## गागर में सागर

### सहायक अध्यापकों ने मंत्री के आवास पर प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

**गढ़वा।** झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर रविवार को स्थानीय विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सरकार के वादा खिलाफी के खिलाफ जिला अध्यक्ष सूर्यदेव तिवारी की नेतृत्व में सहायक अध्यापकों ने मंत्री के प्रतिनिधि संजय कुमार को उनकी अनुपस्थिति में ज्ञापन सौंपा। मौके पर महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष रेशमा खातून, चिनिया प्रखंड अध्यक्ष रंजीत यादव, अशोक यादव, मंगलेश तिवारी, मंदीप पासवान, सुनील यादव आदि लोग उपस्थित थे। ज्ञापन में कहा गया कि सरकार बनने से पहले मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि सरकार बनने के तीन माह के अंदर सहायक अध्यापकों को समान काम के बदले समान वेतन का तोहफा दिया जाएगा, लेकिन सरकार बनने के 4 वर्ष गुजर जाने के बाद भी वेतनमान सहित अन्य मुद्दों पर सकारात्मक पहल नहीं किए जाने से राज्यभर के सहायक अध्यापकों में सरकार के खिलाफ आक्रोश है 11 दिसंबर एवं 14 दिसंबर 2021 को दिवंगत शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो की अध्यक्षता में विधायक सुदिब्य सोनू एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में बिहार मॉडल पर वेतन के लिए हाई लेवल कमेटी की बैठक हुई थी, जिसमें अधिकारी द्वारा आधारहीन पेंच लगाकर पर सहायक अध्यापकों को बिहार की तर्ज पर वेतनमान से वंचित कर दिया गया और वर्तमान में भविष्य सुरक्षा के विभिन्न प्रस्ताव के साथ तत्काल मानदेय वृद्धि एवं पारा शिक्षकों के सेवा स्थाईकरण वाली सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 को लाकर झारखंड कैबिनेट में पारित कर दिया गया। इधर सहायक अध्यापकों की आकलन परीक्षा ली गई लेकिन अभी तक 10 प्रतिशत की मानदेय वृद्धि नहीं मिल सकी है। अन्य मांगों में वेतनमान एवं राज्य कर्मियों का दर्जा झारखंड के तमाम सहायक अध्यापकों को बिना विलंब किए अल्पसंख्यक विद्यालय की तर्ज पर वेतनमान (9300-34800) एवं बिहार राज्य की तर्ज पर राज्यकर्मी का दर्जा प्रदान करने, बिहार राज्य में आकलन, दक्षता परीक्षा, सीटेट को समतुल्य मान्यता देते हुए सभी को वेतनमान एवं ग्रेड पे लागू किया करने, सहायक अध्यापकों के साथ न्याय करते हुए आंगनबाड़ी /सेविका सहायिका की तरह सेवानिवृत्ति 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने, 2018 एवं पूर्व की सरकार के समय आंदोलन में सहायक अध्यापकों के ऊपर किए गए केस को तत्काल वापस करने, राज्य में जारी 26000 सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से स्थगित करते हुए छात्र शिक्षक अनुपात को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षक रिक्ति की संख्या 70000 किया जाए एवं 20 वर्षों से कम कर रहे सहायक अध्यापकों को सरकारी शिक्षक पर समायोजित किया जाए। वित्त विभाग द्वारा कार्मिक विभाग को इस संदर्भ में पूर्व अनुशंसा भेजी गई थी लेकिन उसकी अनदेखी करते हुए सहायक आचार्य नियुक्ति का विज्ञापन जारी कर दिया गया।

### मोटरसाइकिल पलटी, सवार घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के टाउनशिप के दुलहर पुलिया के समीप रविवार की दोपहर में बाइक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक सिंदुरिया निवासी संतोष बहादुर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां सीएचओ इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा की देखरेख में इलाज जारी है। सीएचओ ने बताया कि स्थिति देखने के बाद रेफर किया जाएगा। बताया कि संतोष टाउनशिप से बाइक से आ रहे थे कि दुलहर पुलिया के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो को देखकर हड़बड़ा गये और टेम्पों से बचने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई।

### चांद रेडिमेड वस्त्रालय का शुभारंभ



**केतार।** केतार बाजार के कपुर्री गेट के समीप रविवार को चांद रेडीमेड वस्त्रालय का शुभारंभ स्थानीय मुखिया प्रमोद कुमार ने किया। इस दौरान केतार प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद, मुकुंदपुर पंचायत के बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज अंसारी उपस्थित थे। इस मौके पर चांद रेडीमेड वस्त्रालय के प्रोपराइटर मौलाना नसीम अहमद के द्वारा प्रबुद्ध लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर इकबाल अंसारी, जयंत विश्वकर्मा, शमीम अंसारी, गुलजान अंसारी आदि मौजूद थे।

### किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण

**भवनाथपुर।** प्रखंड के कैलान पंचायत सचिवालय में रविवार को किसान मित्र प्रेम यादव की अध्यक्षता में किसानों के बीच बीज एवं कीटनाशक आदि का वितरण किया गया। बीटीएम राकेश रजक, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, कैलान पंचायत मुखिया सुकनी देवी एवं समाज सेवी राजमोहन यादव ने 135 किसानों के बीच सरसों बीज का वितरण किया। बीटीएम ने किसानों को सरसों की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं दवा उपयोग करने के तरीका बताया। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि सरकार ने किसानों को सरसों बीज उपलब्ध कराया है।

---

### बीडीओ-सीओ के सहारे जैसे-तैसे चल रहा आपूर्ति विभाग

# जिले में एक भी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नहीं

**बिट्टू सिंह। केतार**



सरकार ने पूरे राज्य में खाद्य आपूर्ति को लेकर कई योजनाएं संचालित की हैं ताकि आम आवाम और जरूरतमंद लोगों को आसानी से खाद्य सामग्री गांव में ही जनवितरण प्रणाली की दुकान में डीलरों के माध्यम से सुगमता पूर्वक ससमय मिल सके। साथ ही साथ जरूरतमंद लोगों को आसानी से प्रखंड स्तर पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के माध्यम से राशनकार्ड बनवाया या उसमें सुधार कराया जा सकें।

चूंकि राज्य सरकार ने प्रतिदिन डीलरों की क्रिया कलापों की देखरेख के लिए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) को ही अधिकृत किया है। लेकिन गढ़वा जिला में खाद्य आपूर्ति विभाग का दम घुटता हुआ नजर आ रहा है। इसका कारण यह है कि गढ़वा जिले में 20 प्रखंड हैं। लेकिन यहां पर स्थायी तौर पर किसी भी प्रखंड में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पदस्थापित नहीं हैं। सभी प्रखंडों में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के स्थान पर बीडीओ और सीओ प्रभार में काम कर रहे हैं। इस वजह से पिछले कई महीनों से जिले के विभिन्न प्रखंडों से राशनकार्ड धारियों को राशन नहीं मिलने और डीलर द्वारा राशन की कालाबाजरी करने की शिकायत संबंधित प्रखंड के बीडीओ, जिला उपायुक्त और जिला आपूर्ति पदाधिकारी से लाभुकों द्वारा की जाती रही है। प्रखंडों में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की पदस्थापना नहीं होने से आपूर्ति विभाग बीडीओ - सीओ के माध्यम से जैसे तैसे चल रहा है। ज्ञात हो कि किसी भी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी के पास अपने ही विभाग से संबंधित इतने काम होते हैं कि अतिरिक्त प्रभार वाले कामों पर इनका ध्यान ही नहीं जाता है। इस कारण खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यों में शिथिलता देखने को मिलती है। वहीं अक्सर गांव के लाभुकों द्वारा राशन समय पर नहीं मिलने की शिकायतें भी मिलती रहती हैं।

**इन सभी प्रखंडों में प्रभार में चल रहा है आपूर्ति विभाग :** भवनाथपुर, केतार, खरौंधी, कांडी, मझिआंव, बरडीहा, विशुनपुरा, रमना, नगर उंटारी, सागमा, धुरकी, डंडई, चिनिया, डंडा, रमकंडा, बडगड़, मेराल, गढ़वा, भंडरिया और रंका में आपूर्ति विभाग बीडीओ व सीओ के भरोसे चल रहा है।

**जिला में एक भी आपूर्ति पदाधिकारी नहीं है :** इस संबनं में जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडे ने कहा कि जिले में किसी भी प्रखंड में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी पदस्थापित नहीं है, जिससे कार्य करने में भी परेशानी होती है। बीडीओ और सीओ के सहारे किसी तरह आपूर्ति विभाग का कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है।

### मां देवी की प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ के लिये कमेटी गठित

**मझिआंव।** स्थानीय राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में बाबा केशव नारायण दास की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मझिआंव ब्रह्म स्थल के बगल में स्थित देवी धाम माता मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ किया जाएगा। इसके लिए कमेटी का चयन किया गया, जिसमें यज्ञ कर्ता संरक्षक बाबा केशव नारायण दास, मारुति नंदन सोनी, अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी, उपाध्यक्ष उमेश यादव, कृष्णा सिंह, परशुराम सिंह, महासचिव यश देव तिवारी, सचिव लखन देव तिवारी, पवन जायसवाल, जगरनाथ शाह, वीरेंद्र सैंडिक, कोषाध्यक्ष नागेंद्र साहू एवं शैलेंद्र दुबे, व्यवस्थापक नागेंद्र सिंह, डॉ रजनीकांत वर्मा, नीतीश चंद्रवंशी, वीरेंद्र पाठक, जितेंद्र पाठक, धीरेंद्र उर्फ पंटू, राहुल चंद्रवंशी, प्रदुमनशाह, मनु ठाकुर एवं विपेश चंद्रवंशी को चाहन किया गया। वहीं कार्यकारिणी में पंकज चंद्रवंशी, प्रीतम, शिवम, नीरज सिंह, रामनाथ यादव, गुड्डू ठाकुर, मुन्नी यादव, नंदू राम, विवेक तिवारी, गोलू सिंह, किशन सिंह, डॉक्टर पीके सिंह, संतु सिंह, जितेंद्र सिंह, जितेंद्र शाह, नागेंद्र पाठक, निर्मल शाह, गोविंद शाह, अंकेश, हिमांशु कुमार, सुधीर कुमार, मुकेश कुमार, चिंटू कुमार एवं मिथिलेश कुमार को चयन किया गया।

## किसी रोजगार सेवक ने स्थानांतरित पंचायत में नहीं दिया योगदान

### नए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने एक माह पहले जारी की थी तबादला चिट्ठी

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**




प्रखंड के रोजगार सेवकों का ट्रांसफार्मर हुए लगभग महीना दिन का समय बीत गया लेकिन अभी तक उनके द्वारा स्थानांतरित पंचायत में योगदान देने का काम नहीं किया गया है, जबकि उन्हें पत्र जारी होते ही तुरंत स्थानांतरित पंचायत में योगदान कर पंचायत के कार्यों को संभालने का बीडीओ की ओर से सख्त निर्देश दिया गया था। जिन रोजगार सेवकों की बदली की गई है उनमें दिनेश कुमार रवि, दामोदर कुमार, प्रमोद कुमार प्रजापति, अशोक राम, संजीव कुमार, विनय चौबे, बृजमोहन कुमार, अनिल केरकेट्टा के साथ-साथ सुनील प्रसाद शामिल हैं।

मालूम हों कि इससे पहले भी तात्कालिक बीडीओ सोमा उरांव ने प्रखंड के कई रोजगार सेवकों का तबादला किया था, लेकिन एक भी रोजगार सेवक ने स्थानांतरित पंचायत में आज तक योगदान नहीं दिया। सभी रोजगार सेवक पुरानी पंचायत में ही आज तक काम कर रहे हैं। बीडीओ की तबादला चिट्ठी सिर्फ कागज बनकर रह गई थी। उसके बाद प्रखंड के नए बीडीओ राहुल कुमार सानू ने प्रखंड के सभी रोजगार सेवकों के तबादले की चिट्ठी एक महीना पहले जारी की थी। बावजूद आज तक किसी रोजगार सेवक ने स्थानांतरित पंचायत में योगदान देने का काम नहीं किया है। यह चिट्ठी का हश्र भी कहीं पूर्व बीडीओ सोमा उरांव की चिट्ठी जैसा न हो जाए। नए बीडीओ की तबादला चिट्ठी गांव घर में चर्चा का विषय बन गई है। सभी लोग चिट्ठी को लेकर चौक चौराहों पर आपस में चर्चा करना शुरू कर दिए हैं।

## भवनाथपुर : घर में जुआ खेल रहे दो लोग गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर शनिवार रात्रि भवनाथपुर सब्जी बाजार स्थित पुजेरु साव के घर में अवैध रूप से जुआ खेल रहे दो लोगों को गिरफ्तार किया। अन्य जुआरी मौके का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहे।

इस मामले को लेकर पुलिस ने आधा दर्जन जुआरियों पर प्राथमिकी दर्ज की है, जिनमें अकरम साईं, आनंद गुप्ता, राकेस चंद्रवंसी, प्रवीण चंद्रवंसी, विजय यादव, छोटु चंद्रवंसी शामिल हैं। पकड़े गये जुआरियों में आनंद साव व प्रवीन चंद्रवंसी शामिल हैं। जुआारियों के पास से पुलिस ने 24 हजार रुपये नकद, दो डेबिट कार्ड व ताश का पैकेट बरामद किये हैं। बताते चलें कि एक सप्ताह पूर्व राष्ट्रीय नवीन मेल में अवैध जुआ के खेल के बारे में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी, जिसमें बताया गया था कि


जुआरी जगह बदल कर खेल रहे जुआ

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत दीपावली पर्व संपन्न होने के बावजूद जुआरियों का खुमार उतरने के बजाय और बढ़ा हुआ है। इसको लेकर बड़े पैमाने पर जुआरी बिचौलियों के बल पर दिन व रात जगह बदल बदल कर जुआ खेल रहे हैं। इसमें सीमावर्ती क्षेत्र यूपी से भी लोग जुआ खेलने आ रहे हैं। हालांकि प्रशासन को इसकी भनक मिल चुकी है एक दो बार छापेमारी भी पुलिस द्वारा की गई, परंतु जुआरियों का नेटवर्क मजबूत होने के कारण सफलता नहीं मिल पा रही है, जबकि बिचौलिया प्रशासन द्वारा चिन्हित होने के बावजूद पकड़ से दूर है तो इसमें प्रशासन की मिलीभगत से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो

भवनाथपुर व इसके आसपास के क्षेत्रों में बिचौलियों द्वारा बड़े पैमाने पर जुआा खिलाया जा रहा है, जिसमे यूपी से भी जुआरी पहुंचते हैं। इस मामले में थाना पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी, परंतु जुआरियों का नेटवर्क तगड़ा होने के कारण पुलिस को सफलता नहीं मिल पा रही थी। शनिवार रात्रि पुलिस इंसेक्टर कृष्णा कुमार को गुप्त सूचना मिलते ही एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। छापेमारी अभियान में एसआई कुंदन यादव, रविशंकर रॉय व पुलिस के जवान शामिल थे।

## 'राजनीतिक द्वेष से रोका बागेश्वर महाराज का कार्यक्रम'

### विधायक भानु बोले-सनातन व हिंदुत्व की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा गई है सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**



राजनीतिक द्वेष से या सनातनियों और हिंदुत्व की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए बागेश्वर महाराज के कार्यक्रम को रोकने का प्रयास किया गया। उक्त बातें शनिवार को विधायक भानु प्रताप शाही ने चंदनी में प्रेसवार्ता के दौरान कहीं।

साथ ही शाही ने कहा कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का पलामू में कार्यक्रम 10 से 12 दिसंबर को प्रस्तावित था। कार्यक्रम का समय भी निर्धारित हो गया था। सरकारी प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी। एसडीओ ने अनापति प्रमाण पत्र भी दे दिया था। हनुमत कथा समिति के लोग कार्यक्रम की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच, राजनीतिक द्वेष से या सनातनियों में हिंदुत्व की बढ़ती हुई लोकप्रियता को देखकर बागेश्वर महाराज के कार्यक्रम को रोकने का प्रयास किया गया। एसडीओ ने अनापत्ति दी और डीसी ने आपत्ति लगाई कि नदी किनारे जो कचरा इकट्ठा होगा उसका क्या होगा? इको सिस्टम का क्या होगा? प्रशासन सरकार का एक अंग होता है, लेकिन उसके पीछे सरकार की जो मंशा है वो उजागर हुई है। आज किसी भी नदी का सर्वे करा लिया जाय। हर नदी में इंक्रोचमेंट है। बागेश्वर धाम के महाराज का सिर्फ चार दिन की कथा का आयोजन होना था। इसमें जो गंदगी होती उसकी सफाई भी करा ली जाती, लेकिन प्रशासन इसे रोकने का भरसक प्रयास कर रहा है, जो सरासर गलत है। प्रदेश की सरकार नदी के संरक्षण या संवर्धन के लिए क्या कर रही है। सरकार ने नदी की सफाई के लिए आज तक क्या किया है?

विधायक ने कहा कि इस तरह कथा को रोक देना सनातनियों पर कुठाराघात है। सरकार एक संयंत्र करके बागेश्वर धाम सरकार को नहीं आने देना चाहती है। इनके कार्यक्रम से लोगों में एकजुटता आ रही है। सरकार ने उक्त कार्यक्रम को राजनीतिक तरीके से रोकने का काम किया है। साथ ही पूछने पर बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसमें आम लोगों को कितना लाभ मिलेगा? सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का ये तीसरा साल है। इसके तहत सरकार एक भी समस्या का समाधान नहीं कर पा रही है। इससे पूर्व भी दो बार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, लेकिन लोगों के आवेदन को कूड़ेदान में फेंक दिया गया। लोगों की समस्या यथावत बनी रह गई। इसलिए आज भी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों का हुजूम समस्या के समाधान के लिए पहुंच रहा है। सरकार केवल इसके नाम पर समियाना, टेंट, साउंड लगा कर कमीशन खाने में लगी है। पिछले साल भवनाथपुर विधानसभा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये आवेदनों को लोगों ने सड़क किनारे जलते हुए देखा। कई ठेलों पर जनता के आवेदनों में बादाम और चना बेचे गए। सरकार चुनाव नजदीक देखकर इस तरह के काम को कर रही है। जमीन पर कुछ काम नहीं हो पा रहा है।

## तीन राज्यों में जीत पर भाजपा का जश्न

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**




मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान में भाजपा को मिली अप्रत्याशित जीत पर बड़गड़ के भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद एवं क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया के प्रतिनिधि ओम प्रकाश के नेतृत्व में बड़गड़ मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय हनुमान मंदिर चौक पर पटाखे छोड़े। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन वाली सोच की बदौलत मिली है। यह जीत गरीबों, वंचितों के साथ भाजपा के तमाम जमीनी कार्यकर्ताओं की है। मौके पर बसंत सोनी, रमेश गुप्ता, मुकेश सोनी, रंजन सोनी, रवि सोनी, सुरेश सोनी, अखिलेश पांडेय, संतोष गुप्ता, रंजीत जयसवाल, मुन्ना प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने किया खुशी का इजहार

**धुरकी।** भाजपा की तीन राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में प्रचंड जीत पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकालकर अपनी खुशी का इजहार किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने धुरकी बाजार स्थित कपूर्री चौपाल के पास विजय जुलूस निकाला। कार्यकर्ता एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते, पटाखे फोड़ते चौक मोड़ तक पहुंचे। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रीना देवी आदि मौजूद थे।

### तीन राज्यों में जीत पर भाजपाइयों ने निकाला जुलूस

**खरौंधी।** भाजपा की तीन राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने खरौंधी बाजार से विजय जुलूस निकाला, जो पूरे बाजार का भ्रमण कर भाजपा कार्यालय पर संपन्न हुआ। जुलूस में ढोल-नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ता एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते, पटाखे फोड़ते चंदनी मोड़ तक पहुंचे। मौके पर मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि जितेंद यादव, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, भाजपा नेता बसंत कुमार यादव, अरुण सिंह, विकास सिंह, इग्नासुस बाड़ा, मंटू सिंह, सुनील द्विवेदी, सतेंद्र यादव, सुशील यादव, रामप्रीत गुप्ता, बुधनाथ गुप्ता आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने डोल बाजार में शराब व मुर्गा की बिक्री पर लगाई रोक

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**



थाना क्षेत्र के डोल गांव में रविवार को ग्रामीणों की एक आपातकालीन बैठक बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य नागेंद्र सिंह ने की। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि डोल बाजार में अवैध रूप से शराब की बिक्री व मुर्गा भूजने वालों पर पूरी तरीके से प्रतिबंध रहेगा। ग्रामीणों ने बताया कि डोल गांव में रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में मुर्गा भुज कर बेचने व शराब की भारी भरकम बिक्री की जाती है, जिसका खामियाजा पंचायत सहित अन्य गांवों के लोगों को भी उठाना पड़ रहा है। शराब पीने से लोगों की जान भी जा रही है। हमारे गांव में दो दिन पहले ही दो लोगों की मौत शराब पीने की वजह से मोटरसाइकिल दुर्घटना में हुई है। अगर वे शराब के नशे में नहीं होते तो बड़ी दुर्घटना नहीं होती। इसलिए ग्रामीणों ने यह निर्णय लिया है कि बाजार में मुर्गा भुज कर की जा रही बिक्री व शराब की बिक्री पर पूरी तरीके से प्रतिबंध रहेगा ताकि शराब की वजह से कोई और घर बर्बाद ना हो और लोगों की जान नहीं जाए। यह नियम रविवार से ही लागू होगा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य नागेंद्र सिंह, भरत सिंह, बबलू पासवान, दामोदर शाह, उपेंद्र शाह,अकलेश शाह, संजय राम, संजीवन कोरवा, आनंद बिश्वकरमा सोनू शाह आदि मौजूद थे।

---

**राजनीति** राजद नेता ने कहा-राम की परिभाषा नहीं जानते भाजपा के लोग, झारखंड में जातिगत आरक्षण जरूरी

# संविधान बचाना है तो 2024 में राजद का दें साथ : सुभाष यादव

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड में जातिगत आरक्षण जरूरी है। क्योंकि जब तक आरक्षण जातिगत आरक्षण नहीं होगा तब तक जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी सुनिश्चित नहीं हो पाएगा। उक्त बातें राजद की ओर से गोविंद हाई स्कूल के मैदान में आयोजित जनता के पांव पूजाई कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सुभाष यादव ने कहीं। उन्होंने कहा कि 2024 का समय आने वाला है। आप अगर एकजुट नहीं हुए तो आने वाले दिनों में संविधान को खत्म करने के लिए भाजपा लगी हुई है। राम रहीम के नाम पर कुछ लोग देश को बांटने का काम कर रहे हैं। इसे उनके मकसद में कामयाब नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने देश के अत्यंत पिछड़े, गरीब, असहाय, दलित लोगों को उनका हक दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में राजद का गढ़ कहे जाने वाले पलामू, चतरा और कोडरमा की सीट पर लोकसभा चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारेंगे। वहीं विधानसभा में भी हमारे इस इलाके में अपना दबदबा बनाने के लिए पुनः अपने प्रत्याशी उतारेंगे।

उन्होंने कहा कि आज देश में राम मंदिर बनाने के नाम पर तरह-तरह के पाखंड अपना रहे हैं, लेकिन भाजपा के लोग भगवान राम की परिभाषा तक नहीं जानते। वैसे लोगों के पाखंड से आज हम लोगों को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिहार में राजद गठबंधन की सरकार ने 5 लाख लोगों को नौकरी देने का काम किया है। इसमें



झारखंड के 12 हजार अभ्यर्थी भी शामिल हैं। आज हम लोग झारखंड में बिछड़े हुए लोगों को एक साथ एक मंच पर लाने का कार्य कर रहे हैं। देश में लोकतंत्र बचाने के लिए, संविधान बचाने के लिए तमाम जनमानस को एकजुटता का परिचय देना होगा। उन्होंने कहा कि देश में जनता मालिक है। लेकिन आज कुछ ऐसे नेता हैं जो जनता के वोट से जीत कर खुद को घमंड में चूर हो जाते हैं। देवता रूपी जनता को भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला समय में वैसे नेताओं को मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है।

राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि अब तक जनता के पांव पुजाई कार्यक्रम चतरा और कोडरमा में हो चुके हैं। रविवार को गढ़वा में किया गया है। पूर्व सांसद घूरन राम ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव जन-जन के विचार हैं। आज भी हर वर्ग के लोगों के दिलों पर राज करते हैं। इंजीनियर श्याम दास सिंह यादव ने कहा कि पलामू राजद का गढ़ रहा है और यहां के लोग हमेशा से आशीर्वाद राजद को देते रहे हैं। आने वाले दिनों में पलामू प्रमंडल की जनता राजद को भरपूर आशीर्वाद देगी। मौके पर राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, प्रदेश महासचिव फैजल हक, पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अनीता यादव, विजय राम, जमरूद्दीन अंसारी, फरीद खान, डॉक्टर मकबूल आलम, युवा राजद के सोनू यादव, धर्मराज राम, वीरेंद्र यादव, पारसनाथ विश्वकर्मा, मुजीबु रहमान, मुनेश्वर सिंह, कामेश्वर यादव, सीमा यादव उपस्थित थे।

### धोती-साड़ी को लेकर हुई मारामारी

राजद की ओर से जनता के पांव पुजाई कार्यक्रम के दौरान साड़ी धोती वितरण के दौरान भगदड़ मच गई। लोग साड़ी धोती लूंगी लेने के लिए धक्का मुक्की करने लगे। इसी बीच कई लोग जख्मी भी हो गए। वहीं जनता के पांव पुजाई कार्यक्रम के दौरान गढ़वा डंडा रामकंडा रंका चिनिया मेराल से सैकड़ो लोग भाजपा और झारखंड मुक्ति मोर्चा को छोड़कर राजद में शामिल हुए।

### पाचाडुमर में मैजिक चालक को पीटा, घायल

**केतार।** थाना क्षेत्र के पाचाडुमर गांव में रविवार को मामूली विवाद में गांव के ही चंद्रकांत मेहता और उसकी मां ने मुकुन्दपुर गांव निवासी मैजिक चालक सतीश सिंह को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलावस्था में युवक को इलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। युवक ने बताया कि मैजिक गाड़ी लेकर डेकोरेशन का समान लेने पाचाडुमर गांव गया था, साइड लेने के क्रम में मैजिक वाहन का उपरी हिस्सा मिट्टी के खपरैल घर में लग गया। इस पर मकान मालिक बसंत मेहता का पुत्र चंद्रकांत मेहता और उसकी पत्नी ने गाली गलौज करते हुए लाठी, डंडे और टांगी से मारपीट कर घायल कर दिया और पैकेट से 700 रुपये भी निकाल लिया। गांव के लोगों ने बीच-बचाव कर मुझे इलाज के लिए भवनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया।

## गागर में सागर

### झामुमो ने युवा कमेटी का किया विस्तार



**बालूमाथ।** प्रखंड की रजवार पंचायत में झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान के नेतृत्व में युवा पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया। इसमें पंचायत अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, उपाध्यक्ष अनोज यादव, सचिव बनेश्वर उरांव, सदस्य संदीप यादव, तबरेज अंसारी, इश्तियाक अंसारी, कमलेश यादव, राहुल गंझु, जाकिर अंसारी, हिमांशु यादव, रुपेश यादव, सनोज यादव किशोरी यादव आदि के नाम शामिल हैं। चयनित पंचायत युवा कार्यकर्ताओं को युवा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब ने माल्यार्पण कर सम्मानित करते हुए बूथ स्तर तक कमेटी का गठन करने आग्रह किया।

### शैक्षणिक भ्रमण पर गए जेएनवी के बच्चे




**चतरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय चतरा के छात्र-छात्राओं का दल रविवार को शैक्षणिक भ्रमण के लिए बिहार के सासाराम स्थित गोपाल नारायण सिंह यूनिवर्सिटी पहुंचे। इस दौरान दल में शामिल छात्र-छात्राओं ने विशेष रूप से मेडिकल लेबोरेट्री आदि का भ्रमण कर उसके बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। टीम का नेतृत्व कर रहे खेल शिक्षक ने बताया कि मेडिकल संबंधित लैब आदि भ्रमण कराने का उद्देश्य 12 वीं कक्षा के बाद छात्रों को आगे के पढ़ाई के लिए विषय चयन करने में सहायता प्रदान करना था। इस क्रम में छात्रों ने मास कम्युनिकेशन, लॉ, एग्रीकल्चर सहित अन्य विभागों का भी भ्रमण किया।

### तीन राज्यों में प्रचंड जीत पर भारतीय जनता पार्टी ने निकाला विजय जुलूस



**श्री बंशीधर नगर।** देश के चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में तीन राज्यों में भाजपा को मिली प्रचंड बहुमत की खुशी में रविवार को विधायक भानु प्रताप शाही के नेतृत्व में श्री बंशीधर नगर में ढोल नगाड़े के साथ विजय जुलूस निकाला गया। राजस्थान, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल होने पर भाजपाइयों ने बम पटाखा फोड़ व मिठाइयां बांटकर अपनी खुशियों का जमकर इजहार किया। विजय जुलूस बस स्टैंड से प्रारंभ होकर राष्ट्रीय राजमार्ग 75 से अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय तक जाकर वापसी में थाना के सामने आकर समाप्त हुआ। जुलूस में शामिल भाजपाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जिंदाबाद, भारत माता की जय, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद आदि नारे लगा रहे थे। सभी भाजपाई खुशी से झूमते चल रहे थे। विजय जुलूस में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रघुराज पांडेय, अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष शिवधारी राम, विकास स्वदेशी, सिद्धेश्वर लाल अग्रवाल,शहरी मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, मुकेश चौबे,विधायक प्रतिनिधि लालमोहन प्रसाद यादव,ओमप्रकाश गुप्ता, विभूति भूषण चौबे, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ सोनू सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, संजय कसेरा, पूर्व प्रमुख रविंद्र कुमार पासवान, तौवाब खान, राकेश चौबे, भगत दयानंद यादव, अविनाश कुमार, संतोष चौबे, अनुपम कुमार चतुर्वेदी, सत्येंद्र चौधरी, विजय ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपाई शामिल थे।

# तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने फोड़े पटाखे



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार शाम तीन राज्यों में भाजपा की शानदार जीत पर जमकर पटाखे फोड़ते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में भाजपा की शानदार जीत पर कार्यकर्ताओं ने नगर भ्रमण कर जश्न मनाया। जुलूस में सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, दिलीप कुमार सिंह, विकास कुमार सिंह, मनोज प्रसाद, मनोज यादव, शिबू साव, जितेंद्र सिंह, सुनील सिंह, पवन चौधरी, उपेंद्र प्रसाद, विवेक सिंह, दिलीप यादव, प्रदीप राम, हेमंत कश्यप आदि शामिल थे।

### सनहा में ग्रामीणों ने एनटीपीसी को जमीन नहीं देने का लिया निर्णय, कहा

# औने-पौने मूल्य पर नहीं होने देंगे भू-अधिग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

एनटीपीसी चट्टी बारियातु कोल परियोजना के विस्तारीकरण के लिए चिन्हित टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत काढमदिरी, उरदा व सनहा के ग्रामीणों की संयुक्त बैठक रविवार को हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया निलेश ज्ञासेन व संचालन पंसस नितेश अंबानी ने की। ग्रामीणों द्वारा चट्टी बारियातु कोल परियोजना के लिए एनटीपीसी कंपनी द्वारा भूमि अधिग्रहण संबंधित मामलों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए आगे भी ग्रामीण एकमत होकर भूमि अधिग्रहण के विरोध करने की बात कही। बताया गया कि बावजूद कुछ लोगों द्वारा गुपचुप तरीके से भूरैयतों के बगैर सहमति के कंपनी प्रबंधन को मांगपत्र सौंपा गया है, जिसपर



ऐतराज जताया गया। ग्रामीणों की मांगों का समर्थन करते हुए मुखिया ने कंपनी को जमीन संबंधित कोई भी कागजात नहीं देने तथा एकजुट होकर विरोध करने की बात कही और आगे भी साथ देने की बात कही। वहीं अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि रमेश राणा ने बताया कि एनटीपीसी प्रबंधन ग्रामीणों से औने-पौने मूल्य पर हीं भूमि अधिग्रहण करने की मंसूबा पाले बैठी है, जिसको कभी सफल होने नहीं दिया जायेगा। मौके पर रोहन महतो, लोकनाथ महतो, अशोक महतो, दिलीप पांडेय, धर्मनाथ महतो, राजेश महतो, प्रयाग राणा, संतोष पासवान, मुनेश्वर महतो, गिरधारी महतो समेत अन्य मौजूद थे।

# पुलिस ने किया ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

### करीब एक माह पहले हुई तीन बच्चों की मां की हत्या में प्रयुक्त खून लगा पत्थर बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया (चतरा)**

पुलिस ने लावालौग थाना क्षेत्र में हुए ब्लाइंड मर्डर का उद्भेदन करने में सफलता प्राप्त की है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार प्रियदर्शी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 29 अक्टूबर को कुकुर मरवा घाटी से एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया था। कांड के उद्वेदन के लिए मेरे नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया और एसआईटी द्वारा मृतका की पहचान खामडीह निवासी चिंता देवी, पति अनिल मेहता के रूप में करते हुए जांच के क्रम में हत्या के अभियुक्त ग्राम दारुडीह थाना लेसलीगंज निवासी 26 वर्षीय नीरज कुमार मेहता को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आगे बताया कि हत्यारा एवं महिला के बीच 2 साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला तीन बच्चों की मां थी और अभियुक्त पर बार-बार शादी करने का दबाव बना रही थी। महिला ने अभियुक्त को महिला मंडल से 60000 रुपये उठा कर



दिए थे और उस पैसे की मांग कर रही थी। इसके कारण गिरफ्तार अभियुक्त अपने साथियों के साथ मिलकर कुकुर मरवा घाटी के घने जंगल में महिला को ले जाकर पत्थर से चेहरा कुचलकर हत्या कर दी ताकि इसकी पहचान ना हो सके। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून लगा पत्थर बरामद कर लिया गया है। छापामारी दल में लावालौंग थाना प्रभारी अविनाश कुमार, पुअनी रामाशीष शुक्ला और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### मारपीट के दो आरोपी भेजे गए जेल

**गिद्धौर।** गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत द्वारी गांव में दो गुटों में हुए मारपीट के दो आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल भेजे गये आरोपियों में द्वारी निवासी कुलेश्वर भुइंयां व सनु भुइंयां का शामिल है। मालूम हो कि आपसी विवाद में दो गुटों में जमकर मार पीट हुई थी, जिसमें तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए थे। जिसे लेकर थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए दो आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### छात्रा के साथ मारपीट व अपहरण का प्रयास, कार जब्त, युवक गिरफ्तार

**चतरा।** शहर के जतराहीबाग चौक से छात्रा के अपहरण के प्रयास मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक सुरेंद्र गंझू, पिता सरोज गंझू, कुंदा थाना क्षेत्र के कोजरम गांव का रहने वाला है। वाहन भी जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में रविवार को सदर थाना में प्रेस वार्ता आयोजित कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने



बताया कि सूचना मिली कि उक्त युवक चार चक्का वाहन से कुंदा से लावालौंग की ओर जा रहा है। कुंदा थाना प्रभारी ने कार समेत युवक को धर दबोचा। चतरा कॉलेज से पढ़ाई कर वापस लौट रही छात्रा को जतराहीबाग चौक के समीप से दिनदहाड़े अपहरण करने व जबरन खींचकर कार में बैठाने का प्रयास व विरोध करने पर पिटाई कर घायल करने के संबंध में पीड़ित छात्रा ने सदर थाने में आवेदन देकर सुरेंद्र व दो अज्ञात युवकों के खिलाफ मारपीट व जबरन अपहरण करने के प्रयास का मामला दर्ज कराया था।

# टीएसपीसी संगठन के दो सक्रिय सदस्य कट्टा के साथ गिरफ्तार


### 3 राउंड कारतूस बरामद, भेजे जेल



**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**

पुलिस ने इटखोरी थाना क्षेत्र के सरहेता के सतौनी जंगल से टीएसपीसी नक्सली संगठन के दो सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। टीएसपीसी नक्सली संगठन के सक्रिय सदस्य इटखोरी थाना क्षेत्र के सरहेता गांव के जागेश्वर राणा का पुत्र मुकेश कुमार राणा व सदर थाना क्षेत्र के देवरिया गांव निवासी माधो भोक्ता का पुत्र भोला सिंह है। उक्त जानकारी डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम ने देते हुए बताया की पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि सतौनी जंगल में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में टीएसपी के नक्सली जमा हुए हैं। सूचना के आलोक में डीएसपी मुख्यालय व परीक्षमान पुलिस उपाधीक्षक वसीम रजा के संयुक्त नेतृत्व में टीम का गठन कर जंगल में छापेमारी कर पुलिस टीम ने दोनों को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से एक कट्टा, तीन राउंड कारतूस, तीन विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन बरामद किये गये व न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया। छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली, थाना प्रभारी बिनोद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक बंटी यादव सहित ससस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# दिवंगत पूर्व प्रमुख के दशगात्र में बीडीओ व विधायक हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

प्रखंड के दिवंगत पूव प्रमुख व भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम कुमार सिंह के दशगात्र में रविवार को विधायक किशुन कुमार दास, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष समेत समाज के लोग शामिल हुए। इस दौरान सभी ने दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलिदी। ज्ञात हो कि दिवंगत प्रमुख अपने कार्य से मध्य प्रदेश के रीवा अपने निजी वाहन से 22 सितंबर को जा रहे थे। तभी यूपी के मिजार्पुर के समीप वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो गया, जिसमें उनकी मौत हो गई थी। दशगात्र में नेताओं के अलावा समाज के सैंकड़ों लोगों ने दिवंगत के आत्माशांति के लिए दो मीनट का मौनधारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। लोगों ने कहा कि दिवंगत अपने कम उम्र में प्रखंड प्रमुख की उपाधि लिए और अपने मृदुल व्यवहार से सभी के दिलों में राज किया। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री मृत्युंजय कुमार सिंह, नंदकिशोर शुलभ, अश्विनी कुमार सिंह, महेंद्र नायक आदि उपस्थित थे।

### 20सूत्री अध्यक्ष ने उपलब्ध कराई खाद्य सामग्री

**बारियातु।** बीससूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु ने रविवार को चन्दवा प्रखंड के दामोदर ग्राम स्थित अनगढा टोला पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिलकर दशक्रम कार्यक्रम के लिए अनाज सहित कई खाद्य सामग्री देकर मदद की। बता दें कि बालूमाथ-रांची मुख्यमार्ग एनएच 22 पर चितरपुर ग्राम के समीप बीते रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी, जिनमें दामोदर ग्राम स्थित अनगढा टोला निवासी विजय गंझु (27), पिता बुधन गंझु एवं उसकी पत्नी देवंती देवी (24 ) एवं उसका पुत्र अमृत गंझु (8) शामिल थे। वहीं विजय गंझू की छोटी पुत्री अंकिता को गंभीर अवस्था में बेहतर इलाज के लिर रांची रिम्स रेफर कर दिया था।

# कराटा चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों के ट्रायल का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

रांची में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों की ट्रायल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रखंड के सामुदायिक भवन में लातेहार जिला स्तरीय एक दिवसीय कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में संत क्लेरेट स्कूल, ज्ञान भारती स्कूल, + 2 हाई स्कूल छिपादोहर, बरवाडीह व जिले के विभिन्न जगहों से 80 बालक बालिका खिलाड़ियों का सेंसुई लातेहार जिला अध्यक्ष मदनलाल द्वारा ट्रायल लिया गया। 32 खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिन्हें रांची खेल गांव टाना भगत इंदौर स्टेडियम में 8 से 10 दिसंबर तक होने वाली राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। सभी



चयनित 32 प्रतिभागी खिलाड़ियों तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सेंसुइ मदन लाल के नेतृत्व में रांची प्रस्थान करेंगे। मौके पर शिक्षक रमेश कुमार, संतोष कुमार, चंदन कुमार, गौतम सिंह, रेफरी संगीता टोपनो, जंग बहादुर सिंह, प्रधानाध्यापिका सुनिता खलको, संत मरियम स्कूल छिपादोहर के सुप्रियम मीन्ज ने खिलाड़ियों का हौसला बढाया।

**पहल** सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन व थाना प्रभारी बोले, दिव्यांग भी हर कार्य करने में सक्षम

# अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर कंबल का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा (चतरा)**

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर रविवार को बाल कल्याण समिति चतरा के चेयरपर्सन धनंजय तिवारी व पत्थलगड़ा थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के कई दिव्यांगों के बीच कंबल का वितरण किया। साथ ही कई अति जरूरतमंद दिव्यांगों को थाना प्रभारी ने आर्थिक सहयोग करने के साथ आगे भी जरूरत के अनुसार मद्द की बात कही। वहीं दुमबी गांव निवासी दिवंग की मां ने बताया की बेटे की उम्र करीब 35 वर्ष है, लेकिन ना ही राशन कार्ड बना है और ना ही पेंशन मिलता। इसपर सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन तिवारी ने संबंधित विभाग से संपर्क कर जल्द पेंशन व अन्य



सहायता दिलाने की बात कही। चेयरपर्सन तिवारी व थानेदार दास ने कहा कि दिव्यांग अपने आप को कमजोर नहीं समझें। वे सामान्य लोगों की तरह हर कार्य करने में सक्षम हैं। बस आप में हौसला होना अनिवार्य है। आगे दिव्यांगो के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने के साथ लाभ दिलाने की बात की।

## दिव्यांग मतदाताओं को किया गया जागरूक

**लातेहार।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित समवेशी सप्ताह के तहत रविवार को आयोजित दिव्यांग मतदाताओं के जागरूकता एवं निबंधन हेतु लातेहार जिला के चंदवा एवं



लातेहार प्रखंड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में देवदास दत्ता, अवर सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड सम्मिलित हुए। दत्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग मतदाताओं को माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया तथा उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इसके उपरांत बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ समीक्षा बैठक की एवं लक्ष्य के अनुरूप मतदाताओं का निबंधन करने का निर्देश दिया। बताया कि आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में 80 प्रतिशत से ज्यादा मतदान का लक्ष्य है, जिसे हम सभी को सामूहिक प्रयास से हासिल करना है। कार्यक्रम में विजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, चंदवा, मनोज कुमार तिवारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी लातेहार, अतहर रजा, मनोज कुमार, चंदन पांडेय, साकेत कुमार, लव कुमार, किशन कुमार गुप्ता एवं बीएलओ तथा बीएलओ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

# राजद प्रदेश कोषाध्यक्ष सह पूर्व प्रत्याशी का स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कोषाध्यक्ष सह पूर्व चतरा लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी सुभाष यादव का गढ़वा पैर पूजाई कार्यक्रम में जाने के दौरान रविवार को



सुबह बालूमाथ पांकी मोड़ में राजद कार्यकर्ताओं ने राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रितलाल यादव के नेतृत्व में पूरे गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। जिला कोषाध्यक्ष सह भावी प्रत्याशी लातेहार विस सुरेश राम सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनकर प्रदेश कोषाध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कोषाध्यक्ष के साथ काफिले में शामिल होकर गढ़वा कार्यक्रम के लिए प्रस्थान किए। इस दौरान दलित प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष तुलसीराम, युवा मंडल अध्यक्ष दीपक यादव, महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष शोभा देवी, युवा जिला सचिव विवेक यादव, राजेश रजक, निरंजन यादव, हरिहर यादव, अनुज यादव, तौफीक अंसारी, विवेक कुमार, विजय यादव, दशरथ यादव, उमेश उरांव, निर्मल यादव, अमित यादव, मो. जमील अख्तर, कुंदन मुंडा, जलंदर गंझू, राजेश कुशवाहा सहित कार्यकर्ता महजूद रहे।

## गागर में सागर

### निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**लोहरदगा।** कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह लोहरदगा संचालित विकास भारती बिशनपुर की ओर से निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें भगवान महावीर मेडिका रांची के पथरी प्रोस्टेट कैंसर एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शैलेंद्र मोहन शुक्ला, मधुर मेडिकेयर के हड्डी जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ विवेक मधुर, जनरल सर्जन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा ज्योति, मधुर कल्याण अस्पताल के दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आस्था सिंह, डॉ अंजलि सुमन, आवासीय चिकित्सक डॉक्टर चंदन कुमार ने लोहरदगा रांची एवं लातेहार जिले के तकरीबन 40 गांवों से आए 153 मरीजों का निशुल्क चिकित्सीय परामर्श पैथोलॉजिकल टेस्ट एवं औषधीय का वितरण किया गया। अस्पताल के प्रबंधक प्रणव पाठक ने कहा कि इस मेगा शिविर का लाभ सुदूर गांव से आए सभी मरीजों को निशुल्क दिया जा रहा है। ऐसे आयोजन लगातार होता रहेगा। ग्रामीण जनता का सेवा का यह कार्य निरंतर जारी रहेगा। इस मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर में अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक राजीव रंजन सिन्हा, जिला प्रचारक दीपक कुमार, विकास भारती के देवेंद्र मंडल, मुकेश साहू, अरुण राम, एतवा उरांव, अंशु कुमारी, सरोज कुमारी, याशिका तिग्गा, जमुना देवी, ललिता देवी, दिलेश लोहार, निकेश सिंह, वरुण सिंह, सुखमय कुंडू, नरेंद्र सिंह, रूबी सिंह, लाल गौरी, शंकर नाथ शाहदेव, भोपाल पाठक, सूरजमनी देवी, शनिचरिया उरांव आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर लगा

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर में लगातार 77 वें सप्ताह रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। स्वास्थ्य शिविर में 45 लोग लाभान्वित हुए। लोगों ने अपना शुगर, बी.पी.,ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए डॉक्टर से चेकअप कराकर परामर्श भी लिए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि जरूरतमंदों एवं असहायों की सेवा करना ही हम सभी का पहला धर्म है, इनकी जितनी सेवा की जाए कम ही है। डॉ कुमुद ने कहा कि इस बढ़ते ठंड पर अपने स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान रखना चाहिए। खास करके बच्चों एवं बुजुर्गों को ठंड से बचने की अति आवश्यकता है। शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, शशि भूषण सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुबोध महतो, गोपाल सिंह, अतुल सर्राफ, बजरंग अग्रवाल, अंजलि सर्राफ, गीता देवी, अमना खातून कलीम अंसारी गंगोत्री देवी, अनिल वर्मा, सुरेंद्र प्रसाद, चंपा देवी, प्रेमलता देवी, कृष्णा प्रसाद, भूषण माहली, सविता देवी, शिमला देवी, डोमचंद्र कर्मकार, किशोर अग्रवाल, हृदया देवी, सोनिया पोद्दार, सुंदर देवी, प्रभु दयाल साहू, मनोजअग्रवाल, उदय कास्यंकार, रामचंद्र गिरी, नवल प्रसाद कास्यंकार, रुपेश चौधरी, राजू अग्रवाल, शांति देवी, रामजतन साहू,अनूप महतो आदि मौजूद थे।

### पत्नी के लापता होने की कराई रिपोर्ट दर्ज

**सेन्हा।** महिला के लापता की सूचना सेन्हा थाना में देते हुए पति ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उसको सकुशल बरामद करने का गुहार लगाई है। सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत बक्सीडीपा ढ़ोडां टोली से पत्नी के लापता की सूचना पति परमेश्वर उरांव को मिलते ही अपने स्तर से सगे संबंधियों में खोजबीन की परंतु कहीं उसका पता नही चला। बताया कि 1 दिसंबर को शाम लगभग 5 बजे गाड़ी लेकर घर पहुंचा तो पत्नी को घर में नहीं देखने पर आसपास के लोगों से पूछताछ की, परंतु कोई जानकारी नहीं मिली। पत्नी के पास मोबाइल फोन है, जो बंद बता रहा है। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि मामला को संज्ञान में लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

### बीएलओ सुपरवाइजर संग की बैठक

**लोहरदगा।** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के विशेष कैंप के आयोजन के क्रम में संजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखंड, रांची द्वारा 72-लोहरदगा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में समीक्षा बैठक की गई। सभी बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक की गई, जिसमें फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 की समीक्षा की गई एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। सभी बीएलओ सुपरवाइजर को निर्देश दिया गया कि जिस बीएलओ का 20 से कम फॉर्म-6 प्राप्त है उस बूथ में स्पेशल कैंप आयोजित किया जाय। इस समीक्षा बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पधाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकरी नारायण राम, एचडीएम आदि उपस्थित थे।

### दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष कैंप

**लोहरदगा।** मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 अंतर्गत दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष कैम्प आयोजित किये गए। इस मौके पर उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण नगर परिषद क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में आयोजित कैम्प में शामिल हुए और दिव्यांग मतदाता को मतदाता सूची में नाम जुड़ने पर सम्मानित किया। कैम्प में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा भी दिव्यांग मतदाता को सम्मानित किया गया। पूरे जिला भर में दिव्यांगों के लिए कैम्प आयोजित किये गए जिसमें नाम जोड़ना, त्रुटि सुधार, विलोपन आदि के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी-सह-निर्वाचक निबंधन पधाधिकारी अमित कुमार, संबंधित बीएलओ व दिव्यांग मतदाता उपस्थित थे।

### तीन राज्यों में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने पर पार्टी ने मनाया जश्न

# तीन राज्यों में विकास की राजनीति की हुई जीत : सांसद सुदर्शन भगत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

चार राज्यों छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड बहुमत की जीत की खुशी में पार्टी ने स्थानीय पावरगंज चौक पर विजय उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई गई। मौके पर सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास की राजनीति करती है। वादों एवं घोषणाओं को पूरा करती है। महिलाएं भाजपा के शासन में खुद को सुरक्षित समझती हैं। साथ ही स्वालंबी होने का मार्ग प्रशस्त करती हैं। उन्हें समग्र क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। यही कारण है कि पार्टी ने आज तीन-तीन राज्यों में प्रचंड बहुमत से विजय का परचम लहराया है। देश की जनता समझदार है। वह जानती है की किस प्रकार से सत्ता पाने के बाद कांग्रेस गुमराह की राजनीति करती है। भ्रष्टाचार की बड़ी सीमाएं लगी जाती है। जनता को बदहाल जिंदगी व्यतीत करने के लिए छोड़ दिया जाता है।



वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि तीन राज्यों में चुनाव परिणामों ने साबित किया कि भाजपा विकास की राजनीति करती है और आने वाले दिनों में झारखंड में भी जनता इसी प्रकार से कांग्रेस को जवाब देगी। राज्य के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के नेता विधायक, प्रधानमंत्री पर झूठे आरोप लगाकर जनता को गुमराह करना चाहते हैं। इससे समझदार जनता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। मौके पर ओमप्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति, ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो, प्रदेश मंत्री भाजयुमो अजातशत्रु सिंह, नीरज कुमार नलीन, राजकुमार वर्मा, बालकृष्णा सिंह, जगनंदन पौराणिक, भारती सिन्हा, ओम गुप्ता, अजय कुमार पंकज, पशुपति नाथ पारस, सजल कुमार, अमरेश भारती, अनुप वर्मा, लाल अविनाश नाथ शाहदेव, शुभम शाहदेव, सचिन सिंह, टीपू खान, प्रेम प्रजापति, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तीन राज्यों में जीत से उत्साहित भाजपाई बोले भारत के मन में मोदी

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**



राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत से उत्साहित भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने कहा है कि इन नतीजों से साफ है कि भारत के मन में मोदी है। मोदी के मन में भारत है।

उन्होंने कहा कि कमल खिलने का मतलब सुशासन और विकास की गारंटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व का पूरे देश की राजनीति में डंका बज रहा है। आज पूरे आत्मविश्वास से हम कह सकते हैं कि भारत के मन में मोदी हैं और मोदी के मन में भारत है। मध्य प्रदेश में हमारी सरकार प्रचंड बहुमत के साथ फिर वापस आ रही है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कमल खिल गया है। कमल खिलने का मतलब है सुशासन और विकास की गांरटी। मध्य प्रदेश और राजस्थान में हार के साथ ही छत्तीसगढ़ उसके हाथों से निकल गया है।

# पूर्व विधायक से मिले चौकीदार पंचायत पदाधिकारी, सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के एक प्रतिनिधिमंडल संघ के प्रदेश संयुक्त सचिव शमशुल अंसारी के नेतृत्व में पूर्व विधायक सुखदेव भगत से मिलकर ज्ञापन सौपा। झारखंड प्रदेश के चौकीदारों के समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूरे झारखंड प्रदेश में 450 चौकीदारों को 2016 में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था जो चौकीदारों के साथ अन्याय है। उन्हें पुनः सेवा में वापस करने हेतु एवं सेवानिवृत्ति चौकीदार के आश्रितों को पूर्व बहाली प्रक्रिया के तहत बहाली करने के संबंध में सरकार से पहल करने में सहयोग करने का अनुरोध किया। मौके पर पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने प्रतिनिधिमंडल के लोगों को विश्वास दिलाया कि इस संबंध में सरकार से सार्थक पहल करते हुए चौकीदारों को न्याय दिलाने का भरपूर कोशिश करेंगे।

# खलिहान में आग, पुआल जलकर राख; भारी नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

थाना क्षेत्र के उदरंगी पंचायत की हाटी कुम्बटोली गांव में रविवार की दोपहर एक खलिहान में अचानक आग लगने से गांव के किसान कर्मा महतो व रामपति उरांव का करीब 15 हजार का पशु चारा पुआल जलकर राख हो गया। पारा शिक्षक सोहराई उरांव, शनीचरिया उरांव ने ग्रामीणों की मदद से पंप सेट का सहयोग लेकर घंटों की मशकत के बाद आग को बुझाया। सूचना के बाद अग्निशामक की गाड़ी एक घंटे देर से पहुंची। अग्नि शामक के आने तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। ग्रामीणों की पहल से पास रखे कई अन्य किसानों के धान व पुआल को जलने से बचा लिया गया। अगजनी में गांव के कर्मा महतो का 8 हजार रुपये का पुवाल, रामपति उरांव का करीब



7 हजार रुपये पुआल जल कर राख हो गया। इधर ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से गरीब मजदूर किसान को क्षतिपूर्ति देने की मांग की है। बताते चलें कि क्षेत्र में अब तक करीब आधा दर्जन किसानों का पुआाल जलने से पशुओं का साल भर का भोजन छिन गया है। लेकिन अब तक एक भी किसान को राहत कोष से मुआवजा नहीं मिला है, जिससे पीड़ित किसानों में रोष व्याप्त है।

# उप मुखिया ने मसूरियाखांड का किया दौरा समस्याओं के निदान का दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

बड़की चापी पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी ने वार्ड सदस्यों के साथ पंचायत के सुदूरवर्ती - जंगलवर्ती गांव मसूरियाखांड का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुई। उप मुखिया और उनके दल को ग्रामीणों ने सड़क निर्माण, बकरा विकास योजना, सुकर पालन योजना, तालाब निर्माण, तालाब मरम्मति, चबूतरा निर्माण, अखड़ा निर्माण, आंगनबाड़ी निर्माण, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, विद्यालय में शिक्षकों की कमी दूर करने सहित कई समस्याओं से अवगत कराया। तिवारी ने कहा कि पंचायत द्वारा जिन समस्या का समाधान हो सकता है उसे कार्यकारिणी की बैठक में समाधान किया जाएगा। साथ ही बड़ी योजनाओं को संबंधित विभागों द्वारा करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधियों को भी इस गांव



पहुंचने में जिन परेशानियों का सामना करना पड़ा है उसे बताया नहीं जा सकता। आजादी के 75 वर्षों बाद भी इस गांव का पंचायत मुख्यालय एवं प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए एक अदद सड़क नहीं है, जो काफी दुखदायी है। पहली बार पंचायत प्रतिनिधियों के पहुंचने पर ग्रामीण काफी खुश नजर आए। मौके पर वार्ड सदस्य गीता भगत, परमेश्वर उरांव, सुनील मुंडा और ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह में खूब थिरके कुडूवासी

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

इंदिरा गांधी चौक कुडू स्थित बिड़ला शिव मंदिर में चल रहे सात दिवसीय श्री मद भगवत कथा व ज्ञान यज्ञ के छठे दिन कृष्ण - रुक्मिणी विवाह का प्रसंग प्रस्तुत किया गया एवं झांकी निकाली गयी। इस दौरान भक्त जमकर थिरके। अपने कथा में वृंदावन से पधारे हुए आचार्य प्रभु दास जी महाराज ने रासलीला की कथा का वर्णन करते हुए गोपी शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि गोपी किसी स्त्री या पुरुष का नाम नहीं है। गो - इंद्रियां और पी से पीना है। अर्थात जो मनुष्य अपनी इंद्रियों से भगवत रस का पान करें उसका नाम है गोपी। उद्धव चरित्र और कंस के उद्धार की कथा सुनाते हुए आचार्य प्रभु जी ने बताया कि अहंकार रुपी आसुरी प्रवृत्तियों वालों को भगवान उसका नाश कर देते हैं। इस मौके पर लाल मोहन वैध्य, यजमान प्रदीप वैध्य-सुषमा देवी, आदित्य वैध्य पत्नी कालिंदी वैध्य, वृंदावन से आये पुरोहित आचार्य पंडित श्रीराम गोपाल,



भजन गायक रमेश तिवारी, नाल वादक पुरुषोत्तम कुमार साहू उर्फ छोटा गोलू, पैड प्लेयर राज गुप्ता, प्रदीप साहू, संजय प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, धीरज प्रसाद, नवीन कुमार टिंकू, प्रेम प्रकाश वर्मा उर्फ प्रेमी, सुनीता देवी, मंजू देवी, विजय गुप्ता, अजय प्रसाद, लखन महतो, राजाराम साहू, अमित कुमार बंटू, हरिभजन साहू सहित सैकड़ों भक्तगण शामिल थे।

## पहल | सफल आयोजन के लिए पक्षकारों को नोटिस जारी किए जा रहे

# राष्ट्रीय लोक अदालत 9 को, तैयारियां जोरों पर

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देश पर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में वर्ष 2023 की आखिरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 दिसंबर को सिविल कोर्ट परिसर लोहरदगा में किया जाएगा।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए विभिन्न पक्षकारों को भी नोटिस जारी किए जा रहे हैं। संबंधित विभागों के साथ बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं। सीजीएम लोहरदगा ने अपने कार्यालय कक्ष में राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा वादों के निष्पादन के लिए एक बैठक



बुलाई, जिसमें सीजीएम डॉक्टर चंदन के अतिरिक्त वरीय सिविल जज अर्चना कुमारी, डालसा सचिव राजेश कुमार, प्रधान मजिस्ट्रेट जुविनाइल जस्टिस बोर्ड पूजा कुमारी लाल, निबंधक सह दंडाधिकारी राज कल्याण, एवं न्यायिक दंडाधिकारी सुचिता कुमारी तिग्गा ने भाग लिया। बैठक में इस बात पर चर्चा की गई कि पिछली राष्ट्रीय लोक अदालत में कोर्ट से जितने केस निस्तारित किए गए थे उससे ज्यादा केसों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसके लिए पार्टी और पक्षकारों को नोटिस शीघ्र से शीघ्र भेजा जाए। डालसा सचिव राजेश ने जानकारी दी कि आम पब्लिक को ज्यादा से ज्यादा लाभ प्रदान करने हेतु इस बार के राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल सात बेंचों का गठन किया गया है। वादों के पक्षकार प्री कन्सिलिएशन सिटिंग में भी अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं जो अभी चल रहा है। यदि किन्हीं को फिर भी किसी तरह की समस्या है तो डालसा कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# सड़क दुर्घटना में सेरेंगदाग पिकेट में तैनात एएसआई मंतोष कुमार जख्मी

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सड़क दुर्घटना में कंडरा के समीप एएसआई घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों ने इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल की पहचान मंतोष कुमार सिंह के रूप में की गई है। वह सेरेंगदाग पिकेट में एएसआई के पद पर फिलहाल कार्यरत है। वह छुटी लेकर घर जा रहा था। उसी दौरान कंडरा पुल के समीप सामने से आ रहे भारी वाहन की लाइट के कारण सामने कुछ दिखा नही और सेन्हा थाना अंतर्गत कंडरा के समीप अर्धनिर्मित पुल के पास अहले सुबह असंतुलन खोने के कारण गिर कर जख्मी हो गया। मोटरसाइकिल गढ़े में जा गिरी।



हाथ तथा चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। चिकित्सकों ने इलाज के उपरांत बताया कि गंभीर चोट आने के कारण हाथ टूट गया है और चेहरे पर कई जगह जख्म के निशान हैं। प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर किया गया।

## एक नजर

### 2023 में इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग में आया उछाल

**चेन्नई।** वर्ष 2023 में भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग में उछाल देखने को मिला है। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि जहां उद्योग में अच्छी मात्रा में वृद्धि देखी गई, वहीं इसने कई सरकारी कार्रवाइयां भी देखीं, मुख्य रूप से दोपहिया वाहन उद्योग के इसका काला पक्ष को देखने को मिला। आनंद राठी इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के रिसर्च एनालिस्ट मुमुक्ष मंडलेशा ने आईएएनएस को बताया, "अप्रत्याशित फेम क्क (इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाना और विनिर्माण करना क्क) सब्सिडी कटौती, फेम के लिए इलेक्ट्रिक टू व्हीलर के गैर-अनुपालन के लिए जुमार्ना और ईबस के लिए भुगतान सुरक्षा तंत्र की कमी जैसी प्रतिकूल सरकारी कार्रवाइयों के बावजूद, ईवी उद्योग जारी है। टू व्हीलर, थ्री व्हीलर और यात्री वाहनों (पीवी) में लगभग 100 आधार अंक (बीपीएस) की अधिक पहुंच देखें, हालांकि साल की शुरूआत में यह उम्मीद से धीमी है।

### गुवाहाटी और बैंकॉक के बीच सीधी उड़ान शुरू

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी और बैंकॉक के बीच एक त्रि-साप्ताहिक सीधी उड़ान (डायरेक्ट फ्लाइट) शुरू की गई है जो थाई एयर एशिया द्वारा बुधवार, शुक्रवार और रविवार को बैंकॉक-गुवाहाटी मार्ग पर संचालित की जाएगी। पहली फ्लाइट कुल 56 यात्रियों के साथ शुक्रवार रात गुवाहाटी हवाई अड्डे पर उतरी और आधे घंटे बाद 97 यात्रियों के साथ बैंकॉक के लिए रवाना हो गई। फ्लाइट ने शुक्रवार रात 11.40 बजे गुवाहाटी से उड़ान भरी और थाईलैंड में भारतीय समयानुसार सुबह करीब 2.15 बजे लैंड किया। गुवाहाटी के मुख्य हवाई अड्डा अधिकारी उत्पल बरुआ ने शनिवार को कहा, "उम्मीद हैकि इस नई फ्लाइट से गुवाहाटी हवाई अड्डे को दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के लिए हवाई कनेक्टिविटी का केंद्र बनाने में काफी मदद मिलेगी। इससे पूर्वोत्तर में व्यापार और पर्यटनउद्योग को बढ़ावा मिलेगा।

### एलोन मस्क के नेतृत्व में एक्स पर मंडरा रहा दिवालियापन का खतरा

**लंदन ।** एलोन मस्क ने ट्विटर (जिसे अब एक्स कहा जाता है) को खरीदने के लिए लगभग 13 बिलियन डॉलर का ऋण लिया था और सोशल मीडिया कंपनी को हर साल ब्याज भुगतान में लगभग 1.2 बिलियन डॉलर का भुगतान करना पड़ता है। बीबीसी ने रविवार को बताया कि चूंकि बड़े विज्ञापनदाताओं ने प्लेटफॉर्म छोड़ दिया और एक्स अपने ऋण पर ब्याज का भुगतान नहीं कर सकता या कर्मचारियों को भुगतान नहीं कर सकता, तो यह वास्तव में दिवालिया हो सकता है। लेकिन, यह एक चरम परिदृश्य होगा जिससे मस्क निश्चित रूप से बचना चाहेंगे। हालांकि, जिस कंपनी को उन्होंने 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था, उसके लिए दिवालियापन अकल्पनीय लग सकता है, लेकिन यह संभव है। डिज्नी और एप्पल अब एक्स पर विज्ञापन नहीं दे रहे हैं। खुदरा दिग्गज वॉलमार्ट ने पुष्टि की है कि वह एक्स पर विज्ञापन नहीं दे रहा है।

### टॉप 9 कंपनियों का मार्केट कैप 1.30 लाख करोड़ बढ़ा

# रिलायंस को छोड़कर नौ कंपनियों में रही तेजी, सेंसेक्स 2.29% उछला

**एजेंसी। मुंबई**

देश की टॉप 10 वैल्यूड फर्म्स में से 9 का मार्केट वैल्यूएशन 1,30,391.96 करोड़ रुपए बढ़ गया। इसमें भारती एयरटेल और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) सबसे बड़े गेनर्स रहें। टॉप 10 में से केवल रिलायंस इंडस्ट्रीज रही जिसका मार्केट वैल्यूएशन नहीं बढ़ा। भारती एयरटेल का वैल्यूएशन 23,746.04 करोड़ बढ़कर 5,70,466.88 करोड़ हो गया। ळउर का मार्केट कैप 19,027.07 करोड़ बढ़कर 12,84,180.67 करोड़ पर पहुंच गया। वहीं मार्केट कैप बढ़ने के मामले में तीसरे नंबर पर ल्उऋछ बैंक रहा जिसका मार्केट




कैप 17,881.88 करोड़ बढ़ा। इस बढ़ोतरी के साथ उसका मार्केट वैल्यूएशन 11,80,588.59 करोड़ हो गया।

**रिलायंस इंडस्ट्रीज अभी भी सबसे वैल्यूएबल फर्म :** वहीं टॉप-10 कंपनियों की रैंकिंग में, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे वैल्यूएबल फर्म का खिताब बरकरार रखा। इसके बाद बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फाइनेंस रहे।

### 1 लाख करोड़ के मार्केट कैप वाली टाटा ग्रुप की 5वीं कंपनी बनी ट्रेंट

ट्रेंट लिमिटेड 1 लाख करोड़ रुपए के मार्केट कैप वाली टाटा ग्रुप की 5वीं कंपनी बन गई है। ट्रेंट के शेयर शुक्रवार के कारोबार के दौरान 2% की बढ़ोतरी के साथ 2,840 रुपए के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गए। इसी के साथ इसका मार्केट कैप 1,00,958 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। हालांकि, बाद में शेयरों में थोड़ी गिरावट आई और ये 1.27% ऊपर 2,822.40 रुपए पर बंद हुए।

### माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ को चकमा देकर ओपनएआई ने सैम ऑल्टमैन को निकाला

**सैन फ्रांसिस्को।** सैम ऑल्टमैन को ओपनएआई से बाहर करने के मामले में ताजा जानकारी सामने आई है, एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कंपनी के पुराने बोर्ड ने ऑल्टमैन को सीईओ पद से हटाने के लिए शुरूआत में वोटिंग करने के बाद जानबूझकर माइक्रोसॉफ्ट को बाहर रखा था। द न्यू यॉर्कर ने बताया कि ऑल्टमैन को बाहर करने के फैसले से अध्यक्ष और सीईओ सत्या नडेला सहित माइक्रोसॉफ्ट के अधिकारी हैरान थे। माइक्रोसॉफ्ट में कई लोगों ने ओपनएआई बोर्ड के निर्णय को मूर्खतापूर्ण बताया और दावा किया कि यह चैटजीपीटची डेवलपर को नष्ट कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है,ऑल्टमैन की बर्खास्तगी पर नडेला ने ओपनएआई बोर्ड के सदस्य एडम डी'एंजेलो को फोन किया और उन पर विवरण के लिए दबाव डाला। डी'एंजेलो ने उन्हें बताया कि ऑल्टमैन बोर्ड के साथ अपने कम्युनिकेशन में स्पष्ट नहीं थे। रिपोर्ट में कहा गया, "नडेला ने निराशा में फोन रख दिया।

### भाजपा की प्रचंड जीत स्टॉक मार्केट को करेगी मालामाल

## एक्सपर्ट बोले- शेयर बाजार जल्द बनाएगा नए रिकॉर्ड



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में से तीन में भारतीय जनता पार्टी (इखढ) प्रचंड बहुमत से सरकार बना रही है। राज्यों में बीजेपी की लहर ने 2024 में होने वाले आम चुनाव की तस्वीर साफ कर दी है। राजनीति पंडित भी अब मानने लगे हैं कि अगले साल आम चुनाव में बीजेपी का तोड़ किसी पार्टी के पास नहीं है। चुनावी जीत से जहां एक ओर बीजेपी के नेता और कार्यकर्ता गदगद हैं, वहीं दूसरी ओर स्टॉक मार्केट निवेशकों की चांदी होने वाली है। मार्केट एक्सपर्ट का मानना है कि बीजेपी को राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में प्रचंड बहुमत मिलना शेयर बाजार के लिए पॉजिटिव है। हालांकि, शेयर बाजार पहले से मानकर चल रहा था कि राजस्थान और मध्यप्रदेश में बीजेपी की सरकार बनेगी लेकिन छत्तीसगढ़ सरप्राइज पैकेज है। इसका असर सोमवार से खुलने वाले शेयर बाजार पर दिखाई देगा। शेयर बाजार में तेजी जारी रहेगी और बाजार नए रिकॉर्ड की ओर बढ़ेगा।

## ट्रैवल व टूरिज्म क्षेत्र में चीनी निवेश और डाटा सुरक्षा की हो जांच : कैट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भारत के ट्रैवल एवं टूरिज्म क्षेत्र में कुछ बड़ी कंपनियों और चीन के निवेश को लेकर सवाल उठाने के साथ-साथ चिंता जताई है। कैट ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से ट्रैवल एवं टूरिज्म के क्षेत्र में काम करने वाली इन कंपनियों के बिजनेस मॉडल की जांच कराने की मांग की है। कैट ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि देश में ट्रैवल एवं टूरिज्म क्षेत्र में चंद बड़ी कंपनियों, जिनमें खासकर चीनी धन का निवेश के साथ-साथ नियंत्रण भी है, उन्होंने इस क्षेत्र में ट्रैवल एजेंटों के कारोबार को लगभग समाप्त कर दिया है। इनके द्वारा एकत्र डाटा की सुरक्षा भी खतरे में पड़ने की आशंका जताते हुए कैट ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और




वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल से आग्रह किया है कि ट्रैवल एवं टूरिज्म के क्षेत्र में काम करने वाली इन बड़ी कंपनियों के बिजनेस मॉडल की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि उनके द्वारा एकत्र डाटा का दुरुपयोग तो नहीं हो रहा है। इसके साथ ही यह भी देखा जाए कि इस क्षेत्र में अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा तो नहीं हो रही है। कारोबारी संगठन कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाते हुए कहा कि भारत में ट्रैवल एवं टूरिज्म व्यवसाय देशभर में फैले लगभग 10 लाख से अधिक ट्रैवल एजेंटों द्वारा किया जा रहा था, जो बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी दिया करते थे। पिछले कुछ सालों में चीनी एवं अन्य विदेशी निवेश के बल पर इस व्यवसाय पर कुछ चंद कंपनियों ने पूरा कब्जा कर लिया है। अब वो अपने पोर्टल के माध्यम से सारी बुकिंग करते हैं। उनकी कंपनी में बड़ी मात्रा में विदेशी धन का निवेश हुआ है।

### झारखंड में ब्लॉकबस्टर अल्ट्रा लेगर और स्ट्रांग बीयर हुआ लांच

**रांची।** अमेरिकन ब्रू क्राफ्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने झारखंड में ब्लॉकबस्टर अल्ट्रा लेगर और ब्लॉकबस्टर अल्ट्रा स्ट्रॉन्ग बीयर पेश किया है। ब्लॉकबस्टर अल्ट्रा लेगर हल्के और कुरकुरे स्वाद में एक आनंददायक पिल्सनर-शैली की रचना है। नए संस्करण में कैलोरी और कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम है, जो इसे हल्की बीयर के लिए एक लोकप्रिय विकल्प बनाती है। यह समृद्ध माल्टी नोट्स, कड़वाहट का सूक्ष्म स्पर्श और सामंजस्यपूर्ण रूप से संतुलित साइट्रस और पुष्प सुगंध का एक आकर्षक मिश्रण प्रदान करता है, जो एक अद्वितीय बियर अनुभव का वादा करता है। ब्लॉकबस्टर अल्ट्रा लेगर एक हल्का और ऊर्जावान संस्करण है जो पार्टियों, कार्यक्रमों या यहां तक कि भावपूर्ण रातों के लिए एक आदर्श साथी है। ब्लॉकबस्टर अल्ट्रा लेगर आपको एक बिल्कुल नए अलग अनुभव पर ले जाने के लिए तैयार है।

## अब टेलीग्राम मैसेजिंग में मिलेंगे ग्यारह नए फीचर्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम ने अपने 800 मिलियन से ज्यादा मंथली एक्टिव यूजर्स के लिए कम्युनिकेशन को सरल बनाने के लिए 11 नए फीचर्स शुरू किए हैं। अब यूजर्स के पास किसी चैनल से जुड़ने पर समान पब्लिक चैनलों की लिस्ट तक एक्सेस होगा। कंपनी ने एक अपडेट में कहा कि यह फीचर सब्सक्राइबर बेस में समानता के आधार पर ऑटोमैटिक सलेक्शन द्वारा संचालित होती है, जिससे यूजर्स के लिए उनकी रुचि के अनुरूप कंटेंट ढूंढना आसान हो जाता है। यूजर्स किसी चैनल की प्रोफाइल से समान चैनल तक भी पहुंच सकते हैं। टेलीग्राम ने कहा, "यूजर्स के पास अब केवल दो टैप से फ्रेंड्स और फेवरेट चैनलों की स्टोरीज की रीच बढ़ाने का पावर है। टेक्स्ट, ऑडियो या वीडियो कमेंट्स जैसे अतिरिक्त कंटेंट जोड़ने का ऑप्शन स्टोरी कहने के एक्सपीरियंस को बढ़ाता है।



प्राइवेसी प्रोटेक्शन सुनिश्चित करते हुए रीपोस्टिंग 'एव्रीवन' को दिखाई देने वाली स्टोरीज तक ही सीमित है।' कोई स्टोरी पोस्ट करते समय, अब आप कमेंट्री के लिए या केवल फेस बनाने के लिए एक वीडियो मैसेज जोड़ सकते हैं। इन मैसेज का साइज बदला जा सकता है, स्क्रीन के चारों ओर ले जाया जा सकता है, और टाइम एक्सिस के साथ रखा जा सकता है, जिससे यूजर्स को खुद को व्यक्त करने के लिए असीमित क्रिएटिव संभावनाएं मिलती हैं। टेलीग्राम प्रीमियम यूजर्स के पास अब प्रोफाइल कलर्स जैसे और भी अधिक कस्टमाइजेशन ऑप्शन तक पहुंच है।

### सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम व होमस्टे प्रतियोगिता शुरू

**नई दिल्ली।** पर्यटन मंत्रालय देशभर के गांवों के बीच सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम व सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होमस्टे प्रतियोगिता शुरू की गई है। गांवों के बीच यह प्रतियोगिता ग्रामीण पर्यटन के प्रचार और विकास को बल प्रदान करने के लिए है। भारत में ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति द्वारा ग्रामीण होमस्टे को बढावा देने के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने व्यापक राष्ट्रीय रणनीति और रोडमैप शुरू किया है। पर्यटन मंत्रालय के मुताबिक उन्होंने भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान के सहयोग से राष्ट्रीय कार्यनीतियों के कार्यान्वयन की शुरूआत की है। पर्यटन मंत्रालय का कहना है कि ग्रामीण पर्यटन और ग्रामीण होमस्टे को प्रोत?साहन देने के लिए विशिष्ठ पहलों में से एक राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम और राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होमस्टे प्रतियोगिता का आयोजन करना है।

**ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा**

## विदेश

## पोप फ्रांसिस व ग्रैंड इमाम ने सीओपी 28 में मजबूत जलवायु कार्रवाई का आह्वान किया

**एजेंसी। दुबई**

पोप फ्रांसिस और अल-अजहर के शाही इमाम अहमद अल-तैयब ने तत्काल जलवायु कार्रवाई के लिए समर्थन की घोषणा पर हस्ताक्षर किए हैं। संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी28) में एक वीडियो संदेश में उन्होंने मजबूत जलवायु कार्रवाई की तात्कालिकता और आशा पर जोर दिया। पोप ने कहा, आज दुनिया को ऐसे गठबंधन की जरूरत है जो किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि सभी के फायदे के लिए हो। यह अत्यावश्यक है कि धर्म, समन्वयवाद के जाल में फंसे बिना, एक साथ काम करके एक अच्छा उदाहरण स्थापित करें, अपने या किसी विशेष समूह के हितों के लिए नहीं, बल्कि हमारी दुनिया के हितों



के लिए। इनमें से, अभी सबसे महत्वपूर्ण शांति और जलवायु हैं। आइए, धार्मिक प्रतिनिधियों के रूप में, यह दिखाने के लिए एक उदाहरण स्थापित करें कि परिवर्तन संभव है। सम्मानजनक और टिकाऊ जीवनशैली का प्रदर्शन करें, और आइए हम राष्ट्रों के नेताओं से हमारे सामान्य घर को संरक्षित करने के लिए उत्साहपूर्वक कहें। पोप बीमारी के कारण व्यक्तिगत रूप से दुबई शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले सके। उन्होने कहा कि यह विशेष रूप से छोटे बच्चों और गरीबों द्वारा अनुरोध किया जाता है, जिनकी प्रार्थनाएँ परमपिता के सिंहासन तक पहुँचती हैं। उनके भविष्य और सभी के भविष्य के लिए, आइए हम सृष्टि की रक्षा करें और अपने सामान्य घर की रक्षा करें। आइए हम शांति से रहें और शांति को बढ़ावा दें। काहिरा में सुन्नी शिक्षा के एक हजार साल पुराने संस्थान अल-अजहर के शाही इमाम ने अपने संदेश में कहा ...आसन्न चुनौतियाँ, विशेषकर जलवायु परिवर्तन के बारे में धार्मिक नेताओं की आवाज सुनी जाये इसके लिए संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त अरब अमीरात के साथ सहयोग करना है। उन्होंने कहा, यह हमारे सामान्य पर्यावरण को आसन्न विनाश से बचाने के प्रयासों को बढ़ाने का एक अनमोल अवसर है, जो साल दर साल बड़ा होता जा रहा है।

### चीन अंतरराष्ट्रीय एक्सपो में 150 अरब युआन के समझौते का अनुमान

**बीजिंग।** पहला चीन अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला संवर्धन एक्सपो 2 दिसंबर को पेइचिंग में संपन्न हुआ। पहले चीन अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला संवर्धन एक्सपो ने अपस्ट्रीम-मिड-स्ट्रीम-डाउनस्ट्रीम संबंधों को बढ़ाने, बड़े-मझौले और लघु उद्यमों के एकीकरण, उद्योग, शिक्षा व अनुसंधान के बीच सहयोग और चीनी-विदेशी उद्यमों के बीच आदान-प्रदान के अपेक्षित लक्ष्य हासिल किए। अपूर्ण आंकड़ों के अनुसार, इस बार के एक्सपो में 200 से अधिक सहयोग समझौतों और आशय के समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें 150 अरब युआन से अधिक की राशि शामिल है। बताया जाता है कि चीन अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला संवर्धन एक्सपो पूरी दुनिया में अपनी तरह की पहली ऐसी प्रदर्शनी है, जो आपूर्ति श्रृंखला विषय पर एक राष्ट्रीय प्रदर्शनी है।

## इजरायल ने अब तक गाजा पर एक लाख बम व रॉकेट दागे : हमास

**एजेंसी। गाजा**

गाजा में हमास-नियंत्रित सरकार के मीडिया कार्यालय (जीएमओ) ने कहा कि 7 अक्टूबर से जारी युद्ध के बाद से इजरायल ने घिरे इलाके पर लगभग एक लाख बमों और रॉकेटों से हमला किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, जीएमओ के निदेशक इस्माइल अल-थवाबतेह ने शनिवार रात बताया कि कुछ बमों का वजन 2,000 पाउंड था, जो नागरिकों को निशाना बनाने के लिए जानबूझकर और क्रूर इरादे से बनाए गए थे। इजरायल के हमलों के कारण फिलीस्तीन लोगों की मौत का आंकड़ा शनिवार दोपहर तक 15,207 हो गया है। वहीं, लापता लोगों की संख्या 7,500 से अधिक हो गई है, जो या तो मलबे में फंसे हुए हैं या अज्ञात हैं। जबकि घायलों की संख्या 40,650 पहुंच गई है। इस्माइल अल-थवाबतेह ने



मानवीय सहायता के प्रवेश को रोकने वाली प्रतिबंधात्मक नीतियों की निंदा की। उन्होंने घातक संघर्ष से जो भी बचाया जा सकता है उसे बचाने के लिए वास्तविक सहायता, आपूर्ति और 1 मिलियन लीटर ईंधन ले जाने वाले एक हजार ट्रकों के दैनिक प्रवेश का आह्वान किया। इसके अलावा मलबे के नीचे दबी सैकड़ों लाशों को निकालने के लिए राहत के लिए सैकड़ों उपकरण और मशीनरी, आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों और नागरिक सुरक्षा के प्रवेश का आग्रह किया।

**सांस्कृतिक लूट** | ऑनलाइन सर्वेक्षण में 81 फीसद लोगों की राय

## उपनिवेशों से लूटी कलाकृतियां वापस करे ब्रिटेन

**एजेंसी। बीजिंग**

सांस्कृतिक कलाकृतियों की पुनर्प्राप्ति को लेकर ब्रिटेन और ग्रीस के बीच विवाद अब भी जारी है। विश्व स्तर पर प्रसिद्ध संग्रहालय के रूप में, ब्रिटिश संग्रहालय हाल ही में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में आया, क्योंकि इसके अधिकांश संग्रह औपनिवेशिक विस्तार और युद्ध लूटपाट से प्राप्त हुए हैं। सीजीटीएन द्वारा हाल ही में किए गए एक वैश्विक ऑनलाइन सर्वेक्षण के अनुसार, 80.8 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि ब्रिटिश संग्रहालय में इन लूटी गई कलाकृतियों का संग्रह पूरी तरह से अनुचित है, जबकि 90.3 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि उपनिवेशवाद की निरंतरता से बचने के लिए औपनिवेशिक विस्तार और युद्ध के माध्यम से लूटी गई सांस्कृतिक कलाकृतियों को जल्द से जल्द इनके मूल देश में वापस कर दिया जाना चाहिए। वहीं, इस अगस्त में पता चला कि ब्रिटिश संग्रहालय के संग्रह के लगभग 2,000 टुकड़े खो गए थे और उनमें से कुछ को इंटरनेट पर बिक्री के लिए भी रखा गया था। इस बात के प्रति, 88 प्रतिशत वैश्विक उत्तरदाता



सांस्कृतिक कलाकृतियों को संरक्षित करने के लिये ब्रिटिश संग्रहालय की क्षमता के बारे में गहराई से चिंतित हैं। उनका मानना है कि ब्रिटेन का ₹सांस्कृतिक कलाकृतियों की सुरक्षा व संरक्षण₹ का दावा पाखंडी है। जैसा कि सीजीटीएन नेटिजन ने कहा, ₹कुछ यूरोपीय देश अन्य देशों से चुराई गई सांस्कृतिक कलाकृतियों के लिए 'सुरक्षित घर' हैं। ये यूरोपीय देश सांस्कृतिक कलाकृतियों की सुरक्षा व संरक्षण की आड़ में चोरी करते हैं। साथ ही 91.1 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि ब्रिटिश संग्रहालय को इन चोरी हुई सांस्कृतिक कलाकृतियों के लिए मुआवजा और कानूनी जिम्मेदारी उठानी चाहिए।

### पिछले साल चीन की शिक्षा निधि 60 खरब युआन से अधिक रही

**बीजिंग।** चीन के शिक्षा मंत्रालय, राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो और वित्त मंत्रालय ने हाल में वर्ष 2022 में चीन में शिक्षा निधि के कार्यान्वयन पर सांख्यिकीय ज्ञापन जारी किया। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 में पूरे चीन में कुल शिक्षा निधि 61 खरब 32 अरब 91 करोड़ 40 लाख युआन रही, जो पहली बार 60 खरब युआन से अधिक पहुंची और वर्ष 2021 की तुलना में 5.97 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं, राष्ट्रीय राजकोषीय शिक्षा वित्तपोषण 48 खरब 47 अरब 29 करोड़ 10 लाख युआन रहा, जो वर्ष 2021 से 5.75 फीसदी ज्यादा है। सकल घरेलू उत्पाद में इसका अनुपात 4.01 प्रतिशत दर्ज किया गया। उधर, राष्ट्रीय आम सार्वजनिक बजट शिक्षा निधि 39 खरब 25 अरब 69 करोड़ 60 लाख युआन रही, जो साल 2021 की तुलना में 4.79 प्रतिशत अधिक है। आम सार्वजनिक बजट व्यय में इसका अनुपात 15.07 फीसदी रहा।

## फिलीपींस विवि की कैथोलिक सभा में धमाका, चार की मौत

**एजेंसी। मनीला**

फिलीपींस के लानाओ डेल सुर स्थित मिंडानाओ स्टेट यूनिवर्सिटी में रविवार को एक जिम के अंदर कैथोलिक प्रार्थना सभा में विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सेना के प्रथम इन्फेंट्री डिवीजन के कमांडर मेजर जनरल गेब्रियल विरे ने कहा कि पीड़ितों में तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, विस्फोट सुबह करीब 7 बजे हुआ जब छात्र और शिक्षक जिम के अंदर सामूहिक प्रार्थना के लिए एकत्र हुए थे। पुलिस विस्फोट में प्रयुक्त विस्फोटक उपकरण के प्रकार की जांच कर रही है। मिंडानाओ स्टेट यूनिवर्सिटी ने इस संवेदनहीन और भयावह कृत्य की निंदा करते हुए कहा कि वह हिंसा के इस कृत्य से बहुत दुखी और स्तब्ध है। विश्वविद्यालय ने अगली सूचना तक कक्षाएं निलंबित करने



का फैसला किया है और मरावी शहर में स्थित परिसर की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को भी तैनात किया है, जो राजधानी और मिंडानाओ द्वीप पर लानाओ डेल सुर का सबसे बड़ा शहर है। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने विस्फोट की निंदा करते हुए इसे संवेदनहीन और सबसे जघन्य कृत्य करार दिया, जो विदेशी आतंकवादियों द्वारा किया गया। उन्होंने जनता से शांत रहने की अपील की। उन्होंने कहा, आश्वस्त रहें, हम इस क्रूर कृत्य के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाएंगे। 2017 में, स्थानीय आतंकवादियों ने इस्लामिक स्टेट को समर्थन देने का वादा किया, जिसमें अबू सय्यफ समूह का एक गुट, माउते समूह और अन्य शामिल थे।

### पाकिस्तान में इस वर्ष पोलियो का छठा मामला सामने आया

**इस्लामाबाद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा नियमन और समन्वय मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो वायरस के एक नए मामले की पुष्टि हुई है। इसी के साथ देश में इस साल पोलियो संक्रमण मामलों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने मंत्रालय के एक बयान के हवाले से कहा, "प्रांत के ओरकजई जिले में नौ महीने के बच्चे में इस वायरस का तब पता चल जब उसे अस्पताल लाया गया। बयान में कहा गया है कि नए मामले के अलावा, देश भर के 12 जिलों से एकत्र किए गए 20 पर्यावरण नमूनों में भी वायरस का पता चला है। पर्यावरणीय नमूनों में पोलियो वायरस की मौजूदगी से संकेत मिलता है कि वायरस समुदाय में फैल रहा है और पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। मंत्रालय ने माता-पिता को निर्देश दिया कि वे अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाना सुनिश्चित करें ताकि उन्हें वायरस से संक्रमित होने के जोखिम से बचाया जा सके।

# नक्सलवाद व सरकार

***बीएसएफ*** के स्थापना दिवस के मौके पर हजारीबाग में पिछले दिनों केंद्रीय गृह मंत्री ने जल्द ही नक्सली खात्मे की बात कही है। झारखंड दौरे पर पिछले दिनों आये प्रधानमंत्री ने भी यही बातें दुहराई। इससे साफ पता चलता है कि उग्रवाद के दिन आने वाले कुछ वर्ष में कल की बात हो जायेगी। ऐसे देखा जाये तो नक्सलवाद हाल के दिनों में समाप्ति की ओर है। पुलिस ने बहुत हद तक काबू पा लिया है। राज्य के बड़े नक्सली या तो मारे जा रहे हैं या जान बचाने के लिए भाग रहे हैं। मुख्यधारा में शामिल करने की योजना पर भी काम जारी है। ऐसे देखा जाये तो किसी समस्या का समाधान बंदूक की नाली से निकलने वाली गोली नहीं हो सकती है। राज्य के सारंडा से लेकर बूढ़ा पहाड़ तक कानून का राज्य स्थापित हो चुका है। या होने वाला है। ऐसे में गृहमंत्री और प्रधानमंत्री के बयान से स्पष्ट हो गया है कि विकास के रास्ते में रोड़ा अटकाने वालों की अब खैर नहीं है। किसी भी बात को कानून के दायरे में सुलझाया जा सकता है। आने वाले दिनों में नक्सलियों के खात्मे के बाद विकास का दायरा बढ़ेगा,इस बात में कोई संशय नहीं है। देखा जाये तो अपने कर्तव्य की खातिर पुलिस ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया है। नक्सली घटनाओं में हजारो ने बलिदान दिया है। दूसरी तरफ देश की सीमाओं की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति के रूप में बीएसएफ ने जिस तरह से देश की दुर्गम सीमाओं की सुरक्षा की है, उस पर पूरा देश गर्व करता है। जिस देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं होतीं, वो देश कभी विकसित और समृद्ध नहीं हो सकता। ऐसे में बीएसएफ के स्थापना दिवस की गूंज पूरा देश आज सुन रहा है। समाज में शांति स्थापित कर ही विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सकता है। लेकिन हाल के वर्षों में हमारे आंगन में नक्सलवाद ने खून की होली खेलकर यहां की समरसता को खराब कर दिया है। अभी भी अरबन नक्सली आग में घी डालने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में एसी कमरे में बैठकर खून बहाने की बात करने वालों की शिनाख्त आवश्यक है। समाज में हिंसा की कोई जगह नहीं है। ऐसे तत्व किसी के नहीं हैं। बहरहाल अब वह दिन दूर नहीं है जब देश वामपंथी उग्रवाद से पूर्णतया मुक्त हो जायेगा। सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप हिंसा की घटनाओं में 52 प्रतिशत, मृत्यु की घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी यह दर्शाने के लिए काफी है कि वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिले 96 से घटकर 45 रह गये हैं। वामपंथी उग्रवाद अब सिमटता जा रहा है और अब इस पर एक नये हौंसले और जोश के साथ अंतिम प्रहार करने के लिए सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी तैयार है। उग्रवाद प्रभावित इलाकों में सुरक्षा वैक्यूम को भरने के लिए कई नये शिविर खोले गये हैं। इसी का परिणाम है कि बूढ़ा पहाड़ और चकरबंदा जैसे दुर्गम क्षेत्रों को आज पूरी तरह से वामपंथी उग्रवाद से मुक्त हो गये हैं। कोल्हान और झारखंड के कुछ क्षेत्रों में वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ अभी अंतिम लड़ाई जारी है और यह लड़ाई भी जीत के कगार पर है।

**राज्य के बड़े नक्सली या तो मारे जा रहे हैं या जान बचाने के लिए भाग रहे हैं। मुख्यधारा में शामिल करने की योजना पर भी काम जारी है। ऐसे देखा जाये तो किसी समस्या का समाधान बंदूक की नाली से निकलने वाली गोली नहीं हो सकती है। राज्य के सारंडा से लेकर बूढ़ा पहाड़ तक कानून का राज्य स्थापित हो चुका है। या होने वाला है। ऐसे में गृहमंत्री और प्रधानमंत्री के बयान से स्पष्ट हो गया है कि विकास के रास्ते में रोड़ा अटकाने वालों की अब खैर नहीं है। किसी भी बात को कानून के दायरे में सुलझाया जा सकता है।**

## इन दिनों

# बढ़ रही भारतीय नौसेना की ताकत




योगेश कुमार गोयल

***प्रतिवर्ष*** 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना के जांबाजों को याद करते हुए भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 03 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान की सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तान की नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिये गये थे। भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया था और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा था। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तानी नौसेना की कमर टूट गई थी। भारतीय नौसेना द्वारा किये गये हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है और 2023 के नौसेना दिवस का विषय है 'समुद्री क्षेत्र में परिचालन दक्षता, तत्परता और मिशन उपलब्धि', जो समुद्री क्षेत्र में परिचालन दक्षता, तैयारियों और मिशन की उपलब्धि को बनाये रखने, देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने और समुद्री खतरों के खिलाफ सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय नौसेना के समर्पण पर प्रकाश डालता है। नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरूआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है 'शं नो वरूणः' अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें। भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए 'ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन' के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम 'ईस्ट इंडिया मरीन' से बदलकर 'बॉम्बे मरीन' कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था।

**भारतीय नौसेना द्वारा किये गये हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है और 2023 के नौसेना दिवस का विषय है 'समुद्री क्षेत्र में परिचालन दक्षता, तत्परता और मिशन उपलब्धि', जो समुद्री क्षेत्र में परिचालन दक्षता, तैयारियों और मिशन की उपलब्धि को बनाये रखने, देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने और समुद्री खतरों के खिलाफ सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय नौसेना के समर्पण पर प्रकाश डालता है। नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरूआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है।**

## आप की बात

### बाजार हटने से परेशानी

चान्हो, रांची के साप्ताहिक बाजार को हटा कर हुटार बिजुपारा ले जाने से किसानों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है ।छोटे किसानों का कहना है कि सब्जियों को शुक्रवार बाजार चान्हो में बेचने पर रोक के कारण हुटार ले जाने से हमें किराया भी लगता हैं जिससे हमें बचत नही हो पाती है और उचित दाम भी नही मिलता है ।किसानो की सब्जियां को ले जाने के लिए रास्ता भी नहीं बना हुआ है । हुटार बाजार सब्जियां पहुंचाने मे भी काफी समय लगता है लोकल बाजार चान्हो पूर्व की तरह चालू होता है तो हम सभी किसान सही समय में बाजार पहुंच पाएंगे ।

**इरफान अंसारी, चान्हो**

### जरूरतमंदों की आस

मेदिनीनगर में समृद्धि संस्था की रोटी जरूरतमंदों की आस बन चुकी है। संस्था की पूरी टीम निःस्वार्थ व निष्ठा भाव से अपने अभियान को अंजाम देने में जुटे हैं। उनके कार्य की सराहना शहरवासी ही नहीं अपितु यहां आने वाले बाहर के लोग भी कर रहे हैं। शहर में दोना-पत्तल, दातून बेचने वालों सहित शनि मंदिर परिसर में बैठे वृद्ध व शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिए तो संस्था भगवान का स्वरूप बना हुआ है। उन्हें प्रतिदिन सदस्यों का इंतजार रहता है। अन्य समय चाहे वे कहीं भी रहें। नियत समय पर वे शनि मंदिर पहुंच ही जाते हैं। आलम यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों से लोग आना शुरू कर दिये हैं। इस कार्य में बैजन्ती गुप्ता, रंजीता, शिल्पी, ऋषि के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

**विक्की कुमार, डालटनगंज**

## प्रकृति


# भारत व अमेरिका के बीच सहयोग के नये युग की आधारशिला


किशन भावनानी गोंदिया

***वैश्विक*** स्तरपर भारत और अमेरिका की यारी से दुनियां बहुत भौचकी होकर कह रही है, जहां दो यार मिल जाय वही सफलताओं की बरसात निश्चित है, और हो भी क्यों ना, क्योंकि आसमान से धरती तक और सुई से हवाई जहाज तक हर क्षेत्र की प्रौद्योगिकी में भारत औरअमेरिका एक दूसरे का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से साथ दे रहा है जो दोनों देशों के समकक्ष उच्च नेतृत्व की उच्च प्रगाढ़यता का परिणाम है जो एक और एक ग्यारह वाले मुहावरे का संजीदिगी से काम कर रहे हैं। दोनों देशों का साथ-साथ और तालमेल इसी बात पर इसी तरह बना रहा तो सफलताओं की बुलंदियां दोनों देशों के कदमों में होगी। परंतु बहुत हद तक दोनों देशों में होने वाले 2024 के आम चुनाव के बाद नेतृत्व पर भी कुछ निर्भर करता है, चूंकि भारतीय वाणिज्य मंत्री 13-16 नवंबर 2023 को अपने अमेरिका यात्रा के सफल परिणाम लाये हैं, इसीलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे भारत अमेरिका के गतिशील स्टार्टअप तंत्र और उभरती प्रौद्योगिकियों को जोड़ने आशय पत्र पर हस्ताक्षर से दूरगामी बुलंद परिणाम निश्चित है। साथियों बात अगर हम भारतीय वाणिज्य मंत्री के 13-16 नवंबर 2023 के अमेरिका दौरे की करें तो, सोमवार को वह सैनफ्रांसिस्को पहुंचे, जहां वह एशिया पैसिफिक इकॉनोमिक कॉपरेशन (एपीईसी) की बैठक में हिस्सा लिया। सैन फ्रांसिस्को में अमेरिका की कॉमर्स सेक्रेटरी (वाणिज्य मंत्री) जीना रेमंडो से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं की बैठक में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार बाधाओं को पहचानने, उन्हें दूर करने, निवेश बढ़ाने और तकनीक और इनोवेशन के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर बात हुई।वाणिज्य मंत्री विभिन्न कंपनियों के सीईओ से भी मुलाकात की। सिलिकॉन वैली और अमेरिकी कंपनियों को भारतमें इलेक्ट्रॉनिक्स सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी और फिनटेक आदि के क्षेत्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर के वाणिज्य मंत्री से भी मुलाकात की।

**साथियों बात अगर हम भारतीय वाणिज्य मंत्री के 13-16 नवंबर 2023 के अमेरिका दौरे की करें तो, सोमवार को वह सैनफ्रांसिस्को पहुंचे, जहां वह एशिया पैसिफिक इकॉनोमिक कॉपरेशन (एपीईसी) की बैठक में हिस्सा लिया।**

## फेसबुक वॉल से



## X- से

मन में आशंकाओं से घिरे न रहें। अपने दिल में सपनों का नेतृत्व करें।

अपने पत्र हमें इमेल कर सकत हैं-article.rnmail@gmail.com

# खलिस्तान समर्थकों की हताशा से उपजी अभद्रता


ललित गर्ग

***अमेरिका*** के न्यूयार्क में लांग आइलैंड क्षेत्र में गुरुपर्व के मौके पर गुरुद्वारे में माथा टेकने गये भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू से खालिस्तान समर्थकों की धक्का-मुक्की और शर्मनाक व्यवहार न केवल निन्दनीय है बल्कि सिख धर्म की पवित्र, मयार्दामय एवं शांतिप्रिय परम्परा को धुंधलाने का कुत्सित प्रयास है। सिखधर्म के संस्थापक, मानवीय मूल्यों के प्रेरक एवं राष्ट्रीयता के सुदृढ़ आधार महान धर्मगुरु के जन्मोत्सव-गुरुपर्व जैसे पवित्र एवं पावन अवसर पर ऐसी हरकत करने वाले सच्चे सिख कैसे हो सकते हैं? ऐसे खालिस्तान समर्थकों ने आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए राजदूत संधू को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके विरुद्ध नारेबाजी-धक्कामुक्की करना एवं अपने गुरुद्वारे की चौखट पर माथा टेकने आये इस विशिष्ट अतिथि एवं साधर्मिक पर हत्या की साजिश का आरोप लगाना हर दृष्टिकोण से तीव्र भर्त्सनापूर्ण है। कनाड़ा एवं अमेरिका में बढ़ रही हिन्दू विरोधी घटनाएं के पीछे छिपी दोनों देशों की मंशा एवं नियत की अनदेखी करना भारी भूल होगा क्योंकि इससे भारतीय संदर्भों में नई जटिलताएं खड़ी हो सकती है और इसका असर द्विपक्षीय संबंधों पर भी पड़ेगा। जिस तरह दुनिया में मुस्लिम आतंकवाद चिन्ता का विषय है, ठीक उसी तरह खालिस्तानी आतंकवाद भी भारत सहित दुनिया के लिये एक बड़ा संकट बन रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये कनाड़ा, अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया में कुछ खालिस्तान समर्थकों को संरक्षण मिलना, एक चिनगारी को आग बनाने एवं दुनिया में अशांति, हिंसा एवं आतंक के लिये उर्वरा भूमि तैयार करना है। कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लोकप्रियता महंगाई और बेरोजगारी तथा लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था के चलते घट चुकी है और वह जैसे-तैसे अपना पद बचाने के लिए जुगाड़ में लगे हैं और इसके लिये खालिस्तान समर्थकों की अलगाववादी गतिविधियों को बल दे रहे हैं या इन गतिविधियों से इतने अनजान हो जाते हैं कि वे चाहे-अनचाहे उनकी राह आसान कर देते हैं।

**कनाड़ा एवं अमेरिका में बढ़ रही हिन्दू विरोधी घटनाएं के पीछे छिपी दोनों देशों की मंशा एवं नियत की अनदेखी करना भारी भूल होगा क्योंकि इससे भारतीय संदर्भों में नई जटिलताएं खड़ी हो सकती है।**




## बोधि वृक्ष

# आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा

***सफेद*** वस्त्र पहनना स्वयं को याद दिलाने के लिए है) चेतना के सभी स्तरों पर अत्यधिक सावधानी)। उस दिन गीली रेत घड़े का आकार नहीं ले पा रही थी और उन्हें खाली हाथ आश्रम लौटना पड़ा। उसे अपनी गलती का एहसास हुआ और यद्यपि वह अपना जीवन वहीं समाप्त करना चाहती थी, एक पतिव्रता के रूप में, उसे लगा कि उसके शरीर, मन और आत्मा पर उसका कोई व्यक्तिगत अधिकार नहीं है और वह अपने पति, अपने स्वामी, अपने गुरु को अनुमति देने के लिए आश्रम लौट आई। अपनी इच्छानुसार स्थिति से निपटने के लिए। यही सच्ची निरहंकारिता, सच्चा समर्पण, सच्चा पतिव्रत्य है। (एक धोबी की ऐसी ही कहानी, जो कुरुपुरम में श्री गुरु (श्री पाद वल्लभ) की सेवा कर रहा था, उसने एक मुस्लिम नवाब को नदी में अपनी रानियों के साथ खेल खेलते हुए देखा और इस प्रकार उसके मन में समान सुखों का आनंद लेने की इच्छा के बीज पैदा हुए, जिसे श्री गुरु ने जन्म लेने का आशीर्वाद दिया। अगले जन्म में एक मुस्लिम शासक के रूप में मन में आता है। वहाँ श्री गुरु हमें बताते हैं कि इच्छा के बीज या तो जला दिया जाना चाहिए या बढ़ने और फल देने की अनुमति दी जानी चाहिए। कर्म मन, वाणी और कार्यों से किया जाता है और कर्म फल का आनंद तब तक लेना होता है सच्ची वैराग्य की उस अवस्था तक पहुँच जाता है।) जैसा कि हम नीचे देखेंगे, रेणुका को अव्यक्त इच्छा के बीज के कारण अपने आभा प्रदूषण के कड़वे फलों का 'आनंद' लेना पड़ा। जमदग्नि ने अपनी दिव्य दृष्टि से देखा कि क्या हुआ था और उन्होंने सजा के तौर पर अपने बेटों से उसका सिर काटने को कहा। दण्ड स्वीकार करने से मनुष्य शुद्ध हो जाता है। जितना ऊँचा पद, उतनी ही बड़ी सजा का नियम था। **(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# दुनिया के सबसे बेहतरीन पासवर्ड मैनेजर्स



पासवर्ड मैनेजर्स का प्रमुख लक्ष्य होता है उपयोगकर्ताओं को एक सुरक्षित और मजबूत पासवर्ड निर्माण करने में मदद करना। कुछ उत्कृष्ट पासवर्ड मैनेजर्स उपयोगकर्ताओं को विभिन्न डिवाइसों और प्लेटफॉर्म्स पर अपने पासवर्ड को सिंक करने की सुविधा भी प्रदान करते हैं। आजकल इंटरनेट उपयोग बढ़ रहा है और हम सभी अनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर लॉग इन करते हैं, जैसे कि ईमेल, सोशल मीडिया, बैंकिंग और विभिन्न अन्य सेवाएं। इससे पासर्वडों की सुरक्षा महत्वपूर्ण हो गई है। पासवर्ड मैनेजर्स इस समस्या को हल करने के लिए एक अच्छा उपाय हैं। ये उपयोगकर्ताओ को सुरक्षित रूप से उनके पासवड्र्स को स्टोर और एक्सेस करने में मदद करते हैं। वर्तमान डिजिटल युग में नेटवर्क और ऑनलाइन सुरक्षा ने अद्भुत महत्त्व प्राप्त किया है। इंटरनेट पर अपनी गोपनीयता और सुरक्षा को संरक्षित रखने के लिए सुरक्षित पासवर्ड का उपयोग करना बहुत आवश्यक है। पासवर्ड मैनेजर्स इस चुनौतीपूर्ण कार्य को सरल बनाने में मदद करते हैं। ये सॉफ्टवेयर आपको अद्भुत सुरक्षा और सुविधाओं के साथ अपने पासवड्र्स को सुरक्षित रखने में मदद करते हैं। पासवर्ड मैनेजर्स का प्रमुख लक्ष्य होता है उपयोगकर्ताओं को एक सुरक्षित और मजबूत पासवर्ड निर्माण करने में मदद करना। कुछ उत्कृष्ट पासवर्ड मैनेजर्स उपयोगकर्ताओ को विभिन्न डिवाइसों और प्लेटफॉर्म्स पर अपने पासवर्ड को सिंक करने की सुविधा भी प्रदान करते हैं।

**■ अनिमेष शर्मा**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# तमाम कोशिशों के बाद भी सुबह उठने में होती है परेशानी...

सुबह उठने के कई फायदे होते हैं। सुबह जल्दी उठने से हमारा शरीर पूरा दिन एनर्जी से भरपूर होता है। इसके अलावा यह सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। कहते हैं कि सफल लोगों की पहचान सुबह समय से उठना होती है। सुबह जल्दी उठने से हमारे शरीर को कई फायदे मिलते हैं। लेकिन सुबह के समय उठना तो सभी चाहते हैं, लेकिन किसी न किसी कारण से ऐसा नहीं हो पाता है। तो वहीं कुछ लोग अलार्म लगाकर सोते हैं। लेकिन जब दूसरे दिन अलार्म बजता है, तो आलस के कारण हम नहीं उठ पाते हैं। वहीं अलार्म भी बजते-बजते बंद हो जाता है। बता दें कि सुबह न उठने का सबसे बड़ा कारण आलस होता है। जो हमको सुबह जल्दी उठने से रोक देता है। वहीं सर्दियों के मौसम में सुबह जल्दी उठना किसी मुश्किल काम से कम नहीं है। हांलाकि सुबह उठने के कई फायदे होते हैं। सुबह जल्दी उठने से हमारा शरीर पूरा दिन एनर्जी से भरपूर होता है। इसके अलावा यह सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। हमारे घर के बड़े-बुजुर्ग खुद भी सुबह जल्दी उठते हैं और परिवार के अन्य लोगों को भी सुबह जल्दी उठने की सलाह देते हैं। ऐसे में अगर आप भी सुबह जल्दी उठने की कोशिश करते हैं, लेकिन आलस के कारण नहीं उठ पाते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सुबह जल्दी उठने के कुछ टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको फॉलो कर आप सुबह जल्दी उठ सकते हैं।



## सुबह जल्दी उठने के टिप्स

**न खाएं देर रात खाना :** अगर आप भी सुबह जल्दी उठना चाहते हैं, तो रात में देर से खाना खाने से परहेज करें। क्योंकि कुछ लोग डिनर के बाद स्नैक्स आदि खाना पसंद करते हैं। ऐसे में अगर आपको भी यह आदत लगी है, तो आपको इसे छोड़ना होगा। क्योंकि सोने से कुछ देर पहले स्नैक्स खाने से, यह अच्छे से पचेगा नहीं। साथ ही हो सकता है कि आपके पेट में कुछ हलचल हो, जिससे कि आपको नींद नहीं आएगी। ऐसे में जब आप समय से सो नहीं पाएंगे, तो सुबह जल्दी उठ भी नहीं पाएंगे।

**न करें फोन का इस्तेमाल :** अगर आप देर रात तक फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो आपको नींद आने में परेशानी हो सकती है। क्योंकि अगर आप रात में लगातार फोन का इस्तेमाल करते हैं, तो इसका सीधा अर्थ है कि आप अपनी नींद का समय आगे बढ़ा रहे हैं। इसलिए सोने से करीब 2 घंटे पहले से फोन का इस्तेमाल करना बंद कर देना चाहिए। इससे आपको अच्छे और बेहतर नींद आएगी। साथ ही जब आप समय पर सोएंगे तो सुबह उठने में भी परेशानी नहीं होगी। इसके साथ ही सोने के दौरान फोन का इंटरनेट बंद करके सोना चाहिए। जिससे फोन पर आने वाले मैसेज आदि से आपकी नींद खराब न हो।

**बायलॉजिकल क्लॉक :** आपको बता दें कि जब आप एक समय पर सोते हैं और एक ही समय पर जागते हैं, तो इस समय की बायलॉजिकल क्लॉक को आदत हो जाती है। ऐसे में यह रुटीन फॉलो न करने पर आपको उबासी आने लगती है और अगले दिन अपने समय पर आंख खुल जाती है। इसलिए प्रयास करें कि कम से कम 7-8 घंटे की नींद जरूर लें।

**ऐसे भगाएं आलस :** अगर आप भी सुबह जल्दी उठ जाते हैं और फिर दोबारा सोने लगते हैं, तो आपको अपनी इस आदत को बदलना चाहिए। क्योंकि अगर आप सुबह उठने के बाद बिस्तर पर ही रहते हैं, तो आपको फिर से नींद आना लाजमी है। ऐसे में आप उठने के बाद कमरे की लाइट जला सकते हैं, क्योंकि लाइट की रोशनी से नींद धीरे-धीरे चली जाएगी। या फिर आप उठने के बाद थोड़ी देर टहल सकते हैं, इससे आप आपको दोबारा नींद नहीं आएगी।

**इन बातों का रखें खास ख्याल :** सुबह समय से उठना और खुशी से उठना इस बात पर निर्भर करता है कि आप रात में किस तरह से सोते हैं। अगर आप रात में चैन की नींद लेना चाहते हैं, तो आप अपने कमरे को पर्याप्त ठंडा रखें, कंफर्टेबल कपड़े पहने और बिना किसी टेंशन के सोएं। वहीं रात में ज्यादा खाना खाने से बचना चाहिए। क्योंकि अगर आपका पेट ज्यादा भारी होगा, तो आपको सोने में दिक्कत होगी।

❖ अनन्या मिश्रा

## काव्य कोना

### अधुरी साधना

आता जा रहा हूं पास जितना
बढ़ती जा रही है दूरी उतनी।

शिखर अभी भी छाया सी लग रही
साधना अधुरी सी लग रही।

दूभर नहीं है यह राह फिर भी
दिल पूछता है ठहर कर - जाना किधर।

मधुशाला का हर दरवाजा खुलता है उस गली में
अनभिज्ञ है सफर से बैठ कर मधुशाला में तो भी।

डूबने-उतराने लगेंगे मय में जब कोकिला के लय पर
शिखर सामने आ जायेगी खुद राह चल कर।

आता जा रहा हूं पास जितना
बढ़ती जा रही है दूरी उतनी।

❖ नाग मणि

# अस्थमा के मरीज भूलकर भी न करें इन चीजों का सेवन

अस्थमा के पेशेंट यदि स्वास्थ्य के हिसाब से लाइफस्टाइल को मैनेज करते हैं और उसी हिसाब से डाइट लेते हैं, तो इसको काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है। क्योंकि जरा सी लापरवाही के कारण इनकी जान मुश्किल में पड़ सकती है। अस्थमा यानि की दमा के मरीजों को अपनी डाइट का खास ख्याल रखना पड़ता है। क्योंकि जरा सी लापरवाही के कारण इनकी जान मुश्किल में पड़ सकती है। आज के समय में न सिर्फ बुजुर्ग बल्कि युवा और कम उम्र के बच्चे भी अस्थमा की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में इन लोगों को सर्दियों या फिर पॉल्यूशन में ज्यादा समस्या होने लगती हैं। अस्थमा का मुख्य कारण बढ़ता प्रदूषण और कमजोर इम्यूनिटी है। हांलाकि अस्थमा के पेशेंट यदि स्वास्थ्य के हिसाब से लाइफस्टाइल को मैनेज करते हैं और उसी हिसाब से डाइट लेते हैं, तो इसको काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि अस्थमा के पेशेंट को किस तरह की डाइट लेनी चाहिए और किन चीजों से परहेज करना चाहिए।



## अस्थमा के मरीज की डाइट

**दाल :** दाल हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छी मानी जाती है। क्योंकि दाल में भरपूर मात्रा में प्रोटीन पाया जाता है। अस्थमा के मरीजों को सोयाबीन, काला चना, मूंग दाल और अन्य दालों का सेवन करना चाहिए। इससे उनके फेफड़े मजबूत होते हैं। इसलिए इन्हें अपनी डाइट में एक कटोरी दाल जरूर शामिल करना चाहिए।

**हरी सब्जियां :** अस्थमा के पेशेंट को अपनी डाइट में हरी सब्जियां ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए। हरी सब्जियों के सेवन से फेफड़ों में कफ नहीं जमा होता है और शरीर को सभी जरूरी पोषक तत्व और विटामिन्स मिलते हैं। वहीं इस तरह की डाइट लेने से अस्थमा अटैक आने का खतरा काफी हद तक कम होता है।

**विटामिन सी :** अस्थमा के मरीज को अपनी डाइट में विटामिन सी से भरपूर फूड्स जरूर शामिल करना चाहिए। विटामिन सी से भरपूर चीजों में एंटी आक्सिडेंट प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। जो फेफड़ों को सुरक्षित बनाने का काम करता है। साथ ही इससे अस्थमा अटैक का खतरा भी काफी कम होता है।

**तुलसी।** तुलसी में कई तरह के औषधीय गुण पाए जाते हैं। साथ ही इसके सेवन से शरीर को एंटी ऑक्सीडेंट मिलता है। ऐसे में अस्थमा के मरीज रोजाना चाय में तुलसी के पत्ते डालकर इसका सेवन कर सकते हैं। इसके सेवन से आपका इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। साथ ही सीजनल बीमारियों का खतरा भी कम होता है।

**शहद दालचीनी :** दमा के मरीजों के लिए दालचीनी और शहद का सेवन काफी फायदा पहुंचा सकता है। इसलिए रोजाना रात में सोने से पहले 2-3 चुटकी दालचीनी को शहद में मिलाकर इसका सेवन करने से फेफड़ों को आराम मिलता है।

**इन चीजों से करें परहेज :** वहीं कुछ चीजें ऐसी भी होती हैं, जिनसे अस्थमा के मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। इसलिए दमा के पेशेंट को अपनी डाइट में पपीता, केला, चीनी, गेहूं, अंडा, सोया, चावल और दही नहीं शामिल करना चाहिए।

# सम्मेलनाय नमः



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657
(प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)

कहते हैं अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता। जब समूह में फोड़ने की सोचते हैं तो उसी समूह को सम्मेलन का नाम दे दिया जाता है। जी हाँ सम्मेलन! भीड़ में सांप नहीं मरता और सम्मेलन में समस्या का समाधान नहीं होता। सांप मर जाए तो लाठियों का और समाधान हो जाए इन सम्मेलनों का कोई औचित्य नहीं रह जाता। एक डंसने के लिए और दूसरा समय-पैसे की खपत के लिए होना जरूरी है। इसीलिए दुनिया में इतनी लाठियों और बुद्धिजीवियों के होने के बावजूद दोनों का अस्तित्व जस का तस और अक्षुण्ण है। वास्तव में सम्मेलन उन लोगों का समूह होता है जो अकेले तो कुछ नहीं कर सकते, लेकिन समूह बनने पर तीसमार खां बनने का दावा ठोंकते हैं। यहां कुछ हासिल करने से ज्यादा समय-पैसे खर्च करने के बढ़िया बहाने खोजे जाते हैं। इनके निरंतर चलने से बिस्कुट जैसे नरम और चाय जैसे गरम लोगों का मेल-मिलाप होता है, जो कि ऐसे संदर्भों में एक-दूसरे के पूरक का काम करते हैं। देखा जाए तो हमारे सम्मेलनों में पूरी तरह से लोकतांत्रिक पद्धति का पालन किया जाता है। यहां प्रतिभाओं से अधिक संविधान का और संविधान से अधिक उसका अपने हिसाब से इस्तेमाल करने वालों का आदर-सत्कार किया जाता है। यही कारण है कि हमारे यहां सम्मेलनों की पूंछ हनुमान जी की पूंछ से भी लंबी होती है।

सम्मेलन की क्षमता सुनने-देखने से ज्यादा करने में होती है। उदाहरण के लिए हमारा देश पिछड़ा हुआ है, ऐसा कहेंगे तो देशभक्तों को गुस्सा आ जाएगा। हो सकता है कि बदले में कोई हमें पाकिस्तान भी जाने के लिए कह दे। इसीलिए हमने इन्हीं सम्मेलनों के चलते बीच का रास्ता अपनाया है। देश को विकासशील जैसी सुंदर संज्ञा देकर बाहर से शेरवानी और अंदर से परेशानी वाली जैसी छवि का निर्माण किया है। ऐसा करने से कानों को सुकून मिलता है और चेहरे पर बनावटी मुस्कान बनी रहती है। सम्मेलन कई तरह के होते हैं। उन्हीं में एक तरह का सम्मेलन है- 'मुद्दे को कैसे भटकाया जाए?' यह आजकल बड़े जोरों पर है। उदाहरण के लिए जब विपक्ष फलानी चीज की खरीद-फरोख्त में भ्रष्टाचार का आरोप लगाता है तब जनता का ध्यान भटकाने के लिए सरकार फलाने पर गोलीबारी करवा देती है। पेट्रोल-डीजल की कीमत के बारे में ज्यादा बहस न हो इसके लिए टमाटर-प्याज की कीमत बढ़ा देती है। सच्चे अर्थों में सम्मेलनों में 'अ' के बदले 'ब' और 'ब' के बदले 'अ' सुनाने की तरकीबें खोजी जाती हैं। विश्वास न हो तो हमारे उच्च सदनों को ही देख लें। आजादी के बाद से वही तो करते आए हैं। चूंकि गरीबी कल भी थी, आज भी है और कल भी रहेगी। भ्रष्टाचार कल भी था, आज भी है और कल भी रहेगा। भुखमरी कल भी थी, आज भी है और कल भी रहेगी। इसीलिए सम्मेलन कल भी थे, आज भी हैं और कल भी रहेंगे। सच कहें तो यह देश हमसे नहीं सम्मेलनों से बना है।

# इलाज सस्ता होने के बाद भी दुर्लभ बीमारियों के लिए मिलती रहेगी सरकारी सहायता!

इलाज सस्ता होने के बाद भी दुर्लभ बीमारियों के लिए मिलती रहेगी सरकारी सहायता, विदेशी दवाओं का दाम भी होगा कम। इलाज सस्ता होने के बाद भी दुर्लभ बीमारियों के लिए सरकारी सहायता मिलेगी। पांच लाख तक सालाना खर्च की स्थिति में गरीबों को मुफ्त और कैशलेश इलाज की भी सुविधा मिल सकेगी।



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि सरकार सभी गंभीर बीमारियों के सस्ता इलाज उपलब्ध कराने पर काम कर रही है लेकिन इसके लिए सरकारी सहायता में कोई कमी नहीं की जाएगी।

दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए बाजार में सस्ती देशी दवा उपलब्ध होने के बाद भी इसके लिए मिलने वाली 50 लाख रुपये तक की सरकारी सहायता जारी रहेगी। यही नहीं, पांच लाख रुपये तक खर्च की स्थिति में आयुष्मान भारत के लाभार्थियों के लिए मुफ्त इलाज की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

**महंगी विदेशी दवाओं का दाम हुआ कम :** अभी तक महंगी विदेशी दवाओं के कारण इलाज के लिए दी जाने वाली सहायता भी कम पड़ जाती थी। ध्यान देने की बात है कि लीवर की दुर्लभ बीमारी टाइरोसिनेमिया टाइप-ए के इलाज के लिए विदेशी दवा पर सालाना 2.0-2.20 करोड़ रुपये का खर्च आता है, लेकिन अब भारतीय कंपनी की दवा से महज 2.5 लाख रुपये का खर्च आएगा।

**इलाज के खर्च के मुताबिक मिलेगी सहायता :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि सरकार सभी गंभीर बीमारियों के सस्ता इलाज उपलब्ध कराने पर काम कर रही है, लेकिन इसके लिए सरकारी सहायता में कोई कमी नहीं की जाएगी। इलाज के खर्च के मुताबिक मरीजों को सरकारी सहायता मिलती रहेगी। वहीं, आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब परिवार के व्यक्ति अब दुर्लभ बीमारियों का मुफ्त इलाज भी हासिल कर पाएंगे।

**आयुष्मान भारत के तहत कवर किया जाएगा खर्च :** मांडविया ने कहा कि यदि गंभीर बीमारी के इलाज का सालाना खर्च पांच लाख रुपये के नीचे आता है तो इसे आयुष्मान भारत के तहत कवर किया जाएगा। ध्यान देने की बात है कि आयुष्मान योजना के तहत गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त और कैशलेश इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

**दुर्लभ बीमारियों के सस्ते इलाज पर काम कर रही सरकार :** सरकार फिलहाल 13 दुर्लभ बीमारियों के सस्ता इलाज उपलब्ध कराने पर काम कर रही है। इनमें से सात बीमारियों के इलाज के लिए देशी कंपनियों आठ दवाईयां बना ली है। इनमें से चार बाजार में उतार भी दी गई है और अगले पांच-छह महीने बाकी चार भी बाजार में आ जाएंगी।

## सूडोकु नवताल- 6903

✶✶✶✶☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6902 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## दैनिक पंचांग

04 दिसम्बर को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.27 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मकर | 09.32 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.18 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 12.51 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 14.22 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 16.02 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 18.00 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 20.13 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 22.29 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | कन्या | 00.41 बजे से |
| | | तुला | 02.52 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.07 ब.से |

**सोमवार** 2023 वर्ष का 338 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** सप्तमी 22.00 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 00.35 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** वैधृति 21.47 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 08.42 बजे तदनन्तर बव 22.00 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 20.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 10'
**सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1871817
**जूलियन दिन** 2460282.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उलावल **तारीख** 19
**विशेष** भारतीय नौसेना दिवस, स्वामी ब्रह्मानंद लोधी दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7965




**बाएँ से दाएँ**

1. कवि की रचना, गजल-3
3. अनुमान, अंदाज-3
5. सदपुरुष-2
6. अयोग्य, असंगत -2
8. स्वार्थ, लोभ-4
10. सहयोग, सहकार-3
11. उन्माद, सनक-3
12. भगवान का अराधक-2
13. ठंडक, शीतलता-2
14. दूल्हे के सिर पर बांधी जाने वाली पगड़ी-3
16. चांदी-3
18. गंवारपन, अशिष्टता-4
20. पैंदा, तला-2
22. वर्तमान दिन-2
23. बहने का भाव-3
24. गमन, विदा होना-3

**ऊपर से नीचे**

1. हुनर, फन, आर्ट-2
2. बल, दम, जोर-3
3. समीप, नजदीक-3
4. गलत का विलोम-2
5. भ्रम, संदेह-3
7. उपनदी, कैनाल-3
8. नशे से भरपूर-4
9. लाख, सौ हजार-2
11. स्वभाव, आदत-4
14. स्वास्थ्य-3
15. इस जगह-2
17. तहजीब, शिष्टता-3
18. इकट्ठा होना-3
19. रेखा, लाइन-3
21. होठ, अधर-2
22. आगमन-2

### शब्द पहेली - 7964 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ह | ल | ज | | | कु | ली | न |
| रि | | | र | सा | त | ल | | फा |
| ता | ना | | | ग | म | | | स |
| | जा | म | | र | | | स | त |
| | य | म | ज | | आ | रा | म | |
| ह | ज | | | ह | | न | त | |
| ज | | | क | र | | | ल | ब |
| र | | स | ला | म | त | | | द |
| त | बा | ही | | | य | की | न | न |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**वृष राशि :** संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**मिथुन राशि :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्क राशि :** स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**सिंह राशि :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**कन्या राशि :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**तुला राशि :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे।

**वृश्चिक राशि :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**धनु राशि :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**मकर राशि :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है।

**कुंभ राशि :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे।

**मीन राशि :** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद को किया नमन



**नई दिल्ली।** देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को आज (रविवार) कृतज्ञ राष्ट्र ने 139वीं जयंती पर याद किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने एक्स पर लिखा-' हमारे इतिहास के महत्वपूर्ण क्षणों में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की गहन बुद्धिमत्ता और दृढ़ नेतृत्व अत्यंत गर्व का विषय है। लोकतंत्र और एकता के विजेता के रूप में उनके प्रयास पीढ़ियों तक गूंजते रहेंगे। उनकी जयंती पर उन्हें शत-शत नमन।'

### संसद सदस्यों ने डा. राजेन्द्र प्रसाद को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, संसद के सदस्यों, पूर्व सदस्यों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने आज संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। लोकसभा और राज्यसभा के महासचिव क्रमशः उत्पल कुमार सिंह और पीसी मोदी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित डा. राजेन्द्र प्रसाद के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई। डा. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डा. एस. राधाकृष्णन ने 5 मई, 1964 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में किया था।

### 'मिचौंग' को लेकर पीएम ने की आंध्र के सीएम से बातचीत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी से टेलीफोन पर बातचीत कर चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' से जुड़ी तैयारियों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने राज्य को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इससे पहले शुक्रवार को बंगाल की खाड़ी में बनने वाले चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा के लिए कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में रविवार को राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति की बैठक हुई। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए आज दोपहर तक दक्षिण आंध्र प्रदेश और आसपास के उत्तरी तमिलनाडु तटों के पास पहुंच जाएगा।

## राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ढहा कांग्रेस का किला, तेलंगाना ने लगाया 'मरहम'

# हिंदी पट्टी से पूरी तरह साफ हो गई कांग्रेस

## मध्य प्रदेश में फिर भाजपा सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले एक तरह से सेमी फाइनल माने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए हुए मतदान में रविवार को सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हुआ। मिजोरम में मतों की गिनती सोमवार को होगी। देश में आम चुनाव में अब छह महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में इन राज्यों के विधानसभा चुनाव को सेमी फाइनल मुकाबले के रूप में देखा जा रहा है।

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में बीजेपी की शानदार जीत हुई है। वहीं तेलंगाना में कांग्रेस सरकार को बहुमत मिली है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में हार के साथा ही कांग्रेस हिंदी पट्टी से पूरी तरह साफ हो गई है। चुनाव के पूर्व राजस्थान व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, जबकि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाण में भाजपा की सरकार थी। दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। अब राजस्थान व छत्तीसगढ़ में हारने के साथ कांग्रेस हिंदी पट्टी के किसी भी राज्य में सत्ता में नहीं है। हां बिहार में सत्तारूढ़ गठबंधन में वह जरूर है लेकिन वहां भी कांग्रेस की स्थिति बेहद कमजोर है। मालूम हो कि मध्य प्रदेश की 230 सीट, छत्तीसगढ़ की 90 सीट, तेलंगाना की 119 सीट और राजस्थान की 199 सीट के लिए रविवार को मतगणना हुई। यहां एक विधानसभा सीट पर उम्मीदवार की मृत्यु हो जाने के कारण चुनाव टाल दिया गया है।



### छत्तीसगढ़ महतारी की जय : जेपी नड्डा



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी की जीत पर कहा, छत्तीसगढ़ महतारी की जय! भारतीय जनता पार्टी को मिला यह जनादेश आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता के विश्वास की मुहर है। यह परिणाम दशार्ता है कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार, अराजकता, वादाखिलाफी और तुष्टिकरण के खिलाफ प्रदेश की जनता ने भाजपा के 'सबका-साथ, सबका-विकास, सबका-विश्वास, सबका-प्रयास' के मंत्र को समर्थन दिया है। भाजपा के 15 वर्ष के विकास रथ को प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने रोक रखा था, अब हम पीएम के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ को और गति के साथ विकास के पथ पर अग्रसर करेंगे। इस जीत के लिए छत्तीसगढ़ भाजपा के नेतृत्व और समस्त कर्मठ कार्यकर्ताओं को हृदय से बधाई देता हूं और प्रदेश की जनता को शुभकामनाएं।

### राजस्थान हारने के बाद सीएम योजनाओं में विफल रहें



राजस्थान के सीएम गहलोत ने अपनी हार स्वीकारते हुए ट्वीट किया, 'राजस्थान की जनता द्वारा दिए गए जनादेश को हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं। यह सभी के लिए एक अप्रत्याशित परिणाम है। यह हार दिखाती है कि हम अपनी योजनाओं, कानूनों और नवाचारों को जनता तक पहुंचाने में पूरी तरह कामयाब नहीं रहे। मैं नई सरकार को शुभकामनाएं देता हूं। मेरी उनको सलाह है कि हम काम करने के बावजूद कामयाब नहीं हुए इसका मतलब ये नहीं कि वो सरकार में आने के बाद काम ही ना करें। चिरंजीवी सहित तमाम योजनाएं एवं जो विकास की रफ्तार इन पांच सालों में राजस्थान को हमने दी है वो इसे आगे बढ़ाएं। मैं सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इस चुनाव में पूरी मेहनत की एवं सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने हमारे ऊपर विश्वास किया। सीएम अशोक गहलोत ने रविवार शाम छह बजे राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

**राजस्थान में कल होगी विधायकों की बैठक :** राजस्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल की बैठक कल को जयपुर में होगी।



### म.प्र परिवार, सबका स्नेह मिला : शिवराज

एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने हुए कहा कि हमें पता था कि बहुमत से जीतेंगे। मध्य प्रदेश परिवार है, सबका स्नेह मिला। हमने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मुस्लिम बहनों ने भी हमें वोट दिया है। जनता ने स्नेह से रिश्ता बनाया है, मध्य प्रदेश की जनता मेरी भगवान है। जनता का अभूतपूर्व विकास हुआ है। पीएम के नेतृत्व पर जनता को भरोसा है।

### राजस्थान विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी हारे



कांग्रेस नेता और राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष सीपी जोशी नाथद्वारा सीट से चुनाव हार गए हैं। इस हार के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'नाथद्वारा की जनता के निर्णय को मैं स्वीकार करता हूं। पूरे चुनाव के दौरान साथ देने वाले कार्यकर्ताओं और साथियों का मैं धन्यवाद करता हूं। मैं हमेशा की तरह नाथद्वारा की जनता के हितों की पैरवी करता रहूंगा।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने समर्थन के लिए तेलंगाना के लोगों को धन्यवाद दिया



**केंद्रीय** गृहमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने विधानसभा चुनाव में उत्साहजनक समर्थन के लिए तेलंगाना के लोगों का आभार जताया। शाह ने एक्स पर एक ट्वीट में कहा, समर्थन को प्रोत्साहित करने के लिए तेलंगाना के लोगों का आभार। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा तेलंगाना के विकास के लिए काम करना जारी रखेगी। लोगों के सहयोग से हम निश्चित रूप से तेलंगाना को एक समृद्ध राज्य बनाएंगे। तेलंगाना भाजपा के कार्यकर्ताओं और प्रदेश अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी को उनके अथक प्रयासों के लिए हार्दिक धन्यवाद।''

## सनातन का विरोध पार्टी को ले डूबा

### हार के बाद कांग्रेस नेता ने अपनी ही पार्टी पर निकाली भड़ास

### गांधी के बजाय कांग्रेस कार्ल मार्क्स के मार्ग पर चल रही है

मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में बीजेपी आगे निकल गई और तेलंगाना में केसीआर पिछड़ गई है। यहां कांग्रेस की सरकार बनने की संभावना है। कांग्रेस की पराजय को पर कांग्रेसी नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने टिप्पणी करते हुए कहा कि सनातन का श्राप कांग्रेस को ले डूबा। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस का शासन था और इन राज्यों में कांग्रेस पिछड़ रही है।



कांग्रेसी नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा है कि सनातन का विरोध देश में किसी को स्वीकार नहीं है. कांग्रेस यदि सनातन का विरोध करती रहेगी तो वह हारती रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सनातन धर्म का लगातार विरोध कर रही है। वह रणनीतिक रूप से हिंदू धर्म के खिलाफ चुनावी मैदान में थी। जातीय राजनीति को मुद्दा बनाया जा रहा है, जो देश के लोगों को स्वीकार नहीं है।

आचार्य प्रमोद ने कहा कि कांग्रेस यदि चुनाव जीतना चाहती है, तो उसे महात्मा गांधी के रास्ते पर चलना होगा, लेकिन कांग्रेस कार्ल मार्क्स के मार्ग पर चल रही है। इस परंपरा को बदलना होगा। महात्मा गांधी की बैठक की शुरूआत रघुपति राघव राजा राम के भजन से होती थी, लेकिन कुछ नेता सनातन का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यदि ऐसे नेताओं को पार्टी से नहीं निकाला, तो कांग्रेस की हालत एआईएमआईएम जैसी हो जाएगी। कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। सनातन का विरोध ने हमें ले डूबा है।

### छग के पूर्व सीएम डा.रमन सिंह चुनाव जीते



छत्तीसगढ़ की राजनांदगाव सीट से भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह चुनाव जीत गए है। डा.सिंह मतगणना पूरी होने के बाद कांग्रेस प्रत्याशी गिरीश देवांगन को लगभग 35 हजार मतो से शिकस्त ही। भाजपा ने इस सीट पर कब्जा बरकरार रखा है। डा.सिंह लगातार चौथी बार इस सीट से निर्वाचित हुए है। उनकी अब तक की इस सीट पर सबसे बड़े अन्तर से जीत है।

### झालरापाटन सीट से जीतीं वसुंधरा राजे



राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता वसुंधरा राजे झालरापाटन विधानसभा सीट से चुनाव जीत गई हैं। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, राजे ने 53,193 मतों से जीत दर्ज की।

### छग में हारे टीएस सिंह देव




कांग्रेस को छत्तीसगढ़ में एक और बड़ा झटका लगा है। राज्य में उप मुख्यमंत्री टीएस सिंह देव 157 वोटों से हार गए हैं।

## जापान पहुंचा भारतीय नौसेना का जहाज 'आईएनएस कदमत्त'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना का जहाज 'आईएनएस कदमत्त' जापान पहुंचा है। रविवार को इस यात्रा की जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि आईएनएस कदमत्त एक पनडुब्बी रोधी लड़ाकू जलपोत है। यह जलपोत अत्याधुनिक हथियारों से लैस है। उत्तरी प्रशांत महासागर में लंबी दूरी की ऑपरेशनल तैनाती पर आईएनएस कदमत्त जापान पहुंचा है। इस यात्रा का मकसद भारत एवं जापान के बीच समुद्री सहयोग को और मजबूत करना है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक ऑपरेशनल टर्नअराउंड (ओटीआर) के लिए भारतीय नौसैनिक जहाज ने जापान के योकोसुका में प्रवेश किया है। इस प्रवास के दौरान पेशेवर संवाद और



सामुदायिक कल्याण की गतिविधियों सहित जहाज पर यात्राओं की योजना तैयार की गई हैं। जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ) के साथ बातचीत में जहाजों पर परस्पर दौरा (क्रॉस-शिप विजिट), विचारों का पेशेवर आदान-प्रदान, संयुक्त योग शिविर और समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स) के लिए समन्वय बैठक शामिल होगी। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि योकोसुका में यह जहाज जापान में भारतीय प्रवासियों की उपस्थिति में 4 दिसंबर 2023 को नौसेना दिवस मनाएगा। हाल ही में, आईएनएस कदमत्त ने दोनों नौसेनाओं के बीच हस्ताक्षरित आपूर्ति एवं सेवाओं के पारस्परिक प्रावधान (आरपीएसएस) के सिद्धांतों के तहत 28 नवंबर 2023 को ओकिनावा तट पर जेएमएसडीएफ फास्ट कॉम्बैट सपोर्ट शिप, जेएस टोवाडा के साथ ईंधन भरने का कार्य भी किया है। आईएनएस कदमत्त की जापान यात्रा और जेएमएसडीएफ के साथ बातचीत का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र के बारे में दोनों देशों के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत एवं जापान के बीच समुद्री सहयोग को और मजबूत करना है।

### महाराष्ट्र : गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों ने की ग्रामीण की हत्या

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में नक्सलियों ने 38 वर्षीय व्यक्ति की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि कोरची तालुका के मोरकुटी गांव निवासी चमरा मडावी को शनिवार देर रात नक्सलियों ने उसके घर से उठा लिया और गांव के बाहरी इलाके में उसकी हत्या कर दी। एसपी नीलोत्पल ने कहा कि मडावी प्रतिबंधित संगठन का समर्थक था और उसे पिछले साल पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में नक्सलियों को गोला-बारूद की आपूर्ति करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि मडावी की बहन भी नक्सली है और उसकी शादी माओवादियों के डिविजनल कमेटी सदस्य मानसिंह होली से हुई है।




### 'एनिमल' में खलनायक का किरदार निभाने के लिए बॉबी देओल ने सीखी साइन लैंग्वेज



**नवीनतम** रिलीज 'एनिमल' में खतरनाक किरदार निभाने को लेकर अभिनेता बॉबी देओल बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि यह आसान नहीं था और इसके लिए उन्हें सांकेतिक भाषा (साइन लैंग्वेज) सीखनी पड़ी। यह पूछे जाने पर कि एक अराजक और खतरनाक मूक प्रतिपक्षी की भूमिका निभाने के लिए एक अभिनेता के रूप में उनकी कितनी परीक्षा हुई, बॉबी ने आईएएनएस को बताया, "मैं एक ऐसा किरदार निभाना चाहता था जो मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर हो। मैं चाहता हूं कि यह और अधिक चुनौतीपूर्ण हो क्योंकि यह एक व्यक्ति का सर्वश्रेष्ठ बाहर लाता है और मुझे लगता है कि मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ है।" उन्होंने कहा कि वह तब दंग रह गए जब निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें बताया कि फिल्म में उनकी कोई लाइन नहीं है। बॉबी ने बताया, जब संदीप ने कहा कि आपका किरदार मूक है, तो मैंने कहा, क्या? मुझे बोलने की अनुमति नहीं है। मेरा मतलब है कि हर कोई मेरे बोलने के तरीके को पसंद करता है और उन्होंने कहा, हां, लेकिन मैं चाहता हूं कि यह किरदार मूक हो।" अभिनेता को फिल्म में उनके प्रदर्शन और उनकी बेहतरीन काया के लिए प्यार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वह घबराए हुए हैं।

### 'सैम बहादुर' में विक्की के अभिनय से बेहद प्रभावित हैं सचिन तेंदुलकर

**सचिन** तेंदुलकर के फिल्म 'सैम बहादुर' देखने को लेकर अभिनेता विक्की कौशल ने कहा कि वह अपने 'बचपन के हीरो' सचिन तेंदुलकर की फिल?म को लेकर की गई प्रतिक्रिया को जीवन भर याद रखेंगे। 'सैम बहादुर' महान फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर आधारित है। फिल्म में फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग के दौरान सचिन को एक वीडियो में पपराजी से यह कहते हुए देखा जा सकता है, बहुत अच्छी फिल्म है, जरूर देखियेगा। मैं विक्की के अभिनय से बहुत प्रभावित हुआ। देख के ऐसा लगा कि असल में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ हमारे सामने हैं। बॉडी लैंग्वेज अविश्वसनीय थी। अगर आप हमारे देश का इतिहास जानना चाहते हैं तो आपको यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह हर पीढ़ी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस | राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह में बोलीं राष्ट्रपति

# अवसरों की समानता और सशक्तीकरण आवश्यक

**एजेंसी। नई दिल्ली**


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिव्यांगों के प्रति समाज में सकारात्मक बदलाव पर खुशी जाहिर करते हुये रविवार को कहा कि अवसरों की समानता और सशक्तीकरण से दिव्यांगजन समानता और सम्मान के साथ जीवनयापन कर सकते हैं। राष्ट्रपति विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर 2023 के लिए विकलांग व्यक्तियों के सशक्तीकरण के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। राष्ट्रपति ने



कहा कि दिव्यांगों के सशक्तीकरण के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार एक सराहनीय माध्यम है क्योंकि व्यक्तिगत और संस्थागत कार्यों को सार्वजनिक मान्यता दिये जाने से सभी को प्रोत्साहन मिलता है। उन्हें जानकर खुशी हुई कि पिछले कुछ वर्षों में दिव्यांगजनों के प्रति समाज के दृष्टिकोण में बदलाव आया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उचित सुविधाओं, अवसरों और सशक्तीकरण प्रयासों की मदद से सभी दिव्यांगजन समानता और सम्मान के साथ जीवन जी सकेंगे। मुर्मू ने कहा कि जो दिव्यांगजन विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं, उन्हें अपनी क्षमता के अनुसार अन्य दिव्यांगजनों की मदद करनी चाहिये। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व की कुल आबादी का लगभग 15 प्रतिशत दिव्यांगजन हैं और उनका सशक्तीकरण एक उच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि नये संसद भवन का हर हिस्सा दिव्यांगजनों के लिये सुविधाजनक है। उन्होंने सभी से इससे सीख लेने और शुरूआत से ही दिव्यांगजनों की जरूरतों को सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमें नवीनीकरण के बजाय नवप्रवर्तन की सोच के साथ काम करना चाहिये। राष्ट्रपति ने कहा कि गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य और कल्याण, अच्छी शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छता और पेयजल आदि से संबंधित सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने से दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण को विशेष ताकत मिलती है। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि भारत ने इन लक्ष्यों को उच्च प्राथमिकता दी है और उन्हें प्राप्त करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। श्रीमती मुर्मु ने एशियाई पैरा खेलों में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का जिक्र करते हुये ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने अपनी अदम्य विजयी भावना के बल पर एक नया इतिहास रचा है।

## जब मुझे उस तरह की भूमिकाएं नहीं मिलती, जिसकी मैं हकदार हूं तो मैं उदास हो जाती हूं : इवांका दास

**एक्ट्रेस** और कोरियोग्राफर इवांका दास, जो 'बॉम्बे बेगम', 'हड्डी', 'घूमर' जैसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रही हैं, ने साझा किया कि कैसे एक ट्रांस अभिनेता होने के नाते, उन्हें अक्सर सीमित भूमिकाएं मिलती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए, और समान अवसर दिए जाने चाहिए। इवांका ने कहा, यह वास्तव में निराशाजनक होता है, जब मुझे अपनी प्रतिभा के अनुसार उस तरह की भूमिकाएं नहीं मिलती हैं,



जिनकी मैं हकदार हूं और जिस तरह के अवसर मैं चाहती हूं। लेकिन, कहीं न कहीं मुझे खुद के लिए काम करना है और अपना घर चलाना है, बहुत सारे खर्चे हैं, जो मुझे देने पड़ते हैं, इसलिए मुझे जो काम मिलता है, वह करना पड़ता है। मैं अब भी उस तरह के काम के बारे में सोचने और छांटने की कोशिश करती हूं जो मेरे लिए उपयुक्त हो और मुझे आगे बढ़ने में मदद करे, क्योंकि अगर मैं कुछ भी ऐसा करूंगा जो मेरे रास्ते में आएगा, तो मैं शायद आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।" 'माजा मा' फेम ने कहा, लोग आपको वही काम देंगे जो आप अब तक करते आए हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह व्यक्ति इस तरह की भूमिकाएं कर रहा है, इसलिए बड़ी भूमिकाएं उपयुक्त नहीं होंगी। ये सब बहुत निराशाजनक हैं।

## एक नजर

### लापता छात्र का आठ दिनों बाद भी कोई सुराग नहीं



**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र के जीएमएस स्कूल के लापता छात्र रोहन कुमार (12) का आठ दिनों बाद भी पुलिस को सुराग नहीं मिल पाया है। इस संबंध में लापता छात्र के पिता शम्भू महतो ने रविवार को बताया कि 25 नवम्बर को उनका पुत्र स्कूल गया था। लेकिन स्कूल से वह वापस नहीं आया। इस संबंध में नगड़ी थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि उन्हें संदेह है कि किसी ने उनके बच्चे को फुसला कर कहीं लेकर फरार हो गया है। अनहोनी की आशंका से पूरे परिवार के लोग परेशान हैं। नगड़ी थाना प्रभारी रोहित सिंह ने बताया कि बच्चे का सीसीटीवी फुटेज मिला है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### संत जेवियर जयंती पर विशेष मिस्सा

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची में रविवार को संत जेवियर दिवस के अवसर पर विशेष मिस्सा समारोह का आयोजन कालेज आडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम मुख्य अनुष्ठाता फा. आंनद डेविड खलखो की अगुवाई में हुई। अपने संदेश उन्होंने सभी से अपने अच्छे आचरण एवं जीवन से दूसरों के लिए उदाहरण पेश करने के लिए आह्वान किया। समारोह में फा. रेक्टर अलेक्स एक्का, प्राचार्य फा. नाबोर लकड़ा, फा. प्रदीप कुजूर, फा. अजय मिंज, फा. अजय तिर्की अन्य पुरोहित, सिस्टर्स, विद्यार्थी, कालेज के स्टाफ, अभिभावक, अन्य अतिथि उपस्थित थे।

### अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया

**रांची।** स्वामी सदानंद महाराज की ओर से संचालित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट व स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को अन्नापूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में पुंदाग में आयोजित कार्यक्रम में डुंगरमल अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी व अन्नापूर्णा भंडारे के संयोजक ओमप्रकाश सरावगी की देखरेख में हुआ। इसके तहत श्रद्धालुओ, जरूरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच भंडारे का वितरण किया।

### जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया गया वितरण

**रांची।** गुरु नानक सेवक जत्था की ओर से विगत शनिवार को रिम्स और रेलवे स्टेशन में ठंड से ठिठुर रहे लोगों को कंबल उपलब्ध कराया गया। जत्था के सदस्यों ने रात 11:00 बजे से मध्य रात्रि 2:00 बजे तक ठंड से सिकुड़ रहे रिम्स में मरीज के परिजनों एवं रांची रेलवे स्टेशन में जरूरतमंद कुल पचास लोगों को स्वयं कंबल ओढ़ाया।

# मटका खेलाने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, कई सामान बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुखदेव नगर थाना पुलिस ने मटका खेलाने के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में अमरजीत डे और सुभाजित चटर्जी शामिल है। इनके पास से 128 पीस उजला रंग का रोल पेपर, पांच पीस एचपी कंपनी सीपीयू, दो पीस एचपी कंपनी का डेक्सटॉप, दो पीस चिराग कंपनी का डेक्सटॉप, चार पीस थर्मल प्रिंटर , तीन पीस की-बोर्ड, आठ पीस माउस, पांच पीस यूएसबी टू पोर्टल , तीन पीस एसी एडप्टर, चार पीस कंप्यूटर केबल, एक पीस वाईफाई राउटर, छह पीस पावर एडप्टर, दो पीस ल्यूमिनस कंपनी का इंवटर, एक वीबो कंपनी का 5 जी फोन, रेडमी नोट फोन, रियलमी कंपनी का एक टैब सहित अन्य बरामद किया गया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने रविवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि विद्यानगर पुल के पास बने एक पक्का मकान में कुछ लोगों की ओर से धोखाधड़ी करने के नियत से कंप्यूटर से मटका खेलाने का काम किया जा रहा है, जहां पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होता है। साथ ही अत्यधिक पैसा का लालच देकर आस पास के लोगों से पैसा धोखाधड़ी कर रहे हैं। सूचना के बाद एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने इस दौरान दो व्यक्तियों को पकड़ा। पूछताछ करने पर गिरफ्तार आरोपितों ने बताया कि दोनों किराये के कमरा लेकर लोगों को पैसा कमाने का लालच



देते हुए उनलोगों के साथ धोखाधड़ी करने के नियत से कंप्यूटर से मटका का खेल चलाते हैं। इस खेल में इनलोगों की ओर से आस पास के लोगों को विश्वास में लेकर कम पैसा में अमीर बनने का आसान रास्ता बताया जाता है। लेकिन ऐसा होता नहीं है। इस खेल में कुछ ही लोगों को मुनाफा होता है बाकि का लोगों का पैसा हमलोगों की ओर से धोखाधड़ी कर हड़प लिया जाता है ।दोनो की निशानदेही पर ऑन लाईन मटका खेलाने के लिए घर के विभिन्न कमरों में लगाये गये कंप्यूटर में अवैध दो लॉटरी का ऐप , कैसिनो किंग, स्मार्ट विन कैसिनो भी पाया गया।

# झारखंड नेवी यूनिट एनसीसी ने मनाया नौसेना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य की एकमात्र भारतीय नौसेना इकाई झारखंड नेवी यूनिट एनसीसी ने रविवार को भारतीय नौसेना दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह दस बजे मोरहाबादी मैदान से मोटर रैली को हरी झंडी दिखाने के साथ हुई। रैली में 70 बाइक, एक जिप्सी, दो बोलेरो, दो ट्रक और 240 नेवी एनसीसी कैडेट शामिल थे। रोड शो में नौसेना के रक्षा कर्मियों और सेवानिवृत्त नौसेना कर्मियों ने भी हिस्सा लिया। रैली खेलगांव हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में यूनिट स्थान पर समाप्त हुई। नौसेना इकाई के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट एसके अवस्थी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से कैडेटों ने जनता को नौसेना दिवस के महत्व के बारे में बताया और एनसीसी के आदर्श वाक्य 'एकता और अनुशासन' को बरकरार रखा। झारखंड नेवी



एनसीसी वरिष्ठ कैडेटों के लिए खुले नामांकन की नीति का पालन करती है और भाग लेने वाले कैडेट झारखंड के विभिन्न जिलों के विभिन्न कॉलेजों से थे। खेलगांव में कक्षा एक से 10 तक के विद्यार्थियों और कैडेटों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय देशभक्ति था। एनसीसी कैडेटों के लिए रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें एनसीसी प्रथम, द्वितीय और तृतीय वर्ष की टीमों ने भाग लिया। चित्रकला एवं रस्साकसी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित किये गये।

## उपायुक्त ने चेशायर होम के दिव्यांगजन से की मतदान करने की अपील



**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा रविवार को बारियातु रांची स्थित चेशायर होम पहुंचे। उपायुक्त ने विश्व विकलांग दिवस पर वहां रहने वाले दिव्यांगजनों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आप सभी जीवन में आगे बढ़े, देश की तरक्की में आप सभी योगदान देने के काबिल बनें ,सब मिल कर आप सभी की सहभागिता से ही एक नए भारत का निर्माण होगा। आप सभी का योगदान भारत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आप सभी खूब तरक्की करें। उपायुक्त ने वहां सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक-एक वोट भारत निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उपायुक्त ने सभी लोगों से पूछा कि आप सभी का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, की नही जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नही है, उनका नाम मतदाता सूची तुरंत दर्ज कराने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया। उपायुक्त वहां रहने वालें दिव्यांगजनों से कहा की देश की तरक्की में आप सभी योगदान देने के काबिल बनें। सब मिल कर और आप सभी की सहभागिता से ही एक नए भारत का निर्माण होगा। उपायुक्त ने सम्बंधित सभी अधिकारी को विशेष रूप से निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी योग्य व्यक्ति मतदान करने से छूटे नहीं। इसके लिए उन सभी का नाम मतदाता सूची में आवश्यक रूप से दर्ज हो यह सभी सम्बंधित अधिकारी-पदाधिकारी सुनिश्चित करें। यह सबकी दृढ़ता है, जिसका पालन सभी को करना है।

## रांची ट्रैफिक पुलिस ने चलाया ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान, छह चालक पकड़े गए



**रांची।** राजधानी ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार देर रात ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चांदनी चौक, बिरसा चौक, मुंडा चौक और लालपुर चौक के पास ड्रिंक एंड ड्राइव का चेकिंग अभियान चलाया गया। शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गए छह वाहन चालकों के खिलाफ न्यायालय में अभियोजन समर्पित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने रविवार को बताया कि ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान छह लोगों को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा गया है। सभी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि शराब पीकर वाहन नहीं चलायें। पकड़े जाने पर ट्रैफिक पुलिस वाहन जब्त करते हुए न्यायालय में अभियोजन समर्पित करेगी। साथ ही एमवी एक्ट की धारा 185 के तहत प्रथम अपराध पर 10 हजार रुपये जुमार्ना और छह माह का कारावास की सजा है। इसके बाद 15 हजार रुपये जुमार्ना और दो वर्ष का कारावास का प्रावधान है। इसके अलावा ड्राइविंग लाइसेन्स निलंबन का भी नियम है।

### राम जन्मभूमि नूतन मंदिर का चित्र और विवरण पत्रक का लोकार्पण

**रांची।** राजधानी के हरमू रोड स्थित विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत कार्यालय में रविवार को श्रीराम जन्मभूमि के नूतन मंदिर का चित्र और विवरण पत्रक का लोकार्पण हुआ। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से समस्त सनातनियों के घर-घर में दी जाने वाली श्रीराम जन्मभूमि नूतन मंदिर का चित्र, श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विवरण पत्रक और विश्व के रामभक्तों के लिए निवेदन पत्र का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विहिप के प्रांत मंत्री डॉ बिरेन्द्र साहु ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से कहा गया है कि 22 जनवरी, 2024 के शुभ दिन प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस अवसर पर अयोध्या में अभूतपूर्व आनंद का वातावरण होगा। उन्होंने कहा कि इस पुण्य काल के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने निवेदन किया है कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न समस्त सनातनी समाज अपने ग्राम, मोहल्ले, कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर में आस -पड़ोस के रामभक्त एकत्रित होकर भजन- कीर्तन करें।

# रिम्स से कुख्यात स्नैचर देवा को गोद में उठाकर ले भागी बीवी

**रांची। वरीय संवाददाता**

रांची के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में तैनात पुलिसकर्मियों की सुरक्षा में सेंध लगा है। रांची का कुख्यात स्नैचर घायल शाकिब उर्फ देवा रिम्स अस्पताल से फरार हो गया। घटना रविवार की है। बताया जा रहा है कि रविवार दिन के एक बजे देवा की पत्नी ने पुलिस को चकमा देकर एक अन्य की सहायता से देवा को गोद में उठाया और साथ लेकर फरार हो गई। रिम्स में मौजूद गई लोगों ने देवा को उसकी पत्नी के द्वारा एक दूसरे व्यक्ति की मदद से उठा कर ले जाते देखा था। उस समय उन्हें यह लगा कि उसका एक्स रे करवाने के लिए ले जाया जा रहा है ,लेकिन पूरी योजना फरार होने की थी। दोपहर दो बजे तक जब देवा को बेड पर नहीं लाया गया तो तैनात पुलिसकर्मियों



ने खोजबीन शुरू की। एक्स रे वार्ड में भी जाकर खोजा, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। सूचना मिलने के बाद दिन के तीन बजे बरियातू पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने रिम्स परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरा से फुटेज निकाला। जिसमें देवा को उसकी पत्नी एक अन्य व्यक्ति के सहयोग से लेकर भागते हुए देखा गया है। पुलिस ने आसपास में उसकी खोजबीन की। मगर उसका कुछ पता नहीं चला। मामले में जवान के बयान पर बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस जांच में जुट गई है।

**एक्स-रे का बहाना बनाकर ले गयी पत्नी :** पुलिस के अनुसार देवा का पैर टूटा हुआ था। इस वजह से तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे बेड में हथकड़ी नहीं लगाकर रखा था। देवा की सुरक्षा में दो पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। रविवार की दोपहर उसकी पत्नी एक व्यक्ति के साथ देवा से मिलने पहुंची। तैनात जवानों से कहा कि उसके पति देवा का पैर का एक्सरे कराना है। इसलिए उसे ले जाना होगा। इसके बाद पत्नी ने पहले स्ट्रेचर खोजा, मगर नहीं मिला तो फिर पत्नी नेहा अपने एक सहयोगी के साथ देवा को गोद में उठायी और लेकर भाग निकली।

**26 नवंबर को पुलिस ने किया था गिरफ्तार :** अरगोड़ा थाने की पुलिस ने चेन स्नैचिंग कर भाग रहे देवा को 26 नवंबर को गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है कि जब पुलिस ने उसकी घेराबंदी की तो देवा भागने के क्रम में सड़क पर गिर गया था।

### दो सौ से अधिक स्नैचिंग का दर्ज है मामला

शाकिब उर्फ देवा रांची का कुख्यात स्नैचर में गिना जाता है। उस पर रांची और आसपास के ग्रामीण इलाकों में दो सौ से अधिक स्नैचिंग का मामला दर्ज है। कई बार पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भी भेज चुकी है। जेल से छूटने के बाद वह फिर से स्नैचिंग करने में लग जाता था।

### रांची में खून की कमी को देखते हुए जगह-जगह लगाए गए ब्लड डोनेशन कैंप

# किसी की जान बचाना सबसे बड़ा पुण्य : भैरव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राजधानी के सेवा सदन और डोरंडा के रिसालदार बाबा मैदान के पास सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह और नदीम खान की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सैकड़ों लोगों ने शिविर में आकर रक्तदान किया। सेवा सदन में लगाए गए रक्तदान शिविर के संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह ने कहा कि 3 दिसंबर को दिव्यांग दिवस मनाया जाता है। इन्हीं दिव्यांगों के सम्मान में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता भैरव सिंह ने कहा कि जो खूब के बिना जिंदगी और मौत से लड़ रहे लोगों के लिए खून उपलब्ध करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। इससे बढ़कर कोई भी समाज सेवा नहीं होता।

**असहाय लोगों के लिए लगाया गया कैंप:** भैरव सिंह ने कहा कि आज भी दिव्यांगों को स्वास्थ्य लाभ के लिए दर-दर भटकना पड़ता है।



इसीलिए शारीरिक रूप से असहाय और बीमार लोगों के लिए रक्तदान शिविर लगाया गया है। जिसमें करीब 400 यूनिट रक्त एकत्रित कर सरकारी ब्लड बैंक में जमा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि निजी ब्लड बैंकों में खून के लिए लोगों को कीमत चुकानी पड़ती है। इसे देखते हुए फैसला लिया गया है कि सरकारी ब्लड बैंकों में खून जमा कराया जाए ताकि लोगों को मुफ्त में खून मिल सके।अमिताभ चौधरी की याद में रक्तदानः रांची के डोरंडा में रक्तदान शिविर लगाकर रक्तदान कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता नदीम खान ने बताया कि रविवार को पूर्वी झारखंड में सामाजिक कार्यकर्ता सह आईपीएस अधिकारी अमिताभ चौधरी की याद में उनकी संस्था लहू बोलेगा के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जो भी लोग आ रहे हैं वे स्वेच्छा से रक्तदान कर रहे हैं ताकि गरीबों और असहायों को समय पर रक्त मिल सके। रक्तदान शिविर में रक्तदान करने आए लोगों ने कहा कि रक्तदान महादान है और हर व्यक्ति को इसे समय-समय पर करना चाहिए।

## मजदूरों और परिजनों से मिलने सुबोधकांत पहुंचे खीराबेड़ा

**रांची/ ओरमांझी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी टनल निर्माण में फंसे ओरमांझी खीराबेड़ा के तीन मजदूर अनिल बेदिया,राजेन्द्र बेदिया व सुखराम बेदिया और खीराबेड़ा गांव से उत्तराखंड से घर लौटने वाले अन्य 5 मजदूरों और परिजनों से मिलने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय रविवार को खीराबेड़ा पहुँचे। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने टनल में फंसे तीन मजदूरों और खीरबेड़ा से मजदूरी करने गए टोटल आठ मजदूरों को शॉल उड़ा कर व मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दिया। और कहा कि उत्तरकाशी के टनल निर्माण में फंसे झारखंड के वीर पहलवान चट्टानों को तोडने वाले योद्धाओं के जज्बों को सलाम, जिन्होंने 17 दिनों तक मौत के साये में जीवन गुजारा। मजदूरों ने जिंदगी और मौत की जंग लड़कर घर वापस लौटे हैं।

## झारखंड के 11 विश्वविद्यालयों में खाली हैं अनेक पद

# जेपीएससी की ओर से 2404 असिस्टेंट प्रोफेसर की चल रही है नियुक्ति प्रक्रिया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के विश्विविद्यालयों में शिक्षक और कर्मियों की घोर कमी है। इनमें असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से 2404 असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति की तैयारी की जा रही है। हालांकि, राजभवन इसको लेकर आपत्ति जता चुका है। जेपीएससी के माध्यम से सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए पिछले दिनों अभियान भी चलाया था इसके बाबजूद कई विभागों में आज भी प्रोफेसर से लेकर सहायक प्रोफेसर की भारी कमी है। रांची विश्वविद्यालय में 1,032 स्वीकृत पदों में 688 शिक्षकों के पद खाली हैं। इसी तरह का हाल हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय का है, जहां स्वीकृत 597 पदों में से 326 खाली हैं। कोल्हन विश्वविद्यालय में 994 स्वीकृत पद हैं, जिसमें करीब 675 खाली हैं। इसी तरह सभी विश्वविद्यालय में निचले स्तर के कर्मियों की भी भारी कमी है, जिस वजह से शैक्षणिक कार्यों पर असर पड़ रहा है। इस संबंध में रांची विश्वविद्यालय के नागपुरी भाषा के पीजी विभाग के डॉ उमेश नंद तिवारी कहते हैं कि नागपुरी में चार रिक्तियां थी उसे जल्द ही भरने की प्रक्रिया शुरू की गई है लेकिन जनवरी में चार लोग सेवानिवृत्त भी होंगे। इस तरह से जब तक ये नवनियुक्त सेवा शुरू करेंगे उतनी रिक्तियां फिर से हो जायेंगी। इसी तरह से अन्य विभागों का भी हाल है।

### राज्य के प्रमुख विश्वविद्यालयों में होगी नियुक्तियां

रांची विश्वविद्यालय रांची,कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग, सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका, नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय पलामू, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी रांची, झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय रांची, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची, नेशनल लॉ युनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ रांची, झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी रांची और बिनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय कोयलांचल। एक तरफ जहां राज्य के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी है, वहीं दूसरी ओर इन खाली पड़े पदों भरने के लिए कभी भी ईमानदारी से प्रयास नहीं किया गया है। शायद यही वजह है कि राज्य गठन के 23 वर्षों में सिर्फ एक बार झारखंड पात्रता परीक्षा यानी जेट का आयोजन हुआ है। राज्य में 15 अक्टूबर 2006 को पात्रता परीक्षा हुई थी उसके बाद से एक भी पात्रता परीक्षा आयोजित नहीं हो सकी है। सहायक अध्यापकों की नियुक्ति में नेट की तरह जेट की भी मान्यता है। हालांकि, सरकार जेट परीक्षा आयोजित करने को लेकर नियमावली बनाने में जुटी है और संभावना व्यक्त की जा रही है कि आने वाले कुछ महीनों में सारी वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**आज की हैट्रिक ने 24 के हैट्रिक की...**

जनता इसी तरह से साफ कर देगी। मोदी ने भाजपा की जीत को सुशासन और विकास की जीत बताते हुए कहा कि आज देश की चारों जाति- गरीब, युवा, महिलाएं और किसान भाजपा की जीत को अपनी जीत मान रहा है। देश का युवा सिर्फ विकास चाहता है और डबल इंजन की सरकार का मैसेज जनता तक पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हर एक फर्स्ट टाइम वोटर गर्व से कह रहा है कि वो खुद जीता है। इस जीत में हर महिला अपनी जीत देख रही है। इस जीत में बेहतर भविष्य का सपना देखने वाला हर युवा अपनी जीत देख रहा है। हर वो नागरिक इसे अपनी सफलता समझ रहा है, जो 2047 में भारत को एक विकसित राष्ट्र देखना चाहता है। उन्होंने कहा, आज हर गरीब कह रहा है- वो खुद जीता है। आज हर वंचित के मन में भावना है- वो खुद जीता है। आज हर किसान यही सोच रहा है- वो खुद जीता है। आज हर आदिवासी भाई-बहन ये सोचकर खुश है कि वो खुद जीता है। दुनिया देख रही है कि जनता सोच-समझकर पूर्ण बहुमत वाली सरकार के लिए वोट कर रही है। मोदी ने कहा, लोगों को यह भरोसा हो गया है कि मोदी की गारंटी, गारंटी की भी गारंटी है और आपके सपने मेरा संकल्प है। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना की जनता का भी धन्यवाद करते हुए कहा कि हर चुनाव के बाद तेलंगाना में भाजपा का ग्राफ बढ़ रहा है और वह तेलंगाना की जनता की सेवा करती रहेगी। उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की तारीफ करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान उनके परिवार में दुखद घटना हुई, लेकिन फिर भी वह चुनाव अभियान में जुटे रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव में मेहनत करने वाले पार्टी नेताओं और कार्यकताओं को भी बधाई दी।

**धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन...**

छापेमारी भी की गई थी। छापेमारी के दौरान एसडीएम ने यह दावा किया था कि जेल के अंदर कोई भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, अमन सिंह ने कुछ दिनों पहले ही अपने स्वास्थ्य का हवाला देकर किसी निजी अस्पताल में इलाज करने के लिए गुहार भी लगाई थी। बता दें कि पूर्व डिप्टी मेयर सह कांग्रेस नेता नीरज सिंह हत्याकांड मामले में अमन सिंह जेल में बंद था। गैंगवार की इस घटना के बाद प्रशासन पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

**बीजेपी की असली लड़ाई...**

हर चुनाव के बाद सत्ता बदलने की परंपरा निभाते राजस्थान ने बीजेपी को प्रचंड बहुमत दी है। बीजेपी ने किसी भी चेहरे को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित नहीं किया था जबकि इससे पहले चार चुनाव में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को ही आगे कर चुनाव लड़ती रही थी। अब बड़ा सवाल यह है कि पार्टी किसे राजस्थान का मुख्यमंत्री बनाएगी?

वसुंधरा राजे राजस्थान की सबसे कद्दावर नेताओं में से एक हैं और उनका प्रभाव पूरे प्रदेश में है. इसके चलते वसुंधरा राजे का नाम सीएम की रेस में सबसे आगे नजर आ रहा है, लेकिन शीर्ष नेतृत्व के साथ उनके रिश्ते बहुत मधुर नहीं रहे हैं। ऐसे में वसुंधरा राजे को पार्टी फिर से मुख्यमंत्री बनाएगी इस पर संदेह है, पर जिस तरह से वसुंधरा गुट के सभी नेता जीतकर आए हैं, उससे चलते उन्हें सिरे से नकारना भी आसान नहीं है।

वसुंधरा राजे का विकल्प तलाशना आसान नहीं है, लेकिन बाबा बालकनाथ, दीया कुमारी और गजेंद्र सिंह शेखावत जैसे नेता भी दौड़ में समझे जा रहे हैं. बालकनाथ और दिया कुमारी को बीजेपी ने सांसद रहते हुए विधानसभा का चुनाव लड़ाया और दोनों ही नेता जीतकर आए हैं। दिया कुमारी राज परिवार से हैं, महिला हैं और राजपूत समुदाय से ही आती हैं इसलिए राजस्थान की राजनीति में फिट बैठ रही हैं और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ भी बेहतर तालमेल हैं, लेकिन राज घराने से होना उनके सियासी राह में बाधा बन सकती है।

बालकनाथ राजस्थान में बीजेपी के हिंदुत्व के पोस्टर बॉय हैं और सीएम पद के सर्वे में नंबर एक पर थे। बीजेपी ने जिस तरह से यूपी में सीएम की कुर्सी योगी आदित्यनाथ को सौंपी थी, उसी आधार पर अगर पार्टी फैसला करती है तो फिर महंत बालकनाथ के सितारे चमक सकते हैं। बीजेपी इस बार हिंदुत्व के पिच पर चुनावी मैदान में उतरी थी। सीएम पद के दावेदारों में केंद्रीय गजेंद्र सिंह शेखावत का नाम भी आता है. राजस्थान में अशोक गहलोत के खिलाफ सबसे ज्यादा मोर्चा खोलने वाले नेताओं में गजेंद्र सिंह शेखावत का नाम आगे है बीजेपी नेतृत्व के भी प्रिय नेताओं में गिने जाते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री पद के रेस में शेखावत को भी माना जा रहा है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि बीजेपी ने वसुंधरा राजे को इग्नोर करके क्या दिया कुमारी, बालकनाथ या फिर गजेंद्र सिंह शेखावत को सीएम बनाने का काम करेगी?

**छत्तीसगढ़ में कौन बनेगा मुख्यमंत्री?**

छत्तीसगढ़ में भी अंतोगत्वा हुई जीत राजस्थान और मध्य प्रदेश से भी ज्यादा बड़ी मानी जा रही है, क्योंकि कांग्रेस बहुत की आत्मविश्वास से भरी थी और आरंभिक रुझानों से ऐसा लगा भी था। सीएम भूपेश बघेल का सामना करने के लिए पर्दे के पीछे पड़े डॉ रमन सिंह को बहुत बाद में लाना पड़ा था। बघेल सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर भी सार्वजनिक रूप से दिख नहीं रही थी। इसके बाद भी बीजेपी ने जिस तरह से जीत दर्ज की है उसका श्रेय पीएम मोदी को जाएगा।

बीजेपी ने छत्तीसगढ़ में किसी भी नेता को सीएम पद का चेहरा घोषित नहीं किया गया था। अपने परंपरागत सीट से चुनाव जीतने वाले डॉ. रमन सिंह सीएम पद पर अपनी दावेदारी खुलकर पेश नहीं कर पा रहे थे पर जीत का श्रेय पीएम मोदी को दिया और साथ ही उन्होंने अपने 15 साल के कार्यकाल को जोड़कर सीएम पद की दावेदारी पेश कर दी है।

छत्तीसगढ़ में रमन सिंह बीजेपी के सबसे कद्दावर नेताओं में है, पर उनकी 71 साल की उम्र सीएम की कुर्सी में बाधा बन सकती है बीजेपी की नजर लंबी रेस के घोड़े पर है। भूपेश बघेल के खिलाफ ओबीसी दांव खेला गया था और पार्टी संगठन की कमान सांसद अरुण साव को मिली थी। उन्हें भी सीएम के रेस में माना जा रहा है। साल 2003 में भी बीजेपी ने सीएम चेहरा घोषित नहीं किया था और चुनाव जीतने के बाद तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष रमन सिंह को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी थी। इस हिसाब से बीजेपी की सरकार बनती है तो मुख्यमंत्री पद पर प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का दावा मजबूत माना जा रहा है। सीएम पद के तीसरे दावेदारों में रायपुर दक्षिण विधानसभा सीट से सात बार के विधायक बृजमोहन अग्रवाल का नाम आता है जो इस बार वह आठवीं बार चुनाव जीतने में सफल रहे। रमन सिंह सरकार में मंत्री रहे अग्रवाल स्वच्छ छवि के सरल-सहज नेता माने जाते हैं पर छत्तीसगढ़ के राजनीतिक समीकरण में फिट नहीं बैठते हैं। सीएम के लिए बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय का नाम भी रेस में शामिल माना जा रहा है। विजय बघेल और रेणुका सिंह को भी सीएम पद का दावेदार माना जा रहा था, लेकिन विजय बघेल चुनाव हार गए हैं रेणुका सिंह आदिवासी समुदाय से आती हैं, लेकिन क्या पार्टी उन्हें सीएम बनाएगी? इन सभी के निर्णय का असर अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव पर पड़ेगा इसलिए पार्टी फूंक -फूंककर कदम रखेगी।

